हनुमानगढ़ जंक्शन
शुक्रवार 5 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण अमावस्या सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 181 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

शेयर बाजार

सेंसेक्स	80,049.67	+62.88
निफ्टी	24,302.15	+15.65
डॉलर	83.51	

हनुमानगढ़ का तापमान

न्यूनतम 27° अधिकतम 36°

शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर गतिरोध, विपक्ष का वॉकआउट

विधानसभा सत्र का दूसरा दिन भी हंगामेदार, सदन स्थगित, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बोले-आदिवासी हिंदू हैं और रहेंगे भी

जयपुर. बजट सत्र के दूसरे दिन भी विधानसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा देखने को मिला। आदिवासियों के डीएनए जांच वाले बयान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से माफी मंगवाने और इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष ने गुरुवार को सदन से वॉकआउट किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दिलावर ने बयान पर माफी नहीं मांगी है, सीएम ने उनसे इस्तीफा भी नहीं लिया। हमारी दो ही प्रमुख मांग हैं। इन दोनों मुद्दों को लेकर विपक्ष से आज सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। विधानसभा की कार्यवाही 10 जुलाई को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। अपने बयान को लेकर दिलावर ने कहा- आदिवासियों ने हमारी संस्कृति को बचाया है। आदिवासी समाज के बारे में कोई नकारात्मक चर्चा करना मेरे मन में कभी नहीं रहा। मैं यह जानता हूं कि अनादि काल से इस देश में आदिवासी रहता आया है और आदिवासी समाज का सब सम्मान करते हैं। मैंने बिरसा मुंडाजी का नाम भी सुना और पढ़ा है। बिरसा मुंडा भगवान के नाम से जाने जाते हैं, ऐसे समाज के बारे में मेरे बारे में जो कहा जा रहा है वह कदापि सही नहीं है। दिलावर बोले-मेरे से पत्रकार ने पूछा था कि सांसद राजकुमार रोत ने ऐसा कहा है कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं, तो मेरा मंतव्य यह था कि आदिवासी हिंदू हैं, हिंदू रहेंगे। आदिवासी समाज अनादिकाल से पृथ्वी पर रहता आया है, हम सब आदिवासी ही हैं। दिलावर ने कहा-हम सब आदिवासी हैं, क्योंकि हम आदिकाल से यहां रहते आए हैं। मैं आदिवासी महापुरुषों को प्रणाम करता हूं, नमन करता हूं और मैं श्रद्धा से उनका नाम लेता रहता हूं। जब उन्होंने दोबारा पूछा कि वो तो अपने आप को हिंदू नहीं मानते हैं तो मैंने जो कहा वह प्रासंगिक है कि नहीं कि वंशावली दिखवा लेंगे। मेरे से वह शब्द नहीं निकलना चाहिए था।

पिछले राज में जेबें भरने पर जोर दिया: डेयरी मंत्री

विधानसभा में आज रीको और डेयरी के प्रगति प्रतिवेदनों पर कांग्रेस विधायकों की गैर मौजूदगी में बहस की गई। कांग्रेस विधायक बायकॉट करके सदन से चले गए थे। रीको और डेयरी पर बहस के दौरान बीजेपी विधायकों ने कांग्रेस राज के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा-पिछली सरकार ने जेबें भरने पर ध्यान दिया, लेकिन डेयरी के विकास की दिशा में ठोस काम नहीं किया। भ्रष्टाचार की बात आई। डेयरी में कहीं भी मिलावट और करप्शन की शिकायत आए तो सीधे मुझसे बात करें। हम मिलावटखोरी और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। कोई कितना ही प्रभावशाली हो, हम उसके खिलाफकार्रवाई करेंगे।

गहलोत ने राहुल गांधी को कहा 'मंदबुद्धि बालक'

विधानसभा में कांग्रेस के बहिष्कार के बाद सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने जुबानी हमला बोला। मंत्री गहलोत ने राहुल गांधी को मंदबुद्धि बालक कह दिया। गहलोत ने कहा-राहुल गांधी एक तरफतो कहते हैं डरो मत और दूसरी तरफ ये कांग्रेसी सदन से डरकर भाग रहे हैं। आप सदन में चर्चा में भाग लीजिए। आपके 'मंदबुद्धि बालक' राहुल गांधी ... शेष पेज 9 पर

विपक्ष से ज्यादा हमलावर होगा सत्तापक्ष!

विधानसभा में सवाल पूछने में आगे हैं भाजपा विधायक, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाने वाले 148 में 80 विधायक बीजेपी के

जयपुर. राजस्थान विधानसभा में इस बार चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। बजट सत्र में सरकार से जवाब मांगने में कांग्रेस से आगे बीजेपी के विधायक है। नियम 131 के तहत कुल 148 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाए गए हैं। इनमें 80 तो केवल बीजेपी विधायकों ने लगाए हैं। बीजेपी के पांच विधायकों के ही 60 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लग चुके। इसके अलावा 2314 सवाल लग चुके हैं। इनको पूरा करने के लिए अधिकतम बैठकें होनी आवश्यक हैं, लेकिन सदन की कार्य सलाहकार समिति ने कुछ और ही निर्णय कर दिया। कमेटी ने सदन की कार्रवाई ही 10 जुलाई को बजट तक सिर्फ 2 दिन चलाने का फैसला किया है। इससे तो सारे मुद्दे गोल हो जाएंगे। गौरतलब है कि मालवीय नगर विधायक कालीचरण... शेष पेज 9 पर

राजस्थान को 'औद्योगिक प्रदेश' बनाएगी सरकार: राठौड़

विधानसभा में रीको के वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा: उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राठौड़ ने दी जानकारी

जयपुर. उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को 'औद्योगिक राज्य' बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार का संकल्प भी है और स्पष्ट नीति और नीयत भी है। उन्होंने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए उद्योग बहुत जरूरी होते हैं। जिस देश या राज्य में उद्योग और निवेश आते हैं, वहां अर्थव्यवस्था सुधरती है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री गुरूवार को विधानसभा में राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम लिमिटेड (रीको) के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 पर विचार के दौरान अपना वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में उद्योग और निवेश के रास्ते खोले गए हैं। उसी का परिणाम है कि आज दुनियाभर के उद्यमी भारत में निवेश करना चाहते हैं। देश को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के उद्यमियों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि अब हम राजस्थान को औद्योगिक रूप से बदलेंगे। 'आत्मनिर्भर भारत' के साथ 'आत्मनिर्भर राजस्थान' भी बनेगा। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि औद्योगिक उन्नति के लिए नीति, नीयत और दृष्टि का होना बहुत जरूरी है। हम राजस्थान को आगे ले जाना चाहते हैं। इसके लिए राज्य सरकार सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल ग्रोथ लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि हम वास्तविक बिजनेसमैन को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उद्यमियों को सुविधा की ... शेष पेज 9 पर

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा का इस्तीफा

एक धार्मिक कार्यक्रम में किया खुलासा, कहा-वचन निभाना ज्यादा जरूरी

जयपुर. राज्य के कृषि मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। आज एक धार्मिक कार्यक्रम में एक प्राइवेट चैनल से बातचीत के दौरान उन्होंने इसकी जानकारी दी। मीणा ने कहा वे दो दिन से दिल्ली में थे। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री ने बातचीत के लिए बुलाया था, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। मीणा ने कहा कि उनकी संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं है। मैंने इस्तीफा देने का कहा था, इसलिए मुकर नहीं सकता। कार्यक्रम में मीणा ने आज की राजनीति पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा आज की राजनीति भगवान राम के जैसी है ये संभव नहीं है, लेकिन राजनीति को इस ओर मोड़ना होगा। दरअसल, किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि उन्हें जिन सीटों की जिम्मेदारी मिली है अगर वो हारते हैं तो इस्तीफा दे देंगे। नतीजों के बाद मीणा पर इस्तीफा देने का दबाव था। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी कहा था कि मीणा पीछे नहीं हटेंगे, इस्तीफा जरूर देंगे। किरोड़ी ने कहा जैसा कि आप लोग जानते हो कि अथक परिश्रम के बाद भी मैं अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पार्टी को जीता नहीं सका। मैंने चुनाव के दौरान घोषणा कर दी थी। उस घोषणा को मैंने पूरा किया है। दिन-रात मैंने जनता के लिए संघर्ष किया। ना दिन देखी, ना रात, लेकिन जनता ने मेरी नहीं मानी। मुझे निराश किया, इसलिए मैंने अंतरात्मा की आवाज से पद छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मेरी मुख्यमंत्री से कोई शिकायत नहीं है ना ही कोई संगठन से शिकायत है। ना ही कोई अपेक्षा है और ना ही मुझे कोई पद चाहिए। ईमानदारी से कह रहा हूं, मैं अपनी पार्टी को जीत नहीं दिला पाया। मेरी यह असफलता है और उसी असफलता के... शेष पेज 9 पर

हेमंत सोरेन ने फिर संभाली झारखंड की कमान

तीसरी बार ली सीएम पद की शपथ, जेल से छूटने के छह दिन बाद बने मुख्यमंत्री

नई दिल्ली. हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने। जेल से निकलने के छठे दिन ही उन्होंने राज्य की कमान एक बार फिर से अपने हाथ में ले ली है। 24 साल के झारखंड में वे 13वें सीएम बन गए। इसके साथ ही तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ लेने वाले वे तीसरे सीएम बन गए हैं। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं। हेमंत सोरेन के इस शपथ को इसलिए भी खास माना जा रहा है कि 31 जनवरी को जिस राजभवन से उनकी गिरफ्तारी हुई थी, 156 दिन बाद दोबारा फिर से उन्होंने वहीं शपथ ली। हेमंत सोरेन इसे अपनी जीत और बीजेपी के षड्यंत्र की हार बता रहे हैं। शपथ ग्रहण के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान महागठबंधन की सरकार ने 2019 से जनता की भावनाओं के अनुरूप सारी कार्य योजनाएं कीं। राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच चंपाई सोरेन ने उसे आगे बढ़ाया क्योंकि मैं जेल में था। आज कोर्ट के आदेश से मैं बाहर आ पाया हूं। पुनः अपने कार्यभार को संभालते हुए ...

अब शपथ लेने के बाद नारे नहीं लगा सकेंगे सांसद

स्पीकर ओम बिरला ने किया नियमों में बदलाव

नई दिल्ली. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा में सांसदों के शपथ के नियमों में बदलाव किया है। नए नियम के मुताबिक, अब सांसदों की शपथ के बाद अब कोई भी नारा लगाने की अनुमति नहीं होगी। ओम बिरला ने 'अध्यक्ष के निर्देशों' में 'निर्देश-1' में एक नया क्लॉज जोड़ा है। इसके मुताबिक, अब सदस्य सिर्फ शपथ लेंगे और शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान वे किसी भी अन्य शब्द या किसी मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। दरअसल, 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन सांसदों के शपथ ग्रहण के दौरान सांसद ओवैसी ने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया था।...

सब स्टैण्डर्ड दही बेचने पर अल्पना नमकीन व रेस्टोरेंट पर तीन लाख का जुर्माना

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान
एक माह के अंदर राशि जमा करवाने के दिए आदेश

न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जंक्शन में रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित अल्पना नमकीन व रेस्टोरेंट पर सब स्टैण्डर्ड दही बेचने पर तीन लाख का जुर्माना लगाया है। न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट उम्मेदी लाल मीना ने अपने फैसले में बताया कि व्यापारी ने सब स्टैण्डर्ड दही का विक्रय करके खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। यह कृत्य लोक स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर अपराध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गत 25 जुलाई 2023 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने जंक्शन में रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित अल्पना नमकीन व रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया तथा आमजन को विक्रय की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की। ऐसे में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद फ्रिज में प्लास्टिक की बाल्टी में रखी 25 किलोग्राम दही में मिलावट का शक होने की सम्भावना जताई। उन्होंने बाल्टी में रखी दही को अच्छी तरह मिलाकर उसके सैम्पल संग्रहित किए एवं उसे जांच के लिए बीकानेर की जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भिजवाया गया। प्रयोगशाला से 7 अगस्त 2023 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें दही का सब स्टैण्डर्ड होना पाया गया। इसकी सूचना अल्पना नमकीन व रेस्टोरेंट के मालिक अनिल कुमार... शेष पेज 9 पर

अग्रवाल समाज समिति ने दी नोहरचंद अग्रवाल को श्रद्धांजलि

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

अग्रवाल समाज समिति इकाई हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा गुरुवार को समाज संस्थापक नोहरचंद अग्रवाल की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को समस्त कार्यकारणी द्वारा स्वर्गीय नोहर चंद अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजलि दी। उक्त सभा मे अग्रवाल समाज समिति के संस्थापक व अध्यक्ष एवं विधायक गणेशराज बंसल व संस्थापक देवेंद्र अग्रवाल वर्चुवल जुड़े ओर नोहरचंद अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी। अग्रवाल समाज समिति सचिव अमरनाथ सिंगला ने बताया कि समाज को एकजुट कर अग्रवाल समाज समिति की स्थापना करने ... शेष पेज 9 पर

स्पेस में जाने से पहले मणिपुर जाएं नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री: जयराम

कांग्रेस नेता जयराम रमेश का प्रधानमंत्री मोदी पर तंज

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पेस जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने तंज कसा है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री को स्पेस में जाने से पहले मणिपुर जाना चाहिए।' जयराम रमेश ने कहा, '1 अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मणिपुर में संवैधानिक तंत्र खत्म हो गया है। कोर्ट ने फिर कहा कि वह राज्य सरकार पर भरोसा नहीं कर सकती। फिर भी नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री बातों के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।' इससे पहले जयराम रमेश ने कहा था कि मणिपुर 3 मई 2023 से जल रहा है। विभिन्न समुदायों के बीच हिंसा हुई है। सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों... शेष पेज 9 पर

एफसीआई एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बने डॉ. मोहित टांटिया

तेज. रिपोर्टर. श्रीगंगानगर। टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया को भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की राजस्थान एडवाइजरी कमेटी में सदस्य मनोनीत किया गया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अवर सचिव ने गत दिवस इस आशय के आदेश जारी किए हैं। यह कमेटी प्रदेश में खाद्यान्न की खरीद, भंडारण, वितरण आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उल्लेखनीय है कि डॉ. टांटिया केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटोर डिसेबिलिटीज (एनआईएलडी) की कार्यसमिति में भी सदस्य हैं। उच्च शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सराहनीय काम कर रहे डॉ. मोहित टांटिया सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

पीरकामड़िया में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, कलक्टर ने संवेदनापूर्वक सुने आमजन के परिवाद

विद्यालयों में दोपहर के खाने में चखी खीर, घग्घर का किया निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए संवेदनशील है। उनके निर्देशों पर राज्य में त्रिस्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में जुलाई के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर काना राम ने टिब्बी ब्लॉक के पीरकामड़िया ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की तथा पंचायत परिसर में पौधारोपण भी किया। जनसुनवाई से पहले जिला कलक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाहडू और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चक बूडसिंहवाला का निरीक्षण किया। विद्यालयों में पौधारोपण महाअभियान के लिए गड्ढों की खुदाई, पौधों की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया। विद्यालयों में मिड डे मिल के तहत दोपहर के खाने में बनी खीर को स्वयं चखकर जांचा। जनसुनवाई के बाद पीरकामड़िया तथा पन्नीवाली में के नजदीकी घग्घर तटों का निरीक्षण किया। जनसुनवाई में आमजन ने आवास योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करवाने, अतिक्रमण तथा कब्जे को लेकर, पेंशन जारी करवाने तथा पेयजल व विद्युत सप्लाई को लेकर परिवाद सौंपे। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक परिवादी को अपने सामने कुर्सी पर बैठाकर ना केवल एक-एक परिवादी को ध्यानपूर्वक सुना बल्कि संबंधित अधिकारियों को संवेदनापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में 23 से अधिक परिवेदनाए मिली।

प्रत्येक सोमवार को जिला चिकित्सालय में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए शिविर

दिव्यांगता प्रमाण पत्र से संबंधित आए परिवाद में जिला कलक्टर कानाराम ने ... शेष पेज 9 पर

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर
त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

वार्ता का निमंत्रण ठुकराया, सूरतगढ़ में आज बंद

छात्र को अवैध हथियार के मामले में फंसाने का प्रकरण, अनेक संगठनों ने किया बंद का समर्थन

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

द्वितीय वर्ष के छात्र और हैंडबॉल के स्टेट प्लेयर एक युवक को अवैध हथियार के मामले में फंसाने के बहुचर्चित प्रकरण को लेकर कल शुक्रवार को सूरतगढ़ में पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। अनेक संगठनों ने बंद का समर्थन किया है। बंद को टालने की गरज से पुलिस द्वारा आंदोलन कर रहे लोगों के शिष्टमंडल को आज वार्ता करने के लिए बुलाया गया। वार्ता के निमंत्रण को ठुकरा दिया गया। आंदोलनकारियों का कहना है कि अभी तक पुलिस अधीक्षक गौरव यादव द्वारा नियुक्त किए गए जांच अधिकारी डीएसपी विष्णु खत्री ने पीड़ित छात्र से पूछताछ नहीं की है। उन्हें नहीं पता कि इस मामले की जांच की भी जा रही है या नहीं। आज निमंत्रण दिया गया कि सूरतगढ़ के डीएसपी वार्ता करना चाहते हैं।आंदोलनकारी के मुताबिक जब इस सारे मामले की जानकारी उच्च स्तर के पुलिस अधिकारियों को दी जा चुकी है तो फिर डीएसपी से बातचीत करने का कोई औचित्य नहीं है।अभी तक पुलिस ने सूरतगढ़ के सिटी थाना प्रभारी सीआई सुरेश कस्वां को ना तो निलंबित किया है और ना ही छात्र प्रदीप शर्मा को मुकदमे में फंसाने के लिए रचे षड्यंत्र में शामिल थाना प्रभारी समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बीच बंद का समर्थन करने वाले संगठनों की सूची निरंतर बढ़ती जा रही है। सूरतगढ़ के तमाम व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक और भाजपा को छोड़कर बाकी सभी राजनीतिक दलों ने कल के बंद का समर्थन किया है।यही नहीं निजी शिक्षण संस्था ने भी बंद का समर्थन कर दिया है। सूरतगढ़ में छोटी बड़ी लगभग 150 निजी शिक्षण संस्थाएं हैं। महाविद्यालयों में कल बीएड की परीक्षा है। आंदोलनकारियों के मुताबिक महाविद्यालयों की प्रबंधन समितियों द्वारा भरोसा दिलाया गया है कि कल परीक्षा के अलावा महाविद्यालय में शिक्षण कार्य नहीं होगा। इस आंदोलन को उनका भी नैतिक समर्थन है। बरसंघ ने भी समर्थन किया है। कल शुक्रवार सुबह शहर के महाराणा प्रताप चौक में धरना दिया जाएगा। इसी स्थल पर आमसभा होगी, जिसमें पुलिस और अन्य लोगों ने किस तरह से एक निर्दोष छात्र को अवैध देसी कट्टा रखने के मुकदमे में फंसाया गया, इसकी पूरी जानकारी दी जाएगी। इस बीच यह जानकारी भी मिली है कि भाजपा के जिलाध्यक्ष शरणपालसिंह की अगुवाई में भाजपाइयों का भी एक प्रतिनिधिमंडल कल बुधवार को जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक से मिला। इस प्रतिनिधि मंडल ने भी मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच की जाकर छात्र प्रदीप शर्मा को न्याय दिया जाए। यह कांड करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएं। उल्लेखनीय है कि विगत 23 जून को सरदारपुर खर्था गांव में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हो गया था।पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों पक्षों के कई व्यक्तियों को धारा 151 में हिरासत में लिया। इनमें एक कमलेश नामक व्यक्ति भी था जो कि सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट में कर्मचारी है। उसके पास देसी कट्टा मिला था। पुलिस ने उस पर मुकदमा दर्ज नहीं किया। कमलेश के भाई सुरेंद्र सहारण जो की एक मिल्क डेयरी का संचालक है,उसने पुलिस के साथ सांठ-गांठ कर अपनी डेयरी में काम करने वाले प्रदीप शर्मा निवासी कनवानी तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ को अगले दिन सूरतगढ़ सिटी थाने में बुलाकर उसी के कब्जे से अवैध देसी कट्टा बरामद होने का मुकदमा दर्ज करवा दिया जबकि इस पूरे मामले से उसका कोई लेना देना ही नहीं है।

मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। स्थानीय आदर्शनगर पार्क के पास से लगभग डेढ़ महीना पहले राज कुमार नामक व्यक्ति के चोरी हुए मोटर साइकिल के मामले की जांच कर रहे केंद्रीय बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई स्वर्ण सिंह ने पुरानी आबादी के एक युवक हुकुमचंद को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपी नीरज और सुमित पूर्व में पकड़े जा चुके हैं। हुकुमचंद मोबाइल और चेन स्नेचिंग की घटनाओं में पूर्व में पकड़ा जा चुका है।

स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए अध्यापक जा रहे हैं घर-घर

अनेक स्कूल नहीं विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित

तेज. रावतसर | ओम पारीक

सरकारी स्कूलों में राज्य सरकार नामांकन बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।अध्यापक घर-घर सर्वे कर बच्चों को विधालय से जोड़ने का प्रयास कर रहे है।वही जमीनी हकीकत पर कई विद्यालय विधार्थियों के लिए सुरक्षित नही है। ऐसा ही मामला रावतसर क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 23 डीडब्ल्यूडी (1) में देखने को मिला। 23 डीडब्ल्यूडी के इस स्कूल में एक बेआसरा गौवंश स्कूल में बनी पानी की कुंड पर चढ़ गया जिस वजह से कुंड की छत गिर गई व गौवंश कुंड में जा गिरा। सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे व जेसीबी की मदद से गौवंश को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत यह रही की इस हादसे के दौरान स्कूल के विद्यार्थी कुंड के पास नहीं थे जिस वजह से बड़ा हादसे नहीं हुआ। इतना ही नहीं शिक्षा विभाग का भी ध्यान इस स्कूल की तरफ नहीं है। स्कूल में निर्मित 4 कक्षा कक्षों में से 2 कक्षा कक्ष जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच चुके है। दोनो कमरों की छत नकारा हो चुकी है जो कभी भी यहां पढ़ने वाले 54 विद्यार्थियों व 7 विद्यालय स्टाफ के लिए खतरा बन सकती है। कक्षा कक्षों के अभाव में विधार्थियों को इस भीषण गर्मी व उमस में बाहर पढ़ने के लिए बैठना मजबूरी बन गई है। ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाले इस विद्यालय के लिए ग्राम पंचायत को भी इस समस्या से अवगत करवाया गया लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात। इतना ही नहीं पीईईओ 29 डीडब्ल्यूडी व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भी इस समस्या के बारे में अवगत करवाया गया लेकिन शिक्षा विभाग शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में है।

नाईवाला की श्रीराम कॉलोनी में सरेआम दिन में चोरी

परिवार गया हुआ था धार्मिक स्थल पर सेवा करने

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सदर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत चक 5- ई (छोटी) के गांव नाईवाला में श्रीराम कॉलोनी में दिनदहाड़े एक सूने मकान में चोरी की वारदात हो गई। पुलिस के मुताबिक श्रीराम कॉलोनी निवासी पवन कुम्हार द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पवन ने पुलिस को बताया कि विगत 29 जून को उसका परिवार रविदासनगर में एक धार्मिक स्थल पर सेवा कार्य करने के लिए गया था। परिवारजन दोपहर 3 बजे वापस आए तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर कमरों में अलमारी व संदूक के भी ताले टूटे हुए थे। इनका सारा सामान इधर-उधर बिखेर रखा था। घटना की सूचना दिए जाने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। पवन ने घर का सामान संभालने के बाद कल बुधवार को रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके घर से सोने का एक ओम, तीन अंगूठियां,दो लॉकेट,तीन कोके,एक जोड़ी बालियां, 10 तोला चांदी की पाजेब जोड़ी और 50 हजार रुपए गायब हैं। उसके घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में घटना के दिन एक व्यक्ति संदीप रूप से आते-जाते दिखाई दिया है। पवन के मुताबिक बाद में पता चला कि युवक का चोरी से कोई लेना देना नहीं है लेकिन कुछ ही दूरी पर लगे एक अन्य सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दोपहर लगभग 3 बजे कैपरी पहने एक व्यक्ति दीवार कूद कर घर के अंदर जाते और फिर बैग लेकर बाहर जाते दिखाई दिया है।इसी व्यक्ति पर चोरी करने का शक है। इसके साथ दो और व्यक्तियों के बीच चोरी में शामिल होने की संभावना है। पुलिस फुटेज के आधार पर कर का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

बीस अक्टूबर से नरमा की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग

» भारतीय किसान संघ ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

हनुमानगढ़। बीस अक्टूबर से नरमा की सरकारी खरीद शुरू करने सहित विभिन्न मांगों के संबंध में भारतीय किसान संघ प्रतिनिधियों ने गुरुवार को जिला कलक्टर कानाराम को ज्ञापन सौंपा। संघ जिलाध्यक्ष प्रतापसिंह सूडा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बाजरा की सरकारी खरीद के लिए राज्य सरकार को अवगत करवाने, नरमा की सरकारी खरीद के लिए समय रहते तैयारी करने के लिए सीसीआई से अभी से पत्र व्यवहार करने, जिले की सभी धानमंडियों में 20 अक्टूबर से नरमा की सरकारी खरीद सुनिश्चित करने, मूंग की सरकारी खरीद 15 सितम्बर से व मूंगफली की सरकारी खरीद 1 अक्टूबर से शुरू करने, गेहूं से पहले सरसों की सरकारी खरीद के रजिस्ट्रेशन शुरू करने तथा सरसों की सरकारी खरीद 15 मार्च से शुरू करने, सरकारी खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए जनआधार की बाध्यता समाप्त कर खरीद के लिए जमाबंदी तथा आधार कार्ड को मान्य दस्तावेजों में शामिल करने, जिले की सभी धानमंडियों में नोहर-भादरा की तरह ही तुलवाई मजदूरी वजन पर तय करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखने, नरमा की तुलवाई धर्मकांटे से करवाने की मान्यता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार को अवगत करवाने, हर धानमंडी में दो-तीन जगह वाटर कूलर लगवाने तथा जिस धानमंडी में अन्नपूर्णा रसोई चल रही है वहां थाली की संख्या बढ़ाए जाने आदि की मांग की।

अधिवक्ता से मारपीट और अभद्रता करने वालों की गिरफ्तारी नहीं होने पर बार संघ ने आक्रोश व्यक्त किया

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर बार संघ ने पिछले दिनों अनूपगढ़ जिले के रायसिंहनगर में एक वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर बारूपाल से कुछ लोगों द्वारा मारपीट और दुर्व्यवहार किए जाने की घटना में अभी तक पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर आक्रोश जाहिर किया है। बार संघ के अध्यक्ष विजय चावला की अगुवाई में अधिवक्ताओं के एक दल ने आज पुलिस अधीक्षक गौरव यादव को एक ज्ञापन दिया, जिसमें मांग की गई कि अधिवक्ता किशोर बारूपाल से मारपीट और अभद्र व्यवहार करने वालों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। इस मामले में ढिलाई बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस घटना को लेकर रायसिंहनगर में अधिवक्ताओं द्वारा लगातार कार्य बहिष्कार धरने प्रदर्शन किये जा रहे हैं। इसके समर्थन में श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिले के तमाम अधिवक्तागण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।बार संघ ने मांग की है कि किशोर बारूपाल से मारपीट करने वालों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए।विजय कुमार चावला के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिले प्रतिनिधिमंडल मे लखवी मान सचिव, उमाशंकर उपाध्यक्ष,इंद्रजीत बिश्नोई पूर्व अध्यक्ष,महावीर मिड्ढा, पवन गोदारा,अनुज बिश्नोई, विक्रम गोदारा और रवि कालडा आदि अधिवक्ता शामिल रहे। रायसिंहनगर में अधिवक्ताओं ने आज चौथे दिन भी कार्य बहिष्कार जारी रखा। रायसिंहनगर बार संघ ने कहा है कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

बंदरों का आतंक, आमजन में खौफ बरकरार

तेज. रिपोर्टर |भादरा

गांधी पार्क व साहवा बस स्टेंड, न्यायलय परिसर, जोतवानी अस्तपाल व बीकानेर अस्तपताल के आस पास के मकानों व इलाको में गत लम्बे समय से बंदरो के आतंक से आमजन परेशान है। इस इलाको में सब्जी व फलों की रेहड़ी लगाने वाले, दुकानदार भी इनसे परेशान है। जो मौका मिलते ही सामान उठा ले जाते है। उपयुक्त इलाको में गत एक सप्ताह से बंदरो से अनेकों नागरिक घायल हो कर लहू लुहान हो चुके है। बंदरों के आतंक से लोगों को अपने ही घर में नजरबंद रहना पड़ रहा है। बच्चे बाहर खेलने की बजाय घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। बंदर इतने स्मार्ट हो चुके हैं कि दरवाजों के लॉक को भी खोल लेते हैं और घर में घुसकर धमाचौकड़ी करते हैं। बंदरो से परेशान नागरिकों का कहना है कि कस्बे में कई सालों से आतंक मचा रहे उत्पाती बंदरों का उत्पात दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि यह बंदर अब तक कई महिला, पुरुष और बच्चों को काटकर घायल कर चुके हैं। बंदरों का आतंक इतना ज्यादा बढ़ गया है कि बच्चे और महिलाओं ने घरों की छतों पर जाना तक बंद कर रखा है। लोग अपने कपड़े भी छतों पर नहीं सुखा पाते हैं। यही नहीं अगर घरों के दरबाजे खुले रह जाए तो बंदर घर के अंदर रखे सामान को तोड़-फोड़कर खाद्य सामग्री को उठाकर और छीनकर ले जाते है। लेकिन जिम्मेदार इन बंदरों को पकड़ने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे हैं। स्थानीय सयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष चम्पालाल गोयल व ओम सिंह राठौड़ व अन्य पदाधिकारी ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर भादरा नगर में बन्दरो को पकड़ कर अन्य स्थान पर भेजने का ज्ञापन भी उपखंड अधिकारी को सौंपा था।

रिकवरी एजेंट पर मारपीट कर ई- रिक्शा छीन ले जाने का आरोप

श्रीगंगानगर। एक फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट पर मारपीट का ई-रिक्शा छीन ले जाने के आरोप में कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार मटीली राठान निवासी कुलवंतसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर संदीप बराड़ तथा 7-8 अन्य व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पवनसिंह ने बताया कि उसने एक फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस पर ई-रिक्शा ले रखा है। उसकी तरफ फाइनेंस कंपनी की कोई किश्त बकाया नहीं है। वह 25 जून को ई-रिक्शा लेकर रविंद्र पद पर भगतसिंह चौक के पास से जा रहा था। तभी संदीप बराड तथा सात,-आठ अन्य व्यक्ति आये,जिन्होंने मारपीट कर ई- रिक्शा छीन लिया।यह लोग उसका ई-रिक्शा लेकर चले गए।पुलिस को कुलवंत सिंह ने बताया कि उसने जिस फाइनेंस कंपनी से ई-रिक्शा फाइनेंस करवाया है, संदीप बराड और उसके साथ आए लोग इस कंपनी के रिकवरी एजेंट नहीं है। वैसे भी रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की गाइडलाइन है कि लोन लेने वालों को परेशान नहीं किया जा सकता। घटना की जांच डीएसपी (अजा/जजा) विष्णु खत्री द्वारा की जा रही है।

संदिग्ध गतिविधि की फिराक में पांच व्यक्ति गिरफ्तार

हनुमानगढ़। भादरा थाना पुलिस ने होटल में संदिग्ध गतिविधि की फिराक में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई धारा 170 बीएनएसएस के तहत की गई है। भादरा पुलिस थाना प्रभारी हनुमाना राम बिश्नोई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान की निरंतरता में थाना के एएसआई महावीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम बुधवार रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने होटल में संदिग्ध गतिविधियों की कार्रवाई करने की फिराक में मिले संजय कुमार (22) पुत्र रामू नायक निवासी बकरियांवाली पीएस जमाल जिला सिरसा, दिनेश कुमार (25) पुत्र सतपाल नाई निवासी निनाण पीएस भिरानी, रोहित (28) पुत्र ब्रह्मपाल वाल्मीकि निवासी वार्ड 19, भादरा, अमित कुमार (22) पुत्र सुभाष जाट निवासी जनाणा पीएस भिरानी व इमरान (27) पुत्र असलम काजी निवासी जोगीआसन मोहल्ला, वार्ड 17, नोहर को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफतार किया गया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई महावीर सिंह, कांस्टेबल रणवीर सिंह व मनदीप शामिल रहे।

कार पलटने से घायल युवको में से एक की मौत

श्रीगंगानगर। सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे पर अमरपुरा गांव के नजदीक एक हफ्ता पहले एक कार के अनियंत्रित होकर पलटने की दुर्घटना में घायल हुए दो युवकों में से एक की मृत्यु हो गई है। सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने बताया कि विगत 28 जून की दोपहर को सूरतगढ़ से अनूपगढ़ की तरफ जा रही एक कार अमरपुरा के पास अचानक बेकाबू हो गई थी। बताया जा रहा है कि कार के सामने कोई आवारा पशु आ गया था। कार में रमेश और भंवर के दो युवक सवार थे। अनियंत्रित कार सड़क किनारे रेलिंग को तोड़ते हुए खदानों में जाकर पलट गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और सूरतगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक युवक रमेश (25) निवासी चक 3- एएस थाना श्रीविजयनगर की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।उसके भाई गौरीशंकर द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है।पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को सौंप दी गई। दूसरे युवक की हालत अब ठीक बताई जा रही है।

दर्जी ने दुकान में फंदा लगाकर आत्महत्या की

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ में एक दर्जी ने अपनी दुकान में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर 29 में अपने घर के बाहर वाले हिस्से में दर्जी की दुकान करने वाले राधेश्याम शर्मा (55) की लाश आज सुबह दुकान में ही फंदे पर लटकते हुए मिली जब उसकी बेटी देखने के लिए आई। पिता को फंदे पर लटके देखकर उसके होश उड़ गए। घर में कोहरा मच गया। घटना की जांच कर रहे एएसआई गुरदीपसिंह ने बताया कि राधेश्याम के शव को उसका बेटा विक्रम तथा पडौसी तत्काल फंदे से उतर कर एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए। इस अस्पताल वालों ने जांच करने के बाद राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया। तत्पश्चात शव को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में लाया गया। इसकी जानकारी तब पुलिस को मिली। एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि मृतक राधेश्याम का बेटा विक्रम एक अस्पताल में ही कार्यरत है। राधेश्याम कल रात को दुकान में ही सोया था।रात को किसी समय उसने फांसी का फंदा लगा लिया। विक्रम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता की दिमागी हालत काफी समय से ठीक नहीं थी।उनका इलाज भी करवाया जा रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों को सौंप दी।

नहर में डूबने से किसान की मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर जिले में घमूडवाली थाना क्षेत्र में एक किसान की गंग कैनाल की एलएनपी नहर में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की जांच कर रहे एएसआई नूर मोहम्मद ने बताया कि चक 53- एलएलपी निवासी विजयसिंह (50) अपने भतीजे अनुज के साथ कल खेत में काम कर रहा था।उनके खेत के पास से ही एलएनपी नहर गुजरती है। दोपहर को विजयसिंह बाल्टी लेकर नहर से पानी लेने के लिए गया था। वह जब काफी देर तक वापस नहीं आया तो अनुज अपने चाचा को देखने के लिए नहर पर आया।उसे नहर के किनारे बाल्टी पड़ी मिली। किनारे पर किसी के फिसल कर नहर में गिरने के निशान दिखाई दिए।इस पर अनुज ने शोर मचाया तो आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग भाग कर आए।विजय सिंह के परिवार वाले भी घटना स्थल पर पहुंच गए।सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।

एएसआई नूर मोहम्मद ने बताया कि कल देर रात को घटना स्थल से लगभग 3 किलोमीटर आगे नहर में विजय सिंह की लाश बरामद हो गई,जिसे आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को दे दिया गया। अनुज द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त एक युवक की मौत-दो घायल

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र में ढाबा झालार-हनुमानगढ़ संपर्क मार्ग पर चक 18-एलकेएस के पास कल देर रात को एक मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त होने से उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को लोगों को तत्काल ही निकट गोलूवाला के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक इन में एक युवक मनप्रीत बावरी (20) निवासी भगवानगढ़ की मृत्यु हो गई। दो युवकों को अत्यधिक चोटें लगे होने के कारण प्राथमिक उपचार देकर हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों में भगवानसिंह निवासी गुड़िया थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ़ तथा बब्बूसिंह निवासी ढाबा झालार हैं।यह तीनों कल रात को मोटरसाइकिल पर ढाबा झालार से हनुमानगढ़ की तरफ जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अभी पता नहीं चल पाया की मोटरसाइकिल में किसी वाहन की टक्कर लगी या कोई सामने पशु आ गया। पुलिस ने आज मनप्रीतसिंह का शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार जनों को सौंप दिया।

ननिहाल में आए युवक की करंट लगने से मौत

श्रीगंगानगर। घमूडवाली थाना क्षेत्र के चक 55-एलएनपी में अपने ननिहाल में आए एक युवक की करंट लगने से मृत्यु हो गई।पुलिस ने बताया कि सचिन (18) कल रात लगभग 8 बजे अपने मामा के घर कूलर चलाते समय करंट की चपेट में आ गया। घटना की जांच कर रहे हवलदार जयप्रकाश ने बताया कि कूलर की तार एक जगह से कटी हुई थी। नई बिजली की तार घर में लाकर रखी भी हुई थी। कल रात सचिन कूलर चलाने लगा तो कटी हुई जगह से उसे करंट लग गया। वह बेहोश होकर गिर गया। इलाज के लिए उसे श्रीगंगानगर लाया जा रहा था कि वह रास्ते में दम तोड़ गया। सचिन हनुमानगढ़ के वार्ड नंबर 12 में सेक्टर नंबर 12 का निवासी था, जो कुछ दिनों से चक 55 एलएनपी में मामा की यहां आया हुआ था। आज उसकी लाश पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को दे दी गई।

चलती कार में अचानक आग लगी, चालक बाल बाल बचा

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर में कल रात को हिंदूमलकोट मार्ग पर गांव कालिया से पहले चक 01-जैड को जाने वाली लिंक रोड पर अचानक चलती हुई एक कार में आग लग गई।दमकल विभाग के अनुसार कल रात्रि 8:25 बजे सूचना मिलने पर दमकल कर्मी बाऊ देवी,राकेश बिश्नोई और रोहित सहारण फायर टेंडर लेकर मौके पर पहुंचे।दमकल कर्मियों ने बताया कि तब कर में भीषण आग लगी हुई थी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार लगभग पूरी तरह से जल गई थी। यह कार पुरानी आबादी निवासी नरेश भारती नामक व्यक्ति की बताई जा रही है। नरेश भारती ने बताया कि उसका एक जानकार कार मांग कर ले गया था। इसी दौरान चक 01- जैड़ के पास न जाने किस कारण से कर में आग लग गई। कार चला रहा उसका दोस्त बाल-बाल बच गया।

गंग कैनाल में पानी बढवाने का आश्वासन, कलेक्ट्रेट का घेराव किया स्थगित, मगर धरना रहेगा जारी

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

पंजाब से गंग कैनाल में पानी की मात्रा बढ़वाने का जिला प्रशासन द्वारा आज ठोस आश्वासन देने पर ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) ने कल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के किए जाने वाले घेराव को स्थगित कर दिया है लेकिन पानी बढ़ाने की मांग पूरी होने तक महाराजा गंगासिंह चौक में जल संसाधन विभाग ऑफिस के गेट पर धरना जारी रखने का निर्णय किया है।आज दोपहर जिला कलेक्टर लोकबंधु की उपस्थिति में जीकेएस के प्रतिनिधियों तथा जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला समेत अन्य अधिकारियों के साथ वार्ता हुई।वार्ता के बाद जीकेएस के प्रदेश महासचिव संतवीरसिंह मोहनपुरा ने बताया कि गंगा कैनाल में निर्धारित शेयर के मुताबिक पानी दिलाने के लिए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता हनुमानगढ़ और अधीक्षण अभियंता श्रीगंगानगर 8 जुलाई को भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) और केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अधिकारियों से मिलने के लिए जाएंगे। आज की वार्ता में ठोस आश्वासन दिया गया है कि जल्दी ही गंग कैनाल में पंजाब से पानी की पूर्ण उपलब्धता करवा दी जाएगी। इस ठोस प्रशासन को देखते हुए कल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के किए जाने वाले घेराव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को बीबीएमबी और सीडब्ल्यूसी से उक्त अधिकारियों की मुलाकात होने के बाद दो दिन तक अगर पानी नहीं बढ़ा तो 11 जुलाई को किसानों द्वारा कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। इस दिन जिला प्रशासन को पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 और 10 जुलाई को जीकेएस के पदाधिकारियों की टीमें गांव-गांव जाकर 11 जुलाई के महाघेराव के लिए किसानों को जागरूक करेंगी। उन्होंने कहा कि तब तक गंगासिंह चौक में किसानों का धरना सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा। आज भी जीकेएस के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह राजू तथा गैलेक्सी बराड सहित अनेक किसान धरने पर बैठे। प्रशासन से हुई वार्ता में रणजीतसिंह राजू, संतवीरसिंह मोहनपुरा,गंग कैनाल प्रोजेक्ट के चेयरमैन हरविंदर सिंह गिल, गैलेक्सी बराड और दिलबाग सिंह आदि किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। याद रहे कि पिछले 20 दिनों से पंजाब द्वारा गंग कैनाल में उसके निर्धारित हिस्से के मुताबिक पानी नहीं दिया जा रहा, जिस कारण श्रीगंगानगर जिले के किस ग्वार और मूंग आदि फसलों की बिजाई नहीं कर पा रहे। खेतों में बिजी हुई फसलें भी खराब हो रही है। गन्ने की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों द्वारा निरंतर धरने प्रदर्शन किया जा रहे हैं। राज्य सरकार के स्तर पर भी पंजाब से बातचीत की गई है, लेकिन पंजाब द्वारा पानी नहीं बढ़ाया गया। इसे लेकर किसानों में भारी आक्रोश है।राज्य सरकार के तमाम प्रयास सफल हो गए हैं। पंजाब पहले अपने क्षेत्र के किसानों को धान की रोपाई के लिए पानी दे रहा है। श्रीगंगानगर जिले में अभी तक प्री मानसून की अच्छी बरसात नहीं हुई है जबकि मानसून के आने में भी देरी हो रही है।

मारपीट कर लूट की वारदात करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

» गांव भोमपुरा के शराब ठेका पर हुई थी वारदात

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

गांव भोमपुरा के शराब ठेका में घुसकर मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को टाउन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से आरोपियों का पीसी रिमांड मंजूर करवा घटना में प्रयुक्त एक बाइक व लाठी-डंडे बरामद किए गए हैं। टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि राजकीय जिला चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर में भर्ती अमित कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी वार्ड दो, भोमपुरा ने 30 जून को पर्चा बयान में बताया था कि 29 जून की रात्रि को शराब ठेका बंद कर वह, धर्मपाल नाई, सुनील कुमार नायक व प्रमोद कुमार दुकान के ऊपर बने कमरे में सो रहे थे। रात्रि करीब एक बजे गोलियां चलने की आवाजें आई तो वे जाग गए। तभी लाठी-डंडों से लैस तीन-चार व्यक्ति गेट को तोड़ कर कमरे के अन्दर घुसे और उनके साथ मारपीट करने लगे। धर्मपाल के हाथ में पहना हुआ चांदी का कड़ा व दुकान का गेट तोड़कर 12 हजार रुपए निकाल लिए। वहां खड़ी कैम्पर गाड़ी नम्बर आरजे 49 जीए 6667 को लाठियों से पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। ठेका पर लगे दो कैमरे तोड़ दिए व कैमरा डीबीआर अपने साथ ले गए। थाना प्रभारी कस्वां ने बताया कि पर्चा बयान के आधार पर मारपीट, छीनाझपटी व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान लखूवाली चौकी प्रभारी एएसआई किशोर सिंह मान के सुपुर्द किया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में गठित टीम की ओर से मारपीट व लूट की वारदात करने वाले नामजद आरोपी भरतलाल उर्फ मांडिया (28) पुत्र ओमप्रकाश नायक निवासी वार्ड नौ, डबलीकलां (कच्ची डबली), टोनी उर्फ शूटर (19) पुत्र सुभाष बाजीगर निवासी वार्ड 25, रावतसर, राहुल उर्फ प्रमोद सहारण (20) पुत्र साहबराम जाट निवासी डबलीकलां, (कच्ची डबली) व राजेन्द्र उर्फ जोकर (19) पुत्र धन्नाराम नायक निवासी चक सात डीडब्ल्यूएम रावतसर को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदही पर घटना में प्रयुक्त एक बाइक व लाठी-डंडे बरामद किए गए हैं। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पीसी रिमांड हासिल किया गया है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में लखूवाली पुलिस चौकी प्रभारी किशोर सिंह मान, हैड कांस्टेबल जसवंत, कांस्टेबल लखविन्द्र सिंह व राकेश शामिल रहे।

पंजाब का युवक तलवार सहित गिरफ्तार

हनुमानगढ़। टाउन थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पंजाब के फाजिल्का जिला निवासी एक युवक को लोहे जैसी धातु की तलवार सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान की निरंतरता में टाउन पुलिस थाना के एएसआई अमीचन्द के नेतृत्व में टीम तड़के गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम रावतसर रोड स्थित राधा स्वामी डेरा के पीछे पहुंची तो एक युवक लोहे जैसी धातु की तलवार लेकर घूमता नजर आया। पुलिस ने तलवार बरामद कर मौके से अशोक कुमार (29) पुत्र गुरचरण सिंह रायसिख निवासी कबूलशाह खूबन पीएस खुईखेड़ा जिला फाजिल्का पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई के सुपुर्द किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई अमीचन्द, हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई, कांस्टेबल सेठूराम व राजीव कुमार शामिल रहे।

एनटीए को समाप्त करने की मांग केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

» पुतला दहन से पूर्व एसएफआई कार्यकर्ताओं ने बाजार में निकाली शवयात्रा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नीट व नेट की परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने में असफल एनटीए को समाप्त करने की मांग को लेकर स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी आह्वान पर गुरुवार को टाउन शहर की हिसारिया मार्केट में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इससे पहले एसएफआई कार्यकर्ताओं ने बाजार में पुतले की शव यात्रा निकाली और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर यश चिलाना ने कहा कि पिछले दिनों हुई नीट की परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली सामने आई थी, उसके बाद हुई नेट की परीक्षा को भी 24 घंटे के भीतर लीक होने के कारण रद्द कर दिया गया। इससे अभ्यर्थियों और आम छात्र-छात्राओं में व्यापक आक्रोश है। चिलाना ने कहा कि परीक्षा सही तरीके से आयोजित करने में एनटीए नाकाम रहा है। एनटीए इन परीक्षाओं के संचालन में पूरी तरह से अक्षम रहा है। नेट परीक्षा रद्द होने से इस साल बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के पीएचडी में दाखिले की संभावना भी खत्म हो जाएगी। एसएफआई इसकी कड़ी निंदा करती है। मोहित कुमार ने कहा कि एनटीए नामक बुलडोजर छात्र-छात्राओं व नौजवानों के भविष्य को बुलेट ट्रेन की रफ़्तार से रोंद रहा है। पर्चा लीक या धांधली आम छात्र-छात्राओं के बस की बात नहीं है। सच्चाई यह है कि बिना नेताओं, अधिकारियों, शिक्षा माफिया की मिलीभगत के इस तरह का कोई भ्रष्टाचार का तंत्र पनप ही नहीं सकता। बीजेपी सरकार युवाओं को नौकरी देना नहीं चाहती। सभी पेपर लीक करने में नम्बर वन बीजेपी सरकार युवाओं के भविष्य को अंधकार में डाल रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार छात्र-छात्राओं के मुद्दों को लेकर संवेदनशील नहीं हुई तो एसएफआई युवाओं को साथ लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाकर सरकार को घेरेगी।

मकान टूटने से बचाने की मांग

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। संगरिया तहसील के गांव लम्बी ढाब निवासी एक ग्रामीण ने गुरुवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर मकान टूटने से बचाने की गुहार लगाई। गुरदास सिंह पुत्र जगमेल सिंह निवासी लम्बी ढाब ग्राम पंचायत चक हीरासिंहवाला तहसील संगरिया ने बताया कि उनके गांव की शमशान भूमि को जाने वाला रास्ता हरचरण सिंह वगैरा की ओर से बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और प्रशासन को शिकायत की तो प्रशासन ने शमशान भूमि का रास्ता खुलवा दिया। इसके चलते हरचरण सिंह वगैरा उनसे रंजिश रखने लगे और धमकी दी कि उनके मकान तुड़वाकर रहेंगे। हरचरण सिंह वगैरा ने उसके खिलाफ जोहड़ पायतन की जगह पर कब्जा बताकर 181 पर शिकायत कर उसका मकान तुड़वाने के आदेश करवा लिए। हरचरण सिंह वगैरा दलितों को वहां से बेघर करना चाहते हैं। अगर हरचरण सिंह वगैरा उनके मकान तुड़वाने में कामयाब होते हैं तो दलित वर्ग को न भरपाई होने वाला नुकसान होगा। गुरदास सिंह ने ग्राम पंचायत के नक्शे के आधार पर जांच करवाने का आदेश जारी करने की मांग की। इस मौके पर मदनलाल, रेवंतराम पंवार आदि मौजूद रहे।

पंचतरणी भंडारे के लिए तीसरा जत्था रवाना

हनुमानगढ़। श्री अमरनाथ सेवा समिति हनुमानगढ़ द्वारा श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रृद्वालुओं के लिए पंचतरणी (कश्मीर) में निःशुल्क 28वां विशाल भण्डारा लगाया जा रहा है जो 29 जून से यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया है। दस भंडारे में प्रतिदिन 7 से 8 हजार यात्री आ रहे है जिनके लिये श्री अमरनाथ सेवा समिति ठहरने, भोजन, नाश्ता, नहाने व मेडिकल कि सेवा प्रदान कर रही है। समिति के सदस्य रजत बंसल ने बताया आज भन्डारा के लिये तीसरा जत्था सचिव इन्दरजीत चराया के नेतृत्व में रवाना हुआ। रवाना होन से पूर्व शिव मन्दिर में पूजा अर्चना कर भोले के जयकारों के साथ रवानगी ली। इस जत्थे में सहसचिव हैप्पी गुम्बर, कोषाध्यक्ष गोविंद सोमानी, शालू पाहुजा, राजू सिडाना सहित सेवादार रवाना हुए,ये सेवादार पंचतरनी के भन्डारे में अमरनाथ यात्रा पर आने वाले यात्रियों कि निःशुल्क सेवा करेंगे।

फाटक गौशाला में किया हवन गौमाता की पूजा-अर्चना

हनुमानगढ़। रोटरी क्लब हनुमानगढ़ सिटी ने नए वर्ष के कार्यकाल की शुरुआत गुरुवार को गोसेवा के साथ की। इसके तहत क्लब के सदस्यों ने अध्यक्ष आदित्य गुप्ता, सचिव दिनेश बंसल, कोषाध्यक्ष गोपीकृष्ण दाधीच के नेतृत्व में टाउन स्थित फाटक गोशाला में पहुंचकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना को लेकर हवन यज्ञ करवाया। हवन यज्ञ के पश्चात गोमाता की पूजा-अर्चना कर पौष्टिक लड्डू का भोग लगाया। क्लब अध्यक्ष आदित्य गुप्ता के अनुसार क्लब का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना है। इसके तहत इस साल बीमार नागरिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, जरूरतमंदों को भोजन सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर गोशाला समिति अध्यक्ष मुरलीधर गर्ग, नरोत्तम सिंगला, अमित गोयल, क्लब के सह प्रांतपाल पुरुषोत्तम बंसल, डॉ. अरुण गुप्ता, डॉ. पवन मिड्ढा, गोविन्द लड्ढा, गुणसागर नागपाल, जितेन्द्र मोदी, डॉ. गरिमा गुप्ता, डॉ. प्रेरणा गोयल, मीनाक्षी बंसल, सुमन गुप्ता, खुशबू बंसल, मणिका मोदी आदि मौजूद थे।

क्षतिग्रस्त हुए सिंचाई खालों का पुनर्निर्माण करवाने की मांग

» सेम पीड़ित किसानों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सेमग्रस्त इलाके में क्षतिग्रस्त हुए सिंचाई खालों का पुनर्निर्माण करवाने की मांग के संबंध में पीलीबंगा व रावतसर तहसील के सेम पीड़ित किसानों ने गुरुवार को सेम पीड़ित किसान संगठन के बैनर तले जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। सेम पीड़ित किसानों ने बताया कि पीलीबंगा-रावतसर तहसील क्षेत्र के भैरूसरी, 6 बीएचएम, जाखड़ांवाली, 18 एसपीडी, 7 एसटीबी, बड़ोपल, दौलतांवाली व मानकथेड़ी ग्राम पंचायतों की हजारों बीघा जमीन सेमग्रस्त है। सेम समस्या के समाधान के लिए 2018 में किसानों की मांग पर बड़ोपल गांव में पम्पिंग स्टेशन स्थापित कर पाइप लाइन के माध्यम से पानी को 6 नम्बर घग्घर डिप्रेशन में डाला गया था। इस पम्पिंग स्टेशन में 5 पम्प लगाए गए हैं। उनमें से चार पम्प खराब हैं। बिछाई गई 2 पाइप लाइन भी जगह-जगह से लीकेज है। पूरी क्षमता से पानी नहीं उठाया जा रहा। यदि मानसून की एक बारिश आती है तो लगभग 10 हजार बीघा क्षेत्र में किसानों की फसलों में जल भराव होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। किसानों ने बताया कि इस क्षेत्र में सभी सिंचाई खाले पूर्णतया नष्ट हो चुके हैं। इन सिंचाई खालों का पुनर्निर्माण करवाया जाए। भैरूसरी से लेकर मानकथेड़ी तक सेम नाले की एक मुश्त सिल्ट सफाई करवाई जाए। 6 नम्बर डिप्रेशन में जल भराव की समस्या है। उसकी खुदाई कर 8 नम्बर डिप्रेशन से लिंक किया जाए। इस मौके पर रामजीलाल, सुरेन्द्र सिंवर, कुलदीप, हनुमान, शंकरलाल धतरवाल, नन्दलाल, श्योपाल सहित कई अन्य किसान मौजूद थे।

सेमग्रस्त क्षेत्र में भूमि सुधार के लिए आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग

सेम पीड़ित किसानों ने जिला कलक्टर को एक अन्य ज्ञापन सौंप सेमग्रस्त क्षेत्र में भूमि सुधार के लिए आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की। किसानों ने बताया कि पीलीबंगा तहसील की जाखड़ांवाली, बड़ोपल, मानकथेड़ी, 6 बीएचएम, भैरूसरी ग्राम पंचायतों में 40 वर्षों से सेम से घर-खेत उजड़ गए। इसके कारण क्षेत्र के लोग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गए। क्षेत्र के लोगों ने 2014 में एक वर्ष तक धरना चलाया, आमरण अनशन भी किया। तत्कालीन जिला कलक्टर ने 6 अक्टूबर 2015 को धरना स्थल पर पहुंचकर अनशन कर्मियों व धरनाथियों के साथ समझौता किया था। इसके अंतर्गत भूमि सुधार के लिए किसानों को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक इस पर कोई विचार नहीं किया गया। इससे किसान काफी मायूस हैं। किसानों ने मांग की कि समझौते के अनुसार भूमि सुधार के लिए उन्हें आर्थिक सहायता दिलवाई जाए।

मानव जीवन को बचाने के लिए वृक्ष लगाना अतिआवश्यकः नायक

» पौधारोपण अभियान की शुरूवात की, 501 पौधे लगाने का लक्ष्य

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

निकट गांव हिरणांवाली व जोड़किया रोड़ावाली में स्वाभीमान जनजागृति एकता मंच के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण किया गया। ज्ञात रहे कि जन स्वाभिमान एकता मंच के प्रदेशाध्यक्ष नारायण नायक के जन्मदिवस पर 501 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया था, गुरूवार को उक्त अभियान की शुरूवात गांव हिरणांवाली व जोड़किया से की गई। उक्त अभियान की शुरूवात प्रदेशाध्यक्ष नारायण नायक ने त्रिवेणी लगाकर की गई। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मानव जीवन को बचाने के लिए वर्तमान समय में अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। उच्च तापमान के कारण बढ़ी गर्मी से इस बार में अनेकों लोग अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए है, हमारी आने वाली पीढ़ीया दीर्धायु हो और प्रकृति का संरक्षण किया जा सके, इसके लिए आवश्यक है कि हम आज से ही ही अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पौधारोपण करे। पौधारोपण के साथ-साथ सार संभाल के लिए टीम ने ली जिम्मेदारी और यह कार्य एक अभियान के रूप में पूरे प्रदेश भर में अधिक से अधिक हर गांव ढाणी जिला हेड क्वार्टर स्कूल पार्क में ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने का संकल्प लिया इस मौके पर डायरेक्टर रोडांवाली तेजाराम लावा, पूर्णराम नायक, मोहन कुमार, जगदीश नायक, बृजलाल जाखड़, सुरेन्द्र शर्मा, सुभाष लावा, विनोद नायक, जगदीश, सोहनलाल चारण, सुनील कुमार नायक, राधेश्याम लोट, श्रवण लावा, अमरजीत नायक, जगदीश नायक, संदीप, रूपराम लॉट, लालचंद लोट, केशव वर्मा, योगेश, इंद्रेश कश्यप मौजूद थे।

खेल प्रेमियों ने कलक्टर से मिलकर खिलाड़ियों की उपेक्षा पर जताया रोष

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बीकानेर पूर्व बास्केटबॉल कप्तान (राजस्थान) दानवीर सिंह भाटी के आह्वान पर गुरूवार को खेल जगत से जुड़े मुख्य व्यक्तियों ने जिला कलेक्टर कानाराम से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर खिलाड़ियों की उपेक्षा पर नाराजगी व्यक्त की। अभिषेक शर्मा ने इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी बताते हुए कहा कि देश में 37 नेशनल गेम्स और 7 खेलो इंडिया नेशनल प्रतियोगिताएं आयोजित हो चुकी है, लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी राजस्थान के खेल जगत में इन्फ्रास्ट्रक्चर की इतनी कमी है कि आज तक हम इनमें से एक भी आयोजन अपने राज्य में नहीं करवा पाए हैं। अभिषेक ने कोच और खेल अधिकारियों की कमी का हवाला देते हुए बिंदुवार सुझाव दिए। उन्होंने खिलाड़ियों को दी जाने वाली पुरस्कार राशि का अभाव तथा खेल छात्रावासों के नामकरण को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के लिए विशेष खेल नीति, महाराणा प्रताप पुरस्कार, आउट ऑफ टर्न पॉलिसी का रिव्यू करने तथा ओलंपिक पदक विजेताओं की कमी पर ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर यादू विकास, नवजोत, मोहित, गौरव, मोंटी, दीपक, शुभम, सागर आदि मौजूद थे।

रंजिश के चलते कार से जान बूझकर टक्कर मारने का आरोप

» जांच करवाने की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

रंजिश के चलते जान से मारने की नियत से कार से बाइक में टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को ज्ञापन सौंप जांच करवाने की मांग की। ओमप्रकाश पुत्र बूटाराम सोनी निवासी वार्ड 31, इन्द्रा कॉलोनी, टाउन ने बताया कि वह दो जून को शाम करीब 5-6 बजे वह अपनी बाइक नम्बर 31 एसजी 2255 पर सवार होकर शहीद उधमसिंह चौक के नजदीक से घर की तरफ जा रहा था। जब वह कॉलेज फाटक से पहले रोड पर पहुंचा तो पीछे से कार नम्बर आरजे 02 सीई 9258 के चालक राजकुमार पुत्र जगनलाल सोनी निवासी अनूपगढ़ हाल निवासी हनुमानगढ़ जंक्शन ने जान से मारने के लिए बाइक में पीछे से टक्कर मार दी और करीब 50 फीट तक बाइक को कार के आगे घसीटता हुआ ले गया। आगे जाकर साइन बोर्ड में टकराने से कार रुक गई। कार की गति इतनी अधिक थी कि जमीन पर लगा साइन बोर्ड टूट गया। बाइक में कार की टक्कर लगते ही वह कार के बोनट पर गिर गया। फिर भी कार चालक ने कार को नहीं रोका और उसे घसीटता रहा। यह बात घटना के तुरन्त बाद उसे पता नहीं चली। इस कारण उसकी पत्नी की ओर से टक्कर मारने के आरोप में टाउन पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई। अब उसे पता चला है कि राजकुमार उसके साथ पुरानी रंजिश रखता है। इसलिए जान से मारने की नीयत से कार से उसकी बाइक में टक्कर मारी।

राजकुमार अब भी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

ओमप्रकाश के अनुसार उसकी पत्नी की ओर से टाउन पुलिस थाना में दर्ज करवाए गए मुकदमे में अभी तक आरोपी कार चालक के खिलाफ पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ओमप्रकाश ने एसपी को सौंपे ज्ञापन में मांग की कि उक्त रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में जांच करने के आदेश टाउन थाना पुलिस को दिए जाएं।

टेनिसबॉल क्रिकेट एसो. सुमित कुक्कड़ सचिव बने

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाऊन की श्री अरोड़वंश धर्मशाला में आज जिला टेनिसबॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सर्व सम्मति से चुनाव करवाये गये। इस चुनाव के चुनाव अधिकारी मनीराम थे। चुनाव अधिकारी व जिला खेल अधिकारी शमशेर सिह, राज्य संघ प्रवेक्षक आरीफ महोम्मद उपस्थित रहे। इसके साथ जिला संघ के समस्त मान्यता प्राप्त सदस्यों ने सर्व सम्मति से सुमित कुक्कड़ को जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ हनुमानगढ़ का सचिव चुना गया। सभी ने सुमित कुक्कड़ को माला पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व के जिला सचिव श्याम पाण्डे के निधन हो जाने के पश्चात यह पद खाली हो जाने के कारण आज चुनाव हुए है। शेष कार्यकारणी यथावत रहेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, चन्द्रमोहन, सहसचिव सुरज कुमार, गिरीराज शर्मा, बनवारी लाल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, अरूण कुमार, विकास, मोनिका, मोनू सोनी, संदीप, रेखा, जश्नदीप कौर आदि उपस्थित थे।

ईंट भट्ठा मालिक के साथ पांच लाख रुपयों की ठगी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

ईंट निकासी के लिए ठेका का इकरार करने के बावजूद मजदूर न भेजकर पांच लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ईंट भट्ठा मालिक की ओर से टाउन पुलिस थाना में दो जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार प्रगटसिंह (31) पुत्र हजूरसिंह निवासी वार्ड 3, चक 21 एचएमएच श्रीनगर ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसकी फर्म संधू ब्रिक्स इण्डस्ट्रीज चक 21 एचएमएच बी श्रीनगर में है। उसने अपने ईंट भट्ठा पर मदनलाल पुत्र कानाराम नायक निवासी माजुओं का मोहल्ला मांज बास, नागौर के साथ पक्की ईंट निकासी के लिए ठेका का इकरार किया था। इसके सम्बन्ध में 28 जून 2023 को मदनलाल की ओर से उसको एक अनुबंध लिखकर दिया गया था। उसी दिन मदनलाल की ओर से झूठी बातों में फंसाकर ठगी मारने के इरादे से पांच लाख रुपए पेशगी वसूल लिए गए व एक अनुबंध अंकित करवाकर दिया गया परन्तु उसके पश्चात से उक्त अनुबंध के मुताबिक न तो मदनलाल स्वयं ईंट भट्ठा पर आया न ही मजदूरों को लेकर आया। उसने मदनलाल से कई बार सम्पर्क किया तो वह आजकल-आजकल कहकर टालता रहा। बाद में कहने लगा उसने और उसके गारंटर हुकमाराम पुत्र सुरजाराम मेघवाल निवासी दुगस्ताउ तहसील जायल जिला नागौर राजस्थान ने मिलकर उससे ठगी मारी है। इस पर उसने गारंटर हुकमाराम से भी कई बार सम्पर्क करने की कोशिश की लेकिन वह भी कोई जवाब नहीं दे रहा। पुलिस ने मदनलाल व हुकमाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई रतनलाल के सुपुर्द किया है।

सही समय पर सही साथी जरूर मिलेगा, मैं उसके पीछे नहीं भागना चाहता

एक जमे-जमाए सफल करियर को छोड़कर अपने सपनों में नया रंग भरने की हिम्मत कम ही लोग कर पाते हैं। ऐसे ही एक बिरले कलाकार हैं नंदीश सिंह संधू। टीवी की सफल पारी छोड़कर फिल्मों का रुख किया। उनकी मेहनत रंग भी लाई। सुपर 30 और फैमिली ऑफ ठाकुरगंज जैसी फिल्मों के बाद नंदीश जुबली और अनदेखी जैसी सीरीज में अपनी अदाकारी ने लिए चर्चा में रहे।

असफलता से डरना नहीं सीखा

टीवी का सफल करियर छोड़कर फिल्मों के लिए एक नई शुरुआत करने का फैसला कितना मुश्किल था? इस पर नंदीश कहते हैं, निश्चित तौर पर यह मुश्किल फैसला था। जब मैं टीवी कर रहा था, तब एक कंफर्टेबल जिंदगी जी रहा था, रेगुलर इनकम आ रही थी, वह सब छोड़कर अपने क्राफ्ट को बेहतर करने का फैसला मुश्किल था, मगर मैं खुश हूं कि मैंने वो फैसला लिया। अगर मैं वह नहीं करता तो मुझे अफसोस होता कि मैंने कोशिश ही नहीं की और मैं ऐसा नहीं चाहता। इसलिए जो मेरा मन करता है, मैं उसके लिए कोशिश जरूर करता हूं। भले ही मैं उसमें सफल ना होऊं लेकिन आखिरी वक्त में जब मुझे फ्लैश बैक आए तो ये मलाल नहीं होना चाहिए कि मैंने असफलता के डर से कोशिश ही नहीं की। वैसे, अगर यह संभव होता कि मैं टीवी शोज करते हुए फिल्मों के लिए कोशिश कर पाता तो शायद मैं दोनों साथ में करता, मगर हमारी इंडस्ट्री में ऐसा होता नहीं है कि आप टीवी करते-करते फिल्म कर पाओ। अगर आप टीवी एक्टर हैं तो एक सोच बन जाती है कि ये टीवी कर रहा है तो इसका एक सेट पैटर्न होगा या इसके पास वक्त नहीं होगा। ऐसा होता भी है, जब आप 25 दिन शूट कर रहे हो तो अपने ऊपर कब काम करोगे? डेली सोप में किसी चीज के लिए वक्त नहीं बचता तो मेरी ग्रोथ ही नहीं हो रही थी, इसलिए टीवी से ब्रेक लेना पड़ा।

सही समय पर सही साथी मिल जाएगा

टीवी के जमे-जमाए करियर को छोड़ने के फैसले का असर क्या नंदीश की निजी जिंदगी, रिश्तों, शादी पर भी पड़ा? यह पूछने पर वह कहते हैं, बिल्कुल भी नहीं। मेरा परिवार और पैरंट्स मेरे फैसले को पूरी तरह सपोर्ट करते हैं। मेरे खास दोस्त अब भी करीब हैं। परिवार मेरे साथ है। लेकिन क्या नंदीश (रश्मि देसाई से अलगाव के बाद) जिंदगी में किसी साथी की कमी महसूस करते हैं? इस पर उनका कहना है, मैं अपने साथ खुश हूं। अपनी जिंदगी में खुश हूं। मैं खुद में भी पूर्ण महसूस करता हूं। मेरा मानना है कि सही समय पर सही साथी जरूर मिलेगा। मैं उसके पीछे नहीं भागना चाहता।

अदा खान ने बताई टीवी इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई

नागिन सीरियल से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस अदा खान अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं। उनके लाखों चाहने वाले हैं लेकिन लंबे समय से एक्ट्रेस छोटे पर्दे पर भी दिखी नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई के बारे में बात की है।

तकरीबन डेढ़ दशक से छोटे पर्दे के दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब अदा खान ने टेलिविजन पर कई भूमिकाएं की हैं, मगर नागिन की शेषा की भूमिका ने उन्हें एक अलग तरह की शोहरत दिलाई है। कुछ अरसा पहले वे वेब सीरीज रात्रि के यात्री के सीजन 2 में भी नजर आई थीं। मगर इन दिनों अदा भूमिकाओं को लेकर चूजी हो गई हैं। उनका कहना है, मनोरंजन जगत काफी विकसित और बदल गया है। आज टीवी और फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी के कई प्लैटफॉर्म आ गए हैं, मगर इन विभिन्न प्लैटफॉर्म्स के कारण कॉम्पटीशन बढ़ गया है। यहां तक कि टीवी उद्योग ने भी काफी प्रगति की है, लेकिन प्रतिस्पर्धा कई गुना बढ़ गई है। ऐसे में सही भूमिकाएं ढूंढना निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है और खास तौर पर ऐसी भूमिकाएं जो आप करना चाहते हैं।

करीना, काजोल, रूपाली ने उम्र का बंधन तोड़ा है

मनोरंजन जगत में अभिनेत्रियों की उम्र हमेशा से एक बड़ा मुद्दा रही है। क्या उन्हें भी इंडस्ट्री में व्याप्त एज फैक्टर का सामना करना पड़ा है? इस पर वे कहती हैं, एज फैक्टर हर पेशे की सचाई है और हमारे प्रोफेशन में ये सच कुछ ज्यादा कठोर होता है, मगर लेकिन माधुरी दीक्षित, करीना कपूर, सुष्मिता सेन, काजोल सरीखी अभिनेत्रियों को परफेक्ट रोल मिल रहे हैं और यहां तक कि टीवी पर भी रूपाली गांगुली जैसी अभिनेत्रियां अच्छा काम कर रही हैं, तो एक तरह से इन अभिनेत्रियों ने उम्र के बंधन को तोड़ा है, मगर मुझे लगता है कि आपको सही स्क्रिप्ट की जरूरत है और निश्चित रूप से अभिनेत्रियों के लिए ऐसी स्क्रिप्ट कम हैं, जो उनके प्रोफाइल से मेल खाती हो। हर कोई उम्र और अनुभव के साथ बड़ा होता है। इसलिए किसी को भी शालीनता से उम्र बढ़ानी चाहिए।

वही करती हूं, जो दिल करता है

जिंदगी से मिली सीख और अफसोस को लेकर वे ईमानदारी से कहती हैं, मेरी सबसे बड़ी सीख यह है कि हमें निजी और प्रोफेशनल जीवन में संतुलन बनाए रखना चाहिए। साथ ही, सोशल मीडिया ने हमारे सोचने, महसूस करने और जीने के तरीके को बदल दिया है। और अवसर बहुत हैं, फिर भी संदर्भ मायने रखता है। मुझे इस बात का कोई अफसोस नहीं है, लेकिन कई बार सोचने पर मुझे लगता है कि मैं बेहतर अवसरों की हकदार हूं और मुझे यह भी लगता है कि मेरे पास बेटर नेटवर्किंग स्किल होनी चाहिए, जिसकी मुझमें कमी है। मैं काम को लेकर जुनूनी हूं और अपने काम से काम रखती हूं।

दिलजीत ने पंजाबी अभिनेताओं की रूढ़धारणा को तोड़ा

एक्टर-सिंगर एमी विर्क ने बॉलीवुड में म्यूजिक और शोबिज के क्षेत्र में धमाल मचाने वाले दिलजीत दोसांझ को अभिनेताओं की रूढ़धारणा तोड़ने का श्रेय दिया है। जल्द ही फिल्म बैड न्यूज में नजर आने वाले एमी ने कहा, धर्मा प्रोडक्शन्स, करण जौहर, आनंद तिवारी, विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी के साथ काम करना एक सपना है। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मैं कई और मनोरंजक फिल्मों का हिस्सा बनूंगा। एमी ने कहा कि पंजाब से आकर इन बड़ी मनोरंजक फिल्मों में काम करना मेरे लिए बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि इससे पहले, दिलजीत (दोसांझ) पाजी आए और पंजाबी अभिनेताओं की रूढ़ धारणा को तोड़ा, इससे हमें यहां अच्छा काम मिला। मुझे उम्मीद है कि मैं अपने काम से पंजाब और आप सभी को गौरवान्वित करूंगा। उन्होंने मजाक में पंजाबी और हिंदी फिल्म उद्योग के बीच एक समानता भी बताई। एमी ने कहा कि टीम के साथ काम करना एक बेहतरीन अनुभव था और सेट पर बहुत ही मजेदार माहौल था। पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में हम ऐसे ही शूटिंग शुरू कर देते हैं, कोई अलार्म या शेड्यूल नहीं होता। उन्होंने कहा कि यहां पर वे बेहद पेशेवर हैं और जल्दी काम शुरू करते हैं और समय पर खत्म कर देते हैं। बैड न्यूज 19 जुलाई को रिलीज हो रही है। वहीं एमी की खेल खेल में भी रिलीज होने वाली है।

तय तारीख पर रिलीज नहीं होगी अजय-तब्बू की फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म औरों में कहां दम था की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। दर्शक इस फिल्म को लेकर बेहद उत्सुक हैं। इस रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म में लंबे वक्त बाद एक बार फिर पर्दे पर अजय और तब्बू की जोड़ी देखने को मिलेगी। नीरज पांडे ने निर्देशन में बनी ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मगर नई रिपोर्ट्स के मुताबिर, फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ सकती है। इस दिनों सिनेमाघरों में नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी लगी हुई है, जिसे दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। ये फिल्म प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पाटनी जैसे सितारों से सजी हुई है। भारत में सिर्फ 4 दिनों में फिल्म ने 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में फिल्म औरों में कहां दम था के मेकर्स को डर है कि इससे उनकी फिल्म को नुकसान न हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय देवगन और तब्बू की फिल्म की रिलीज डेट को कल्कि 2898 एडी के डर से आगे खिसकाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि औरों में कहां दम था की रिलीज कुछ हफ्ते आगे बढ़ने की उम्मीद है। फिल्म की रिलीज डेट 5 जुलाई पहले से ही काफी व्यस्त तारीख थी। क्योंकि करण जौहर की किल और जान्हवी कपूर की उलझ भी इस दिन दस्तक दे रही थी। उलझ की रिलीज डेट भी आगे खिसक चुकी है।

साउथ में कमाल पर कमाल दोहरा रहीं कल्कि केकलां

बॉलीवुड की टैलेंटेड अदाकारा कल्कि केकलां दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे आने वाले दिनों में तमिल फिल्म नेसिप्पाया में नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेत्री इस फिल्म में एक वकील की भूमिका में नजर आएंगी। कल्कि केकलां हाल ही में ओटीटी पर स्ट्रीम हुई फिल्म खो गए हम कहां में नजर आई थीं। इस फिल्म में वे अहम भूमिका में नजर आई थीं। अब वेव तमिल फिल्म नेसिप्पाया में अपने अभिनय का जलवा बिखरने को तैयार हैं। सूत्रों की मानें तो अभिनेत्री इस फिल्म में पुर्तगाल में रहने वाली एक वकील इंदिरा की भूमिका निभाएंगी। कल्कि केकलां इस फिल्म से पहले अजित कुमार की फिल्म नरकोंडा पारवई में भी एक छोटी सी भूमिका में नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म से उन्होंने तमिल सिनेमा में अपना डेब्यू किया था। वहीं अब वे नेसिप्पाया एक अहम किरदार निभाती दिखेंगीं। कल्कि केकलां की यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है फिल्म होने जा रही है।

मुंज्या के 100 करोड़ क्लब में शामिल होने पर बोलीं शरवरी वाघ

सुपरनैचुरल हॉरर कॉमेडी फिल्म फिल्म मुंज्या का तूफानी कलेक्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 112 करोड़ रुपये की कमाई करते हुए 100 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री की। फिल्म के कलेक्शन से बेहद खुश एक्ट्रेस शरवरी ने कहा कि यह उनके लिए काफी खुशी का पल है, क्योंकि यह उनकी पहली फिल्म है, जिसने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। फिल्म को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पांस के बारे में शरवरी ने कहा, मैं उन बड़े सितारों से बहुत प्रभावित हूं, जिनकी फिल्मों ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। यह देखना कि इतने सारे लोग आपको देखने के लिए थिएटर में आए हैं, आपकी फिल्म और आपके काम पर अपना प्यार बरसा रहे हैं, मेरे लिए यह उत्साहजनक पल है। मुंज्या मेरे करियर की दूसरी फिल्म है और अपने करियर में इतनी जल्दी इस तरह की सफलता का स्वाद चखना काफी प्रेरणादायक है।

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि एक एक्टर के तौर पर हर कोई हमेशा यही चाहता है कि उसकी फिल्में हिट हों। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे जैसे किसी व्यक्ति के लिए, यह और भी जरूरी है, क्योंकि हर हिट मुझे बेहतर रोल व बेहतर काम पाने का मौका देती है। इस इंडस्ट्री में आगे बढ़ने का दबाव ज्यादा है, और मैं इंडस्ट्री की आभारी हूं कि उसने मुझे खुले दिल से स्वीकार किया। उन्होंने कहा, 100 करोड़ गर्ल के रूप में जाना जाना शानदार है, और यह मुझे हर बार कैमरे का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। एक एक्टर के रूप में मेरी बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। मुझे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए सही कदम की जरूरत थी, और मुंज्या ने मेरे लिए वह कर दिखाया है।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 अभिनेता आदित्य सील महारागिनी में हुआ शामिल

तेलुगु फिल्मों के शानदार निर्देशक चरण तेज उप्पलापति अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म महारागिनी लेकर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में मशहूर अभिनेत्री काजोल और प्रभुदेवा नजर आने वाले हैं। दोनों कलाकार करीब 27 साल बाद स्क्रीन पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इससे पहले ये जोड़ी साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म सपने में नजर आई थी। हाल में ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसमें काजोल का दमदार एक्शन देखने को मिला। अभिनेत्री का ये अंदाज देख कर उनके फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। इसी बीच फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में अभिनेता आदित्य सील भी शामिल हो गए हैं। उन्हें तुम बिन 2 और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 जैसी फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है। अभिनेता अपनी इस भूमिका को लेकर काफी रोमांचित हैं और उन्होंने इस अवसर को खुद के लिए काफी महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि ये उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। एक अभिनेता के तौर पर वह काजोल और प्रभुदेवा का काम देखते हुए बड़े हुए हैं, ऐसे में इन दिग्गजों के साथ पर्दे पर नजर आना, उनके लिए काफी शानदार अनुभव है। वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

ऋचा -अली फजल की गर्ल्स विल... ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल लॉस एंजिल्स में बड़ी जीत हासिल की

शुचि तलाटी द्वारा निर्देशित ऋचा चड्ढा और अली फजल की समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स ने लॉस एंजिल्स के भारतीय फिल्म महोत्सव में ग्रैंड जूरी पुरस्कार जीता। ऋचा और अली द्वारा समर्थित इस फिल्म ने पहले ही कई पुरस्कार जीत लिए थे। गर्ल्स विल बी गर्ल्स ने पहले रोमानिया में ट्रांसिल्वेनिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और फ्रांस में बियारिट्ज़ फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड जूरी पुरस्कार जीते थे। इसने सनडांस फिल्म फेस्टिवल 2024 में दो प्रमुख पुरस्कार भी जीते। इस आने वाली उम्र की ड्रामा में कनी कुसरुति और प्रीति पाणिग्रही मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की अनूठी कथा और सम्मोहक अभिनय ने कई पुरस्कार जीते हैं, जो इसके निर्माण के पीछे की प्रतिभा और दृष्टि को दर्शाता है। इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण में बनी गर्ल्स विल बी गर्ल्स 16 वर्षीय मीरा (जिसे प्रीति पाणिग्रही ने निभाया है) और उसकी माँ के साथ उसके तनावपूर्ण संबंधों के बारे में एक आने वाली उम्र का नाटक है। हिमालय के एक सख्त बोर्डिंग स्कूल में सेट की गई यह फिल्म महिला की इच्छा के सामाजिक निर्णय के लेंस के माध्यम से मीरा की किशोरावस्था के प्यार की यात्रा को दर्शाती है।

घर के आगे लगाया विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर

तेज. रिपोर्टर| श्रीगंगानगर

पीलीबंगा। शहर में गौशाला रोड़ स्थित वार्ड नंबर 4 एवं नया वार्ड नंबर 6 में स्थित प्रेम सिंह भाटी के मकान के मुख्य दरवाजा के सामने दरवाजे से मात्र 1 फीट की दूरी पर बिजली विभाग द्वारा बिना गृह स्वामी की अनुमति के 11 हजार वोल्टेज के लाइन के लिए ट्रांस फार्मर लगा दिया गया। इतना ही नहीं मकान के ऊपर से क्रॉस करते हुए तार भी मकान को छू रहे हैं। यहां पर डबल पोल का ट्रांस फार्मर लगा दिया गया। इस संबंध में मोहल्ले वासियों ने बताया कि हम सभी मोहल्लेवासी घर में सोए हुए थे तभी रात्रि में मौका पाकर विद्युत विभाग के कुछ कर्मचारी जानबूझकर घर के दरवाजे के सामने ट्रांस फार्मर लगा दिया गया।उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि दरवाजा के सामने ट्रांस फार्मर लगाने से मोहल्ले वासी व पीड़ित परिवार या बच्चे कभी भी दुर्घटना ग्रस्त हो सकते हैं। उन्होंने इसके खिलाफ बिजली विभाग के मुख्य अधिकारी को भी लिखित रूप से आवेदन देकर ट्रांस फार्मर हटाने की मांग की है। लेकिन बिजली विभाग के द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं की गयी है।उक्त समस्या के संबंध में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पीलीबंगा के सहायक अभियंता गोविंद नाथ ने बताया कि उक्त वार्ड में वोल्टेज व नऐ विद्युत कनेक्शनों में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए ऊपर से स्वीकृति लेकर उक्त विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है उक्त ट्रांसफार्मर लगने के बाद वार्ड के कुछ वासींदों द्वारा उक्त विद्युत ट्रांसफार्मर उक्त जगह से हटकर अन्यत्र जगह लगाने की मांग की गई है जिस पर जांच करवाई जाकर इस संबंध में आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर घर के गेट के आगे उक्त विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए जाने से यहाँ के वासिदों में विधुत विभाग के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है। मौके पर प्रेम सिंह भाटी, धापी बाई, रितु, अमित रिनवा, सोनू, जसविंदर पाल, ऊषा, करण, प्रताप सिंह भाटी, नाथी श्याम सुंदर वर्मा, पुष्पा वर्मा, पूजा वर्मा, रमेश सरस्वती देवी, विश्व प्रताप सिंह भाटी दीपक आदि मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

थालड़का क्षेत्र वन विभाग की टीम की बड़ी कार्रवाई चार वाहनों को जब्त किया

- खेजड़ी, शीशम, रोहिड़ा आदि की भारी मात्रा में हरी लकड़ीयां भरी हुई

तेज. रिपोर्टर| थालड़का

थालड़का क्षेत्र में रात्रि को वन विभाग की टीम की बड़ी कार्रवाई करते हुए। चार वाहनों को जब्त किया है। अवैध रूप से राजस्थान से हरियाणा में भारी मात्रा में लकड़ीया ले जाए जा रही थी। जिसमें खेजड़ी, शीशम ,रोहीड़ा आदि की भारी मात्रा में हरी लकड़ीयां भरी हुई। जानकारी के अनुसार सूचना मिलने पर मौके पर वन विभाग की टीम पहुंच कर देखा तो दो ट्रैक्टर और दो पिकअप में भारी मात्रा में खेजड़ी, शीशम, रोहीड़ा हरी लकड़ीयां भरी हुई मिली थी लगभग 200 क्विंटल लकड़ियों जब्त किया गया है। वन विभाग की टीम ने तस्करों को दबोचा और वाहनों को जब्त कर लिया। वनरक्षक राकेश अठवाल ने बताया कि बीती रात्रि को मुखबिर से सूचना मिली कि किकराली क्षेत्र से बड़ी मात्रा में कई वाहनों पर अवैध रूप से हरि लकड़ीयां भरकर ले जाए जा रही है। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची और चार वाहनों को जब्त कर लिया। बताया कि लकड़ी भरी हुई थी। राजस्थान से हरियाणा ले जाए जा रही थी ।इस क्षेत्र में लगातार वन विभाग की टीम अवैध परिवहन करने वाले लकड़ी तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। चार वाहनों के खिलाफ विभाग के उच्च अधिकारी कार्रवाई करेंगे।

डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में डॉ. नीरज अवस्थी का किया सम्मान

तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर। मीडिया मैनेजमेंट कंपनी सौरभ मीडिया द्वारा देश के ख्यातिनाम पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नीरज अवस्थी का रेनबो हॉस्पिटल में सम्मान किया गया। इस अवसर पर एडगुरू राजकुमार जैन, समाजसेवी विजय कुमार गोयल, रेनबो हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुनील अग्रवाल, नियो नेटोलॉजिस्ट डॉ. संजीव जिंदल, सौरभ मीडिया के एमडी सौरभ जैन आदि ने डॉ. अवस्थी को राजस्थानी पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान गत दिनों गए डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में किया गया। डॉ. अवस्थी बच्चों के हृदय रोग विशेषज्ञ है जिन्होंने अब तक करीब 50 हजार से ज्यादा सफल बच्चों की हार्ट सर्जरी कर दी है।

सहकारी बैंक में गिरवी रखी जमीन को बेचा, 20 लाख का लिया था कर्जा

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। नोहर इलाके में स्थित कृषि भूमि को गिरवी रख कर केन्द्रीय सहकारी बैंक से बीस लाख रुपए का कर्जा लिया और इसी जमीन को आगे बेच दिया गया। बैंक की पड़ताल में मामला पकड़े जाने के बाद मां-बेटे व एक दम्पति व तत्कालीन हल्का पटवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार हनुमानगढ़ के शाखा प्रबंधक विनोद कुमार की रिपोर्ट पर गांव परलीका निवासी चन्द्रावली, इसके पुत्र दुलीचंद स्वामी, रेणुबाला, व इसके पति परमजीत स्वामी व तत्कालीन हल्का पटवारी के खिलाफ बैंक के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। शाखा प्रबंधक ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने कृषि भूमि को गिरवी रख कर बैंक से बीस लाख रुपए का ऋण प्राप्त कर लिया, लेकिन जमीन को जमाबंदी में बैंक में गिरवी होने का इंद्राज नहीं करवाया। आरोपियों ने तत्कालीन हल्का पटवारी से मिलीभगत करके बैंक की राशि हड़प कर ली।

5 वर्ष से अधिक पुराने चैक अनादरण प्रकरण का आरोपी दोषमुक्त

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। 5 वर्ष से अधिक पुराने चैक अनादरण प्रकरण में परिवादी की ओर से विधिक देनदारी साबित करने में असफल रहने पर आरोपी को दोषमुक्त किया गया है। अदालत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रहेलिका ने चैक अनादरण के आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है। मामले के अनुसार गोलूवाला की फर्म सुरुचि ट्रेडिंग कम्पनी के प्रो. राजकुमार पुत्र रामकरण ने धारा 138 एनआई एक्ट के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट,पीलीबंगा में परिवाद दायर किया था की उसने सांवतसर निवासी सीताराम पुत्र रामचन्द्र को 7 लाख 65 हजार रूपये नगद ऋण के रूप में उधार दिए थे।आरोपी ने अदायगी पेटे 7,65,000/- रूपये का एक चैक दिया जो उसके खाते में अपर्याप्त राशि के कारण बांउस हो गया। आरोपी की परिवादी फर्म के प्रति कोई विधिक देनदारी हो,इसे परिवादी साबित करने में पूर्ण रूप से असफल रहा।जिस पर न्यायालय ने आरोपी को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त कर दिया।आरोपी की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार सोनी ने पैरवी की।

चक 103 आरडी में जमीन बेचने का झांसा देकर 40 लाख रुपए ठगे

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। राजियासर पुलिस थाना क्षेत्र के चक 103 आरडी में स्थित भूमि बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 40 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लूणकरणसर तहसील के गांव गोसूरा निवासी रामकुमार ने रिपोर्ट दी कि हनुमानगढ़ जिले के संगरिया निवसी वेदप्रकाश पुत्र गोपीराम, इसके भाई विश्वदेव व सिरसा निवासी विक्रम सिंह ने चक 103 आरडी में कृषि भूमि बेचने का झांसा देकर उससे 40 लाख रुपए ले लिये। आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री भी नहीं करवाई और रुपए भी वापिस लौटाने से इंकार कर दिया। मामले की जांच हवलदार मोहमद असलम को सौंपी गई है।

खेतों में बीटी कॉटन के निरीक्षण के लिए कृषि विभाग के अधिकारी पहुंचे

तेज रिपोर्टर. थालड़का। ग्राम पंचायत देईदास में गुरुवार को कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी थालड़का सरोज एवं कृषि पर्यवेक्षक मैना सिहाग द्वारा फील्ड का भ्रमण किया । और बीटी कॉटन के खेतों का सघन निरीक्षण कर बीटी कॉटन खेतों में फेरोमेन ट्रैप स्थापित किए। मौके पर किसानों को सहायक कृषि अधिकारी सरोज द्वारा पिक वॉल वर्म के जीवन चक्र के बारे में बताया एवं फेरोमेन ट्रैप में नर पतंग को आकर्षित कर पकड़ने की प्रक्रिया एवं 15 दिन बाद कैप्सूल बदलने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर कृषि पर्यवेक्षक मैना सिहाग ने अन्य खरीफ फसलों के बारे में जानकारी दी बीटी कपास के काश्तकारों को पिंकवोल वर्म की मॉनिटरिंग की सलाह दी गई। इस मौके पर किसान मौजूद रहे।

खरीफ फसलों के प्रबंधन की जानकारी दी

तेज. रिपोर्टर | नोहर

रामप्रताप गोदारा, सहायक निदेशक कृषि नोहर की अध्यक्षता में एक दिवसीय मासिक कार्यशाला का आयोजन कार्यालय परिसर के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित की गई जिसमें नोहर, रावतसर व पल्लू तहसील क्षेत्र में कार्यरत सभी कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में चालू वित्तिय वर्ष में निःशुल्क मिनिकिट वितरण एवं अन्य विभागीय योजनाओं के संबध में समीक्षा की गई। पूर्व में गुलाबी सुंडी के प्रभावी नियत्रंण के संबंध में सभी कृषि पर्यवेक्षक एंव सहायक कृषि अधिकारियो अपने - अपने कार्यक्षेत्र में खेतो का चयन करते हुए फेरोमेन ट्रेप लगवाने हेतु प्रत्येक सहायक कृषि अधिकारी को दस से बीस फेरोमेन ट्रेप निःशुल्क वितरित किए गए तथा कृषको को अपने स्वंय के स्तर पर फेरोमेन ट्रेप लगाने हेतु प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान मिनिकिट वितरण, डीबीटीएल स्कीम, दैनिक पंजिका व अन्य रिकार्ड का विस्तार जांच कर बताया गया कि सभी योजनाओं के रिकार्ड नियमानुसार संधारित किया जावें। तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी सुरेश कांटवा तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा बीटी कॉटन व अन्य खरीफ फसलों की प्रबंधन एंव कीट व्याधि से बचाव के संबध में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। सहायक निदेशक रामप्रताप गोदारा द्वारा सभी कृषि पर्यवेक्षक एंव सहायक कृषि अधिकारियों को बीटी कपास में गुलाबी संडी के नियंत्रण एंव प्रबंधन तथा बुवाई पूर्व पोषक तत्व प्रबंधन सहित अन्य खरीफ फसलो की फसल प्रबंधन सम्बन्धी तकनीकी जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गई।

कार ने मारी टक्कर, किसान व ऊंट घायल

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी

फेफाना थाना क्षेत्र में बीती रात ऊंट गाड़ी को पिछे से कार द्वारा टक्कर मारने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। बताते चलें कि गांव फेफाना निवासी भूपसिंह इंदौरा(55)ग्वार की बिजाई कर अपने साथी के साथ रात आठ बजे नोहर-सिरसा मार्ग से घर लौट रहा था। फेफाना ईंट भट्टे पास पिछे से आई स्विफ्ट गाड़ी नं.आरजे 49 सीए 9146 ने पिछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऊंट व गाड़ी दोनों आपस में चिपक गए और कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर थानाधिकारी विजेन्द्र शर्मा,हवलदार रामप्रताप मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि कार व ऊंट गाड़ी दोनों फेफाना की थी। जानकारी अनुसार कार में सुद्दाम और एक महिला सवार थी। हादसे में घायल लोगों को पुलिस की मदद से गांव के अस्पताल में ले जाया गया। जहां से हालात गंभीर होने पर ऊंट-गाड़ी पर सवार किसान भूपसिंह इंदौरा को सिरसा रैफर किया गया जहां इलाज जारी है। घायल किसान के बेटे राजेश ने बताया कि कार चालक पहले भी अनेकों लोगों को नुकसान पहुंचा चुका है लापरवाही से तेज स्पीड में गाड़ी चलाते हुए पिछे से टक्कर मारी थी। चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा। पशु चिकित्सकों की टीम ने घायल ऊंट का इलाज शुरू कर दिया। हादसे को लेकर फेफाना थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ।

आसमान में छाये काले बादल, रुक-रुक कर रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन

राजगढ़ उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मानसून के सक्रिय हो जाने से गुरुवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे सुबह से ही शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रुक रुक कर हल्की बारिश होती रही जिससे मौसम सुहाना हो गया पिछले दो दिनों से हुई बारिश के बाद अब मौसम में ठंडक कब घुल गई है कभी-कभी तेज हवाओं का दौर भी जारी है एक सप्ताह पहले जहां तेज गर्मी व उमस से लोगों को हलकान होना पड़ा था वहीं अब दिनभर हल्की बारिश होने से दिन एवं रात के तापमान में भी गिरावट आई है गुरुवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि दो दिन पहले तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना हुआ था पिछले दिनों की तुलना में अब गर्मी से काफी राहत मिली है दिन भर रुक-रुक कर हल्की बारिश ने सावन की झड़ी का एहसास कर दिया जिले में मौसम पूरी तरह सुहाना हो गया यहां बुधवार शाम से ही जिले भर में मानसून सक्रिय हैं अल सुबह से ही रुक रुक कर बारिश का दौर जारी है हल्की बारिश से राहगीरों को भी चारों ओर रास्ते कीचडयुक्त होने से आवागमन मे परेशानी हुई सुबह से दोपहर तक अंचल में हल्की बारिश से हर रोज रूटीन का कामकाज प्रभावित रहने से लोगों को घरों में ही रहना पड़ा ग्रामीण नेतराम मेहरा ने बताया हल्की बारिश क्षेत्र में की गई खरीफ फसलों की बुवाई के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगी तथा भीषण गर्मी के दौरान थार के रेगिस्तान मरुभूमि में खेतों एवं वन क्षेत्रों में झुलसे पेड़ पौधों को संजीवनी मिली है ऐसे में पेड़ पौधे फिर से हरे भरे होने लगे हैं इस दौरान हरियाणा निकटवर्ती गांवो भाकरां सुधिवास बीराण भोजाण जीराम बास खैरु बड़ी बालाण कामाण कालरी ढाणी खुडानी आदि ग्रामीण क्षेत्र में पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए रुक रुक कर हल्की बारिश के बाद मौसम ठंडा एवं सुहाना रहा दिन भर बादलवाई का दौर बना रहा।

सीएचसी सांखूफार्ट में योगसत्र आयोजित

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन

राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में साँखूफार्ट में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की कार्यवाहक प्रभारी डॉ कविता सहारण के सानिध्य में आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर प्रभारी डॉ नवीन बेनीवाल के दिशानिर्देशानुसार विशेष योगसत्र आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने आहुत किया । योगाचार्य भारतीय ने सूक्ष्म व्यायाम, यौगिक जॉगिक, प्राणायाम भस्त्रिका, कपाळ्भाती, शीतकारी, नाड़ी शोधन के साथ साथ विभिन्न रोगानुसार योगिक क्रियाओं की विधि,टाइमिंग,निरंतरता व समय्क्ता के लिए आष्टांग योग की वैज्ञानिकता प्रमाणिकता व सार्वभोमिकता में आधुनिक चिकित्सा पद्धति का आयुष रोग-निदान प्रणाली में दैनिक योगाभ्यास, प्रकृति परीक्षण, आहार, दिनचर्या, ऋतूचर्या के सामंजस्य स्थापित करने पर विस्तारपूर्वक विवेचना की। इस मौके पर नर्सिंग ऑफिसर रुक्मणी घोटड़, संजय कुमार सोलड़ा, जीएनएम् सुमन डूडी, नमिता, एएनएम निर्मला, प्रमिला, उर्मिला, होम्योपैथिक कम्पाउडर चंद्रकला, ऑपरेटर धर्मवीर, विजय, सुभाष डूडी, सुरेश वाल्मीकि, भूरी देवी, महावीर आदि चिकित्साकर्मियों के अलावा ग्रामीणजन महावीर जांगिड़, 108 एम्बुलेंस संचालक अजय सिहाग, मनोजकुमार आदि ने योगाभ्यास कर पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण,सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति के लिए ईको ब्रिक निर्माण से निस्तारण व स्वच्छ समृद्ध स्वस्थ भारत निर्माण का संकल्प लिया। विभागीय रूटीन चेकअप पर आये बिसीएमओ डॉ मनोज झाझडिया ने समय समय पर इस प्रकार से योगसत्र आयोजित करते रहने के साथ ही दसवें विश्व योग दिवस की थीम स्वयं के लिए योगट्टसमाज के लिए योग को साकार करने के लिए वे आयुष विभाग के स्थानीय वैलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक ओषधालय की नियमित योग सेवा का स्वयं लाभ उठाने और समाज को परामर्श देने के लिए निर्देश व सुझाव दिये। कार्यवाहक प्रभारी डॉ कविता सहारण ने योगाचार्य भारतीय का आभार प्रकट करते हुए सभी उपस्थितजनों से योग को दैनिक जीवन का अंग बनाने का आह्वान किया।

रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के तानाशाहों से अनेक देशों को खतरा

(नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की सनक चरम पर)



संजीव ठाकुर
विश्व रिकार्ड धारक
लेखक छत्तीसगढ़

पूरा विश्व तीन देशों चीन, रूस और उत्तरी कोरिया के सनकी तानाशाहों के चलते पूरा विश्व युद्ध की आशंका से ग्रसित हैं। रूस यूरोपीय देश और यूक्रेन के साथ युद्ध में उसे तहस-नहस करने पर आमादा है और रूस ने यहां तक कह दिया है कि यदि अमेरिका ब्रिटेन सहित यूरोपीय देश यूक्रेन का खुलकर साथ देंगे तो वह परमाणु हमला भी कर सकता है। उधर चीन ताइवान को अपने देश का अभिन्न अंग मानता है दूसरी तरफ ताइवान अपने को स्वतंत्र राष्ट्र की तरह मान्यता देता है और अमेरिका यूक्रेन तथा देश को खुलकर मदद देने के लिए कटिबद्ध है, उधर नॉर्थ कोरिया अपनी विस्तारवादी सनक को लेकर साउथ कोरिया पर कब्जा जमाना चाहता है और साउथ कोरिया की अमेरिका से दोस्ती उसको फूटी आंखों नहीं भाती है। रूस,चीन और नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग,व्लादिमीर पुतिन,सी जिन पिंग समय-समय पर अपने विरोधियों और विरोधी नागरिकों को मौत के घाट उतारने से भी नहीं चुकते हैं। आपको याद होगा कि रूस में व्लादिमीर पुतिन ने अपने विद्रोही कमांडर की हत्या करवा दी थी और उसे सामान्य मौत का रूप दे दिया था इसी तरह शी जिनपिंग ने अपने विरोधियों की कई हत्याएं की है। इसी तरह नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन आजकल अपनी सनक की चरम सीमा पर है। नॉर्थ कोरिया की न्यूज़ एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया के तानाशाह ने एक बार फिर अपनी सनक के चलते एक नौजवान की जान ले ली,इस नौजवान को जिसकी उम्र 22 साल थी सरेआम मौत की घाट उतार दिया,उसका जुर्म सिर्फ इतना था कि वह साउथ कोरिया देश के लोकप्रिय संगीत को सुन रहा था आरोप लगाया गया था कि उसने साउथ कोरिया के पॉप संगीत और फिल्में देखकर उत्तर कोरिया के सख्त कानून को तोड़ा है। इसी तरह एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हुंग प्रांत के रहने वाले इस नौजवान को दक्षिण कोरिया के लगभग 70 गाने सुनने और तीन मशहूर फिल्मों को देखने का गुनहगार बताया गया और उसे मौत की सजा दे दी गईद्य युवक की हत्या से उत्तर कोरिया के नागरिकों बीच काफी निराशा तथा विद्रोह के स्वर मुखर हुए हैंद्य उल्लेखनीय है कि नॉर्थ कोरिया के पुलिस वाले अक्सर नागरिकों के मोबाइल को चेक कर यह देखते हैं कि उनमें बजने वाला वाला संगीत किस तरह का है और यदि वह प्रतिबंधित संगीत या फिल्म देखते हैं तो उन्हें बहुत कड़ी सजा दी जाती है। इसके अलावा उत्तर कोरिया में दुल्हनों को सफेद ड्रेस पहनना, दूल्हे को दुल्हन को साथ ले जाना, धूप का चश्मा लगाना एवं शराब पीने के लिए कांच के गिलास का इस्तेमाल करना अपराध है और इसके उल्लंघन में कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है. नॉर्थ कोरिया की तानाशाह की सड़क चरम सीमा पर पहुंच गया है. उत्तर कोरिया में 2020 में रिएक्शनरी आईडियोलॉजी एंड कल्चर कानून बनाया गया जिसके तहत कई सामान्य चीजों को प्रतिबंधित कर दिया गया दक्षिण कोरिया के किसी भी संगीत पर बैन लगा दिया गया इसी तरह अन्य आवश्यक गतिविधियों पर भी कठोर कानून बनाए गए हैं। उत्तर कोरिया में खानपान तथा पहनावे को लेकर भी बेहद कड़े कानून है यहां कोई भी व्यक्ति चिपकी हुई जींस नहीं पहन सकता है एवं हर तरह के अपने मन माफिक हेयर स्टाइल भी नहीं रख सकता और विदेशी भाषा में लिखें टी-शर्तों पर भी प्रतिबंध है। उत्तर कोरिया के नागरिकों को दक्षिण कोरिया की संस्कृति संगीत और ड्रामा बहुत पसंद आता है पर यह बात उत्तर कोरिया की तानाशाह को अपने विरोध में नजर आती है और वह इसे अपनी चुनौती मानता है इसलिए उसने इन सब गतिविधियों पर कड़े कानून एवं प्रतिबंध लगा दिए हैं. इन प्रतिबंधों के नियमों के उल्लंघन में वह नागरिकों को मौत की सजा देने से भी परहेज नहीं करता है। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन अपनी सनक के चलते लगातार परमाणु परीक्षण भी किया जा रहा है। नॉर्थ कोरिया, रूस तथा चीन के साथ मिलकर अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है वह केवल सेवा के दम पर उत्तर कोरिया में राज कर रहा है वहां की जनता त्राहि त्राहि करने लगी है। अब वहां भी विद्रोह के स्वर सुनाई देने लगे हैं। यह तो तय है कि रूस चीन और नॉर्थ कोरिया में जब भी वहां के आम नागरिकों को मौका लगेगा वह विद्रोह कर इन लोगों को अपदस्त करने से नहीं चूकेंगे। नॉर्थ कोरिया में तानाशाह अपने आपको भगवान घोषित कर चुका है और रूस के तानाशाह लगातार पांचवीं बार जीत कर अपने आप को सबसे बड़ा शासक निरूपित करने में लगे हैं हालांकि यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस के अरबो रुपए और लाखों लोग जान गंवा चुके हैं फिर भी इनका तानाशाह रूप और सनक कम नहीं हो रही है और यही कारण है कि एशिया के कई देशों सहित अमेरिका, ब्रिटेन कनाडा फ्रांस एवं अन्य देश परमाणु युद्ध की आशंका से ससंकित है क्योंकि यदि रूस या नॉर्थ कोरिया अपना परमाणु हथियार इस्तेमाल करतें है तो वह किसी एक देश के खिलाफ नहीं होगा बल्कि वह कई अन्य देशों को अपनी लपेट में लेकर लाखों लोगों की जान ले सकता है ऐसे में तीनों तानाशाहों को रोकने और नियंत्रित करने में भारत के रुस एवं यूक्रेन से अच्छे संबंधों के चलते भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। विकास के लिए मानवता के लिए एवं आने वाली पीढ़ी के लिए शांति तथा अमन बहुत महत्वपूर्ण है और विश्व युद्ध को टालना एक अहम मुद्दा होगा।

आगामी पांच वर्षों में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दुगना

प्रहलाद सबनानी

आगे आने वाले लगभग 10 वर्षों में भारत में 10 करोड़ नागरिक गरीबी से निकलकर मध्यम वर्गीय परिवार बन सकते हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 45 करोड़ हो जाएगी। जबकि हाई नेटवर्थ नागरिकों की संख्या 50 लाख के आस पास ही है। इससे नागरिकों की खरीद क्षमता बढ़ेगी और उत्पादों की खपत भी बढ़ेगी। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होने से गरीबी कम होती है। परंतु, महंगाई एवं विकास दर में संतुलन होना भी आवश्यक है।

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्षों में दुगना हो जाए।

आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे।

वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401ङ योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है।

भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल

बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा।

पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है।

भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है।

पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है। इसके परिणाम कई क्षेत्रों जैसे सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल्वे, फार्मा, औटोमोबाइल, ड्रोन निर्माण, सेमी कंडक्टर, फूड प्रासेसिंग, एयरो स्पेस, आदि में दिखाई भी देने लगे हैं।

भारत शेयर बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से विश्व में आज अमेरिका, चीन, जापान, हांगकांग के बाद 5वें स्थान पर है। तीसरे स्थान पर शीघ्र ही आ सकता है। आगामी 10 वर्षों में बहुत सम्भव है कि भारत दूसरे स्थान पर भी आ जाए क्योंकि चीन और जापान के आर्थिक क्षेत्र में जिस प्रकार की समस्याएं दिखाई देने लगी हैं, इससे अमेरिका के बाद भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ सकता है। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से विश्व में भारत तीसरे स्थान पर ही आ पाएगा। वर्तमान में भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही हो पाया है।

आगे आने वाले लगभग 10 वर्षों में भारत में 10 करोड़ नागरिक गरीबी से निकलकर मध्यम वर्गीय परिवार बन सकते हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 45 करोड़ हो जाएगी। जबकि हाई नेटवर्थ नागरिकों की संख्या 50 लाख के आस पास ही है। इससे नागरिकों की खरीद क्षमता बढ़ेगी और उत्पादों की खपत भी बढ़ेगी। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होने से गरीबी कम होती है। परंतु, महंगाई एवं विकास दर में संतुलन होना भी आवश्यक है। यदि मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है तो यह गरीब वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित करती है अतः विकास दर को कम रखने का प्रयास किया जाता है ताकि महंगाई की दर को कम किया जा सके। इसी नियम को विश्व के कई देश लागू कर रहे हैं इसीलिए वैश्विक स्तर पर विकास दर भी कम हो रही है। परंतु भारत में महंगाई की दर को नियंत्रण में रखने में सफलता मिली है इसीलिए भारत की विकास दर भी 7 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। हालांकि यदि महंगाई को यदि और अधिक नियंत्रण में (लगभग 3 प्रतिशत) लाया जा सके तो भारत की आर्थिक विकास दर 8 से 9 प्रतिशत तक जा सकती है। भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में किसी प्रकार की जोखिम दिखाई नहीं दे रही है परंतु भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के चलते ही हो सकती है।

संपादकीय

लापरवाही के हादसे

उत्तर प्रदेश में हाथरस के सिकन्द्राराऊ के पुलराई गांव में आयोजित सत्संग में मची भगदड़ से 125 लोगों की मौत हो गई। अनेक लोग घायलावस्था में अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। पुलिस के अनुसार मरने वालों की संख्या 116 बताई जा रही है। कथावाचक नारायण साकार हरिनाम जिसे विश्व हरि भी कहा जाता है, का यह सत्संग था जो एटा से अलग हुए कासगंज के पटियाली के बहादुरपुर गांव का मूल निवासी बताया जाता है। इसका असली नाम सूरजपाल जाटव है। उप्र पुलिस में कान्सटेबल जाटव छेड़खानी के मामले में निलंबित कर दिया गया था, बाद में बर्खास्त हो गया। अदालत द्वारा नौकरी बहाल किए जाने के बाद जाटव ने दावा किया कि परमात्मा से उनका सीधा संवाद होता है। इसके बाद तो उनके साथ-साथ धर्मभीरु जनता जुड़ती चली गई और बड़े-बड़े आयोजन होने लगे, जिनमें हजारों की संख्या में गरीब और वंचित शामिल होते हैं। कुचल कर मरने वालों में महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा है। तीन साल पहले इसी बाबा के इटावा के नुमाइश मैदान में हुए सत्संग के दौरान भी अफरातफरी हुई थी। बेशकीमती चश्मा और सफेद कपड़े पहनने वाले बाबा के वदीधारी स्वयंसेवकों की लंबी-चौड़ी फौज बताई जा रही है। कार्यक्रम के लिए प्रशासन से केवल कुछ लोगों के शामिल होने की अनुमति थी। आयोजन स्थल के भीतर की व्यवस्था का जिम्मा स्वयंसेवकों का होता है। यह भीषण त्रासदी पुलिस-प्रशासन के गैर-जिम्मेदाराना रवैये का सबब कही जाएगी क्योंकि गांव की तरफ आ रही भारी भीड़ की अनदेखी की गई। चश्मदीदों के अनुसार भक्तों में बाबा के चरण छूने की मची होड़ का नतीजा थी यह भगदड़। बाबा फरार बताया जा रहा है और उसकी लोकेशन ट्रेस करने के प्रयास जारी हैं। सत्संग के व्यवस्थापकों का कोई अता-पता नहीं है। इस तरह के आयोजनों, मेलों और विशाल कार्यक्रमों के प्रति मुस्तैदी क्यों नहीं बरती जाती। साल में कई दफा भीड़ के भगदड़ में कुचल कर मारे जाने के बावजूद सरकार की चुप्पी हैरान करने वाली प्रतीत होती है। मात्र संवेदनाएं व्यक्त करने से मृतकों के परिवार संतुष्ट नहीं हो सकते। यह बड़ी चूक है। श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए भी ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था की जानी जरूरी है, जिससे इस तरह के हादसों से वे सुरक्षित रहें। भले ही इस पर पड़ने वाले आर्थिक भार की वसूली व्यवस्थापकों से की जाए परंतु जनता के प्रति जिम्मेदाराना रवैया निभाने से मुकरना कतई उचित नहीं है।

चिंतन-मनन

शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ।

उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा।

उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीडघ्तों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

झूठ और सच के बीच झूलती संसद



राकेश अचल

अठरहवीं संसद का पहला सत्र हालाँकि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है ,लेकिन देश ने देखा कि नयी संसद भी पुरानी संसदों की तरह झूठ और सच के बीच झूल रही है। संसद में यदि सदन के नेता सच नहीं बोल रहे तो विपक्ष के नेता भी झूठ का सहारा ले रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गलतबयानी को सेना ने शहीद अग्निवीरों की दी जाने वाली आर्थिक सहायता देने वाले बयानों ने उजागर कर दिया है।

भारतीय संसद की कार्रवाई का जबसे टीवी पर सीधा प्रसारण शुरू हुआ है तब से शायद ऐसा कोई भी मौका होगा जब मैंने उसे न देखा हो। मै लगातार देख रहा हूँ कि संसद में लगातार झूठ बोलने की परम्परा चल पड़ी है। न सरकार झूठ बोलने से हिचकती है और न विपक्ष। सरकार को तो कदम-कदम पर झूठ का सहारा लेना पड़ता है। झूठ सुनने और कहने के लिए अभिशप्त देश की संसद आखिर करे तो क्या करे ? संसद में झूठ बोलना कानून और संसदीय प्रक्रिया के तहत अपराध है । संसद में झूठ बोलना संसद के विशेषाधिकार का दुरूपयोग भी है और हनन भी,लेकिन अभी तक इस कानून और व्यवस्था के तहत न किसी प्रधानमंत्री को और न किसी मंत्री को और न किसी विपक्षी नेता को दण्डित किया गया और न शायद किया जा सकेगा।

मुझे याद है कि कोविडकाल में कैसे तबके स्वास्थ्य मंत्री ने देश में कोविड से हुई मौतों, आक्सीजन की उपलब्धता और दवाओं की कमी के बारे में सफेद झूठ बोला था ,लेकिन विपक्ष कुछ नहीं कर पाया। इसी तरह विपक्ष के अनेक नेता झूठ का सहारा लेकर सरकार पर वार करते आये हैं किन्तु किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी ,क्योंकि सभी तो इस मामले में मौसेरे भाई है। इस मामले में मीडिया भी कम नहीं है। मीडिया ने भी संसद में सरकार और विपक्ष के झूठ को न कभी पकड़ने की कोशिश की और न उसे उजागर करने का कभी कोई भी जोखिम लिया ।

लोग पूरी बेशर्मी से झूठ बोलते हैं। झूठ का सहारा लिए बिना न संसद चल रही है और न देश। झूठ किसी भी पक्ष का हो उसे पकड़ने के लिए,उजागर करने के लिए श्रम करना पड़ता है ,लेकिन कोई ये तकलीफ उठाने के लिए तैयार नहीं है। देश और दुनिया ने देखा कि पिछले दिनों आम चुनाव के दौरान सरकार ने कितने बड़े-बड़े सफेद झूठों का सहारा लिया ,बावजूद स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पायी। यही हाल विपक्ष का हुआ,उसे भी सत्ता से मीलों दूर ठिठक जाना पड़ा,क्योंकि आखिर झूठ तो झूठ होता है। झूठ के पांव नहीं होते। आखिर झूठ कितना दौड़ सकता है ?

बकौल गूगल गुरु -झूठ एक असत्य बयान के रूप में दिया गया एक प्रकार का धोखा है , जो विशेष रूप से किसी को धोखा देने की मंशा से बोला जाता है। प्रायः झूठ का उद्देश्य होता है किसी राज या प्रतिष्ठा को बरकरार रखना, किसी की भावनाओं की रक्षा करना या सजा या किसी के द्वारा किए गए कार्य की प्रतिक्रिया से बचना। झूठ बोलने का तात्पर्य कुछ ऐसा कहने से होता है जो व्यक्ति जानता है कि गलत है या जिसकी सत्यता पर व्यक्ति ईमानदारी से विश्वास नहीं करता और यह इस इरादे से कहा जाता है कि व्यक्ति उसे सत्य मानेगा. एक झूठा व्यक्ति ऐसा व्यक्ति है जो झूठ बोल रहा है, जो पहले झूठ बोल चुका है, या जो आवश्यकता ना होने पर भी आदतन झूठ बोलता रहता है।

हमारे पृथक बुंदेलखंड आंदोलन के संरक्षक और कांग्रेस के बड़े नेता तथा मंत्री रहे स्वर्गीय विठ्ठल भाई पटेल ने तो बॉबी फिल्म के लिए एक गीत ही ऐसा लिखा था जो जनता की जुबान पर युगों तक चढ़ा रहा। उन्होंने लिखा था कि - झूठबोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो दुर्भाग्य ये है कि हमारे यहां झूठ बोलने वाली सरकार हो या विपक्ष किसी काले कौवे से ,किसी काले कानून से डरती ही नहीं है और 56 इंच का सीना फुलाकर झूठ पर झूठ बोलती जाती है। झूठ बोलने का सिलसिला हरि अनंत ,हरि कथा अनंता की तरह अनंत है। गांधी जी झूठ बोलने के खिलाफ थे और शायद उन्होंने कभी झूठ का सहारा देश को आजाद करने के लिए नहीं लिया। हमारे यहां एक हरिश्चंद्र हुए थे जिन्हें सत्यवादी कहा जाता था। लेकिन इस विरासत पर हमने रत्ती भर गर्व नहीं है। हम लगातार झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं और सत्य को आहत कर रहे हैं। ये सिलसिला न कांग्रेस के जमाने में रुका और न भाजपा के जमाने में। आगे किसका जमाना आएगा ये हमें मालूम नहीं।

इस मामले में मेरा भरोसा कीजिये कि मै प्रायः झूठ नहीं बोलता । जरूरत पड़ने पर जनहित में मैंने अनेक बार झूठ बोला है ,लेकिन मेरा झूठ राहुल गांधी या मोशा की जोड़ी के झूठ की तरह कभी पकड़ा नहीं गया। मुझे अपने झूठ के लिए कभी शर्मशार नहीं होना पड़ा। जब हम बच्चे थे और हमने गांधी या सत्यवादी हरिश्चंद्र के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जाना था तब भी हम आपस में कहते थे कि - झूठ बोलना पाप है,नदी किनारे सांप है यान हमारे संस्कारों में झूठ को कभी महत्ता नहीं दी गई। हमारे सनातन धर्म ग्रन्थ भी झूठ से दूर रहने कोई सीख देते रहे हैं।हम हमेशा गाते हैं कि -सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है । लेकिन हम न खुदा से डरते हैं,न ईश्वर से।

झूठ का कोई एक रंग नहीं होता। कोई झूठ सफेद होता है तो कोई काला,कोई सतरंगी भी होता है। आपने मुमकिन है कि हर तरह का झूठ सुना हो ,लेकिन इस सदी के दो बड़े झूठ है। पहला कांग्रेस के जमाने में कहा गया झूठ गरीबी हटाओ का था दूसरा सबसे बड़ा झूठ मोदी युग में अच्छे दिन आएंगे का झूठ था। देश से न गरीबी हटी और न अच्छे दिन आये । आज भी देश में 90 करोड़ गरीब हैं। जबकि सरकार कहती है कि उसने पिछले दस साल में 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला।

विज्ञान ने झूठ और सच को पकड़ने के लिए मशीन भी बनाई जिसे अंग्रेजी में लाय डिटेक्टर कहते है। लेकिन ये मशीन भी सौ फीसदी भरोसे की नहीं है। झूठ बोलने वाले दुर्दांत लोग इस मशीन को भी धोखा देने में कामयाब हो जाते हैं। जांच एजेंसियां इस मशीन का अक्सर इस्तेमाल करतीं है ,लेकिन इस मशीन का इस्तेमाल आजतक किसी प्रधानमंत्री,मंत्री,सांसद या विधायक के झूठ को पकड़ने के लिए नहीं किया गया। सरकार को ईडी ,सीबीआई के साथ ही अब लाय डिटेक्टर का इस्तेमाल भी विरोधियों को जेल की हवा खिलने के लिए करना चाहिए। सबसे पहले इसे जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर और बाद में सत्तारूढ़ दल के किसी भी नेता पर ,राहुल गांधी पर आजमाया जा सकता है।

झूठ के मामले में हमारे नेता सुधरने वाले नहीं है। सत्तापक्ष हो या विपक्ष झूठ बोलने से बाज आने वाला नहीं है ,इसलिए सच तक पहुँचने के लिए अपना तीसरा नेत्र खोलने की कोशिश करते रहिये ,अन्यथा आप झूठ के दंश से अपने आपको,आने वाली पीढ़ी को बचा नहीं पाएंगे।

जन्म जयन्तीः रामविलास पासवान दलित महानायक एवं विकासपुरुष थे

बिहार की राजनीति में चमत्कार घटित करने वाले, भारतीय दलित राजनीति के शीर्ष नेता एवं पूर्व केन्द्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री रामविलास पासवान का जीवन राजनीति में नये मूल्यमानक गढ़ने का प्रेरक रहा है जिन्होंने राजनीति में पाँच दशकों से भी ज्यादा समय तक सक्रिय रहकर विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री तक की जिम्मेवारी बखूबी निभाई थी। पासवान को एक ऐसा नेता माना जाता है जिन्हें हर धर्म और समुदाय के लोगों का प्यार व समर्थन हासिल हुआ और वे देश में विकास पुरुष के तौर पर जाने गए। मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू के में पासवान की अहम भूमिका रही। उनके रेलमंत्रित्व काल में बिहार में कई परियोजनाएं शुरू हुईं और जिस भी मंत्रालय में वे रहे, उनकी चिंताओं के केंद्र में हमेशा गरीब-गुरबा और हाशिए पर रहनेवाले लोग ही रहे। रामविलास पासवान का जीवन दलित सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक जीवंत दस्तावेज है। 5 जुलाई 2024 को उनका 78वां जन्म जयन्ती समारोह राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की वर्ष 2000 में स्थापना की एवं संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से उनका राजनीति सफर शुरू हुआ। वे अकेले ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व थे जिन्हें अनेक प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का मौका मिला और वे दो बार लोकसभा में सदन के नेता भी रहे। उन्होंने 1977 में हाजीपुर से रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत कर एक अनूठा इतिहास बनाया। उन्होंने दलितों से लेकर सर्वहारा वर्ग के लिये हमेशा आगे बढ़कर एक कर्मयोद्धा की भांति लड़ाई लड़ी। 1969 से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले रामविलासजी ने जेपी आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और फायरब्रांड समाजवादी के रूप मे उभरे। वे वंचित वर्गों की आवाज मुखर करने वाले तथा हाशिए के लोगों के लिए सतत संघर्षरत रहने वाले जनसेवक थे। उनका जीवन राजनीति में न केवल दलितों-वंचितों के उन्नायक महानायक बल्कि उच्च चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का प्रेरक था।

पासवानजी का जन्म बिहार के खगरिया जिले के अलौली प्रखंड के शाहरबन्नी गाँव में हुआ। अनुसूचित जाति के परिवार में पिता जामुनजी पासवान एवं माता सियादेवी की कुक्षी से आपका जन्म 5 जुलाई, 1946 को हुआ। उन्होंने 1960 के दशक में राजकुमारी देवी से पहली शादी की जिसे 1981 में तलाक दे दिया था। उनकी पहली पत्नी राजकुमारी से उषा और आशा दो बेटियां हैं। 1983 में, अमृतसर से एक एयरहोस्टेस और पंजाबी हिन्दू रीना शर्मा से दूसरा विवाह किया। जिससे उनके एक बेटा और बेटी है। उनके बेटे चिराग पासवान एक अभिनेता से राजनेता बने हैं, वर्तमान में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और हालही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर वे अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए केन्द्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ह्यहनुमानह्ल के रूप में वे उनके विश्वासपात्र है।

श्री रामविलास पासवान का राजनीति जीवन अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं का समवाय रहा है। उन्होंने 11 बार चुनाव लड़ा और उनमें से नौ बार जीत हासिल की थी। वे सत्रहवीं लोकसभा में मोदी सरकार में एक बार फिर से उपभोक्ता मामलात मंत्री बने। बिहार में कभी बड़ी ताकत नहीं बन पाए पासवान ने दिल्ली की राजनीति में खुद को एक ताकत बनाए रखा और तीन दशकों तक देश के विभिन्न प्रधानमंत्रियों की जरूरत बने रहे। विश्वनाथ प्रताप सिंह, एच डी देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी बाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकारों में भी अहम पदों पर रहे। भारतीय राजनीति के इस जुझारू एवं जीवट वाले नेता ने राजनीति में कर्मयोगी की भांति जीवन जीया। यह सच है कि वे बिहार के थे यह भी सच है कि वे लोजपा के थे किन्तु इससे भी बड़ा सच यह है कि वे राष्ट्र के थे, राष्ट्रनायक थे। देश की राजनीति में वे दुर्लभ एवं संवेदनशील व्यक्तित्व थे। गरीबों, वंचितों, दलितों की आवाज बनने वाले इस विलक्षण राजनेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की अनेक विशेषताएं थी, वे उदात्त संस्कार, लोकजीवन से इतनी निकटता, इतनी सादगी-सरलता, इतना धर्म-संस्कृतिप्रेम और इतनी सचाई ने उनके व्यक्तित्व को बहुत और बहुत ऊँचा बना दिया था। वे अन्तिम साँस तक देश की एवं दलितों-वंचितों की सेवा करते रहे। उनका निधन एक राष्ट्रवादी सोच की राजनीति एवं सर्वहारा वर्ग के मसीहा महानेता का अंत था। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे। उनके जीवन को राजनैतिक जीवन में शुद्धता की, मूल्यों की, संस्कृति की, दलित राजनीति की, सर्वहारा वर्ग के लिये संघर्ष की, सिद्धांतों पर अडिग रहकर न झुकने, न समझौता करने की प्रेरकता का विलक्षण एवं अनुकरणीय उदाहरण था। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। बिहार के लिए सचमुच वे 'राम' यानी सबके प्रिय एवं चेहते थे। एक युवा नेता के रूप में उन्होंने आपातकाल के दौरान अत्याचार और लोकतंत्र पर हमले का सशक्त एवं प्रभावी विरोध करते हुए अपनी स्वतंत्र राजनीतिक सोच एवं दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

जरूरतमंदों की सहायता करते हुए, नये राजनीतिक चेहरों को गढ़ते हुए, मुस्कराते हुए और हंसते हुए छोटों से स्नेहपूर्ण व्यवहार और हम उम्र लोगों से बेलौस हंसी-मजाक करने वाले श्री रामविलास पासवान की जिंदगी प्रेरक, अनूठी एवं विलक्षण इस मायने में मानी जाएगी कि उन्होंने जिंदगी के सारे सरोकारों को छुआ। वह राजनेता थे तो उन्होंने दलित-वंचितों के लिये आवाज उठाई, सर्वहारा वर्ग की चिन्ता की, उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका दृष्टिकोण व्यापक था और दलित हितों से प्रतिबद्ध था। वे दलित आंदोलनकारी और राजनीतिक घटनाक्रमों के सूत्रधार भी रहे।

– ललित गर्ग

ब्राजील में भयावक बाढ़ से 180 लोगों की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में कई हफ्ते से बाढ़ का कहर जारी है। बाढ़ से कम से कम 180 लोगों की मौत हो गई है और 32 लोग लापता बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रियो ग्रांडे डो सुल में 29 अप्रैल को मूसलाधार बारिश शुरू हुई और कई दिनों तक जारी रही। इसके कारण पूरे राज्य के शहर जलमग्न हो गए। जून के मध्य में बाढ़ कम होने के बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुआ। रिपोर्ट में कहा कि खराब मौसम के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित 478 शहरों के लगभग 2,398,255 निवासी प्रभावित हुए हैं। साथ ही 450,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सामाजिक संचार सचिव पाउलो पिमेन्टा के मुताबिक, ब्राजील सरकार ने रियो ग्रांडे डो सुल के पुनर्निर्माण के लिए 85.7 बिलियन रियल (लगभग 15.4 बिलियन डॉलर) आवंटित किए हैं।

सुनक ने पत्नी अक्षता संग डाला वोट , आज मिलेगा अंग्रेजों को नया पीएम

लंदन। यूनाइटेड किंगडम में गुरुवार सुबह 7 बजे से मतदान हो रहा है। मतदान रात 10 बजे तक चलेगा। मतदान समाप्त होने के बाद रात 10 बजे एक एग्जिट पोल परिणाम का पहला संकेत आएगा, जिसके विस्तृत परिणाम शुक्रवार की शुरुआत में आने की उम्मीद है। इस साल के यूके चुनाव के लिए जनमत सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि केंद्र-वाम लेबर पार्टी गुरुवार के चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए तैयार है। इसके बाद संभावित रूप से 14 साल के कंजर्वेटिव शासन का अंत होगा और स्टार्मर को 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में स्थान मिल जाएगा। वहीं रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार ऋषि सुनक ने उत्तरी यॉर्कशायर में अपना वोट डाला है। मतदान शुरू होने के लगभग तीस मिनट बाद वह और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति नॉर्थहेलर्टन के एक गांव के हॉल में अपने मतदान केंद्र पर गए।

हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

ओटावा। पश्चिमी कनाडा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई और दो अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी स्वामित्व वाला हेलीकॉप्टर ब्रिटिश कोलंबिया के कोलंबिया घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में पायलट की मौत हो गई और बचे हुए यात्रियों को ऐसी चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया जो जानलेवा नहीं थीं।

उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण आग... 26,000 लोगों सुरक्षित निकाला

ऑरोविल। उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण गर्मी के बीच जंगल में लगी आग ने पूरे क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। जिसके मद्देनजर करीब 26,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं वहीं आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर से पानी डाला ला रहा है। सैक्रामेंटो से करीब 110 किलोमीटर दूर बट काउंटी के ऑरोविल शहर के पास वन क्षेत्र में सबसे पहले आग लगी, इससे धुएं का विशाल गुबार उठा। इस बीच दोपहर को ऑरोविल से लगभग आठ किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्रब्स नामक स्थान पर आग लग गई, जिसके कारण पलेर्मो शहर के लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) के अनुसार, राज्य में 12 से अधिक स्थानों पर आग लगी हुई है, हालांकि इनमें से अधिकांश स्थानों पर आग ने विकार रूप धारण नहीं किया है।

पश्चिमी सूडान में तोपखाने हमले में 15 की मौत

खार्तूम। पश्चिमी सूडान में राजधानी एल फशर के एक बाजार में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के तोपखाने हमले में करीब 15 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खतिर ने बताया, सभी मृत और घायल नागरिक थे। उन्हें एल फशर में अल-मवाशी (पशुधन) बाजार को निशाना बनाया गया था। राजधानी एल फशर में 10 मई से भीषण झड़पें हो रही हैं। यह 15 अप्रैल, 2023 के बाद से सूडानी सशस्त्र बलों और आरएसएफ के बीच व्यापक संघर्ष की नवीनतम वृद्धि है। पिछले महीने मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के नवीनतम अपडेट के अनुसार, इस घातक संघर्ष ने अब तक करीब 16,650 लोगों की जान ले ली है।

जबरन नसबंदी... पीड़ितों को मुआवजा दे जापान सरकार, जापान के शीर्ष न्यायालय का फैसला

तोक्यो। जापान के शीर्ष न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में जापान सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके 'यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ' के तहत जबरन नसबंदी की गई थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बना था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गई। वादी के वकीलों ने जापान में ''युद्ध के बाद के युग में सबसे बड़ा मानवाधिकार उल्लंघन'' बताया। अदालत ने कहा कि 1948 का यह कानून पूरी तरह असंवैधानिक था। फैसला 39 में से 11 वादियों के लिए था जिन्होंने अपने मामले की देश के उच्चतम न्यायालय में सुनवाई कराने के लिए जापान की पांच निचली अदालतों में मुकदमे लड़े। अन्य वादियों के मुकदमे अभी लंबित हैं। इनमें से कई वादी व्हीलचेयर पर आश्रित हैं। उन्होंने फैसले के बाद अदालत के बाहर शुक्रिया अदा किया। 81 वर्षीय वादी साबुरो किता ने कहा, मैं अपनी खुशी बयां नहीं कर सकता और मैं यह अकेले कभी नहीं कर पाता।'' किता ने बताया कि उनकी 1957 में 14 साल की उम्र में नसबंदी की गई थी जब वे एक अनाथालय में रहते थे। उन्होंने कई साल पहले अपनी पत्नी की मौत से कुछ समय पहले ही अपने इस राज से पर्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी वजह से कभी बच्चे न होने पाने का खेद है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पीड़ितों से माफी मांग कर कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से माफी मांगने के लिए वादियों से मुलाकात करने की उम्मीद है।

ब्राजील में भयावक बाढ़ से 180 लोगों की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में कई हफ्ते से बाढ़ का कहर जारी है। बाढ़ से कम से कम 180 लोगों की मौत हो गई है और 32 लोग लापता बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रियो ग्रांडे डो सुल में 29 अप्रैल को मूसलाधार बारिश शुरू हुई और कई दिनों तक जारी रही। इसके कारण पूरे राज्य के शहर जलमग्न हो गए। जून के मध्य में बाढ़ कम होने के बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुआ। रिपोर्ट में कहा कि खराब मौसम के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित 478 शहरों के लगभग 2,398,255 निवासी प्रभावित हुए हैं। साथ ही 450,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। सामाजिक संचार सचिव पाउलो पिमेन्टा के मुताबिक, ब्राजील सरकार ने रियो ग्रांडे डो सुल के पुनर्निर्माण के लिए 85.7 बिलियन रियल (लगभग 15.4 बिलियन डॉलर) आवंटित किए हैं।

जापानी शख्स को बलात्कार के जुर्म में सिंगापुर में जेल और बेंत से मारने की सज़ा मिली

सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17.5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था। समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है। किता को दिसंबर 2019 में 20 वर्षीय छात्रा के साथ बलात्कार करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की थी कि वह किता से पहली दफ़ा एक बार में मिली थी। अभियोजकों के अनुसार, किता उसे अपने घर ले गया जहां उसने उससे बलात्कार किया और इस कृत्य की अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्डिंग कर उसे अपने एक मित्र को भेज दिया। सिंगापुर में बलात्कार, मादक द्रव्यों की तस्करी, तोड़-फोड़ और लूटपाट सहित विभिन्न अपराध के, 50 साल से कम उम्र के पुरुष दोषियों को बेंत की सजा देने का प्रावधान है।

पेरिस में फ्रेंच फार राइट (नेशनल रेली) पार्टी को शुरुआती चरणों में मिली जीत का विरोध करने के दौरान फिलीस्तीनी झंडा लहराते हुए एक व्यक्ति।

अस्ताना में मिले भारत-चीन के विदेश मंत्री, सीमा क्षेत्रों को लेकर हुई चर्चा

अस्ताना। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने गए हैं। जयशंकर ने वांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर बातचीत की। जयशंकर ने मुलाकात के बारे में बताया कि अस्ताना में आज सुबह चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात हुई। इस दौरान सीमा क्षेत्रों में बाकी मुद्दों के जल्द समाधान पर चर्चा की। इस दिशा में कूटनीतिक और सेना के जरिए प्रयासों को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एलएसी का सम्मान करते हुए सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखना जरुरी है। सम्मान, संवेदनशीलता और आपसी हित हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेंगे। इससे पहले जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के मुलाकात की थी। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों की वतन वापसी का मुद्दा उठाया था। पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अगले हफ्ते मास्को में होने वाली शिखर बैठक के एजेंडे पर भी बातचीत की। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, अस्ताना में रुसी विदेश मंत्री से मुलाकात हुई। हमारे बीच द्विपक्षीय संबंधों से लेकर समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते रूस के दौरे पर जाने वाले हैं। अभी तक पीएम मोदी की रूस यात्रा को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है, लेकिन विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी 8 या 9 जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया दौरे पर जाने की तैयारी में हैं।

अंतरिक्ष में सुनीता... कई तरह की शारीरिक दिक्कतों से होता हैं सामना

-ज्यादा दिनों तक अंतरिक्ष में रुकना जानलेवा

वॉशिंगटन (एजेंसी)। भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ स्पेस में फंस हुई हैं। शुरुआत में उनका मिशन 8 दिनों में पूरा होना था। लेकिन स्पेस क्राफ्ट में खराबी के कारण उनकी वापसी नहीं हुई है। अंतरिक्ष यात्री जब स्पेस में जाते हैं, तब पृथ्वी से बिल्कुल अलग वातावरण होता है। यहा माइक्रोग्रैविटी, रेडिएशन का खतरा, अंतरिक्ष स्टेशनों के सीमित क्वार्टर मानव स्वास्थ्य के लिए अनूठी चुनौतियां पेश करते हैं। स्पेस स्टेशन पर लंबे समय तक रुकना एक बड़ा जोखिम होता है। अंतरिक्ष यात्रियों की ओर से अंतरिक्ष में अनुभव किए जाने वाले तात्कालिक परिवर्तनों में से एक द्रव पुनर्वितरण है। गुरुत्वाकर्षण की अनुपस्थिति में शारीरिक तरल पदार्थ शरीर के ऊपरी हिस्से में पहुंचने लगते हैं, इससे चेहरे पर सूजन, नाक बंद होना और पैरों में तरल पदार्थ की कमी होती है। पृथ्वी पर लौटने पर इसका असर दिखाई देता है। अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ समय तक खड़े होने पर चक्कर आता है या बेहोशी होती है। हालांकि सुनीता विलियम्स अलग नहीं हैं, बल्कि स्पेस में जाने वाले हर अंतरिक्ष यात्री के साथ ऐसा होता है। माइक्रोग्रैविटी का मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम पर भी असर पड़ता है। मांसपेशियों के समर्थन की आवश्यक्ता वाले गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की मांशपेशियां पैरों और पीठ में विशेष तौर पर कमजोर हो जाती है। इससे हड्डियों की महत्वपूर्ण क्षति हो जाती है, विशेष रूप से रीढ़ और श्रोणि जैसी वजन उठाने वाली हड्डियों में। यांत्रिक तनाव की कमी से ऑस्टियोपोरोसिस के समान हड्डियों के घनत्व में कमी आती है।

इन प्रभावों से निपटने के लिए स्पेस स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री व्यायाम करते हैं। लेकिन फिर भी कुछ हद तक हड्डियों को नुकसान हो ही जाता है। द्रव वितरण में परिवर्तन मूत्र प्रणाली को प्रभावित करता है, इससे यूरिन में कैल्शियम के उच्च स्तर के कारण गुर्दे में पथरी का खतरा बढ़ जाता है। हार्मोन के स्तर, इंसुलिन संवेदनशीलता और आंत माइक्रोबायोटा की संरचना में परिवर्तन देखा गया है, जो संभावित रूप से दीर्घकालिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। पृथ्वी की तुलना में अंतरिक्ष यात्री उच्च स्तर के रेडिएशन का सामना करते हैं। इसमें गैलेक्टिक कॉस्मिक किरणें और सौर कण शामिल होते हैं। यह डीएनए क्षति और कैंसर की बढ़ती संभावना को बढ़ते हैं। रेडिएशन के लेवल की स्पेस एजेंसियां सावधानी पूर्वक निगरानी करती हैं। गुरुत्वाकर्षण की कमी संवेदी इनपुट प्रभावित करती है।

यूक्रेन ने रुस के सबसे बड़े बंदरगाह पर किया ड्रोन हमला, कोई हताहत नहीं

-दक्षिण रूस में कच्चे तेल और तेल उत्पादों के निर्यात का यह प्रमुख केंद्र

मास्को (एजेंसी)। रुस-यूक्रेन जंग को दो से ज्यादा हो चुके हैं। दोनों ही देशों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। आज के इस युग में किसी को पंगु बनाने का सबसे अच्छा तरीका उसे आर्थिक रूप से कमजोर करना। रूस-यूक्रेन जंग पर भी यह लागू होता है। रूस ने यूक्रेन को कमजोर करने के लिए गैस सप्लाई तोड़ दिया। इससे सबक लेकर अब यूक्रेन भी रूस को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। इसका नतीजा है कि यूक्रेन ने ब्लैक-सी में स्थित रूस के सबसे बड़े पोर्ट नोवोरोसिस्क बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। ड्रोन हमले के बाद रूस ने कुछ देर के लिए बीच को आमलोगों के लिए बंद कर दिया था। हालांकि, बाद में इस चेतावनी को वापस ले लिया।

मीडिया रिपोर्ट में बताया कि यूक्रेन के समुद्री ड्रोन हमले के प्रयास के बाद रूस के काला सागर बंदरगाह (ब?लैक सी पोर्ट) नोवोरोसिस्क पर फिर से काम शुरु हो गया है। एक बयान के हवाले से बताया गया है कि यूक्रेन के हमले के बाद कोई प्रतिबंध नहीं है। शिपिंग सामान्य रूप से चल रही है। नोवोरोसिस्क रूस का ब्लैक-सी में सबसे बड़ा बंदरगाह है और दक्षिण रूस में कच्चे तेल और तेल उत्पादों के निर्यात का एक प्रमुख केंद्र है। यह कजाकिस्तान और अजरबैजान से आने वाले तेल को भी लोड करता है और अनाज, कोयला, उर्वरक, लकड़ी, कंटेनर, भोजन और केमिकल कार्गो का काम भी यहां से किया जाता है।

नोवोरोसिस्क के मेयर आंद्रेई क्रावचेंको ने बताया कि यूक्रेन के ड्रोन अटैक में दो कमर्शियल प्रोपर्टी और एक आवासीय अपार्टमेंट को मामूली नुकसान पहुंचा है। इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना ने नोवोरोसिस्क की ओर जा रहे दो समुद्री ड्रोनों को मार गिराया है। बता दें कि रूस ने बार-बार कहा है कि यूक्रेन ने ब्लैक-सी कोस्ट पर उसके बंदरगाह शहरों पर हमला किया है, लेकिन रूसी अधिकारी अक्सर यूक्रेनी हमलों से हुए नुकसान के बारे में कम विवरण देते हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एससीओ सम्मेलन में आतंकवाद का मुद्दा उठाया



अस्ताना (एजेंसी)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सदस्यों देशों में आतंकवाद को एक बड़ी चिंता का विषय बताया और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ ÷सार्थक÷ वार्ता की अपील की। बुधवार को दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना पहुंचे शहबाज ने एससीओ सम्मेलन में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में चीन, भारत, तुर्किये, ईरान, आजरबैजान और किर्गिस्तान के नेताओं व राजनयिकों ने आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की।

'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री शरीफ ने अपने संबोधन में आर्थिक विकास के लिए क्षेत्र में शांति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'अफगानिस्तान में स्थायी शांति कायम करना इस साझा उद्देश्य का मुख्य आधार है।' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय 'अफगान सरकार के साथ सार्थक रूप से बातचीत कर उनकी वास्तविक आर्थिक व विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करे।'

शरीफ ने यह भी कहा कि अफगान तालिबान को यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे कि उसकी धरती का इस्तेमाल किसी अन्य देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए न किया जाए। उन्होंने कहा, 'प्रायोजित आतंकवाद समेत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़े और स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।' उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए निर्दोष लोगों की हत्या करने या आतंकवाद का डर दिखाने का कोई औचित्य नहीं है।

फ्रांस चुनाव: नेशनल रैली पार्टी जीती तो पड़ोसी देशों में मच सकती है खलबली

-मरीन ले पेन चाहती हैं कि जॉर्डन बार्डेला बनें पीएम, मुस्लिम भी चिंतित

पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस में संसदीय चुनावों में इस बार बड़ा उलटफेर होता दिख रहा है। मरीन ले पेन के नेतृत्व वाली धुर दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली (आनएन) अप्रत्याशित जीत की ओर बढ़ रही है। वहीं, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी तीसरे स्थान पर है। मरीन ले पेन चाहती हैं कि उनके उत्तराधिकारी जॉर्डन बार्डेला पीएम बनें। बार्डेला 28 साल के हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता बहुत है। लोग उन्हें चमत्कारिक लीडर के तौर पर देख रहे हैं लेकिन फ्रांस में रह रहे मुस्लिम इससे चिंतित हैं उन्हें डर है। धुर दक्षिणपंथी पार्टी की जीत ने यूरोपीय देशों के लीडर्स की नींद उड़ा दी है क्योंकि बार्डेला फ्रांस फर्स्ट की बात करते हैं। वे मुस्लिम शरणार्थियों को देश से निकालने की वकालत करते हैं। यूरोपीय संघ को बकवास कहते हैं। जर्मनी समेत फ्रांस के सभी पड़ोसी देशों में भी बेचैनी है।

मरीन ले पेन और जॉर्डन बार्डेला का फ्रांसीसी संस्कृति अपनाने पर जोर है। अप्रवासियों की गिनती करने, उनकी जांच करने की बात कहते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्डन बार्डेला ने फ्रांस की जनता से कहा है कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो वे दोहरी नागरिकता वाले लोगों को सरकारी पदों से हटा देंगे। उन्होंने कहा मैंने अनुभव किया है कि इन लोगों की वजह से वह अपने ही देश में विदेशी बन गया हैं। फ्रांस के मुस्लिम समुदाय को इस बात की चिंता है कि ली पेन पहले ही सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब पर पाबंदी लगाने की बात कर चुकी हैं। वहीं बार्डेला ने हिजाब को भेदभाव का साधन बताया है। मुस्लिमों को डर है कि उनके कल्चर पर प्रहार किया जा सकता है। इस्लामोफोबिया की वजह से उनसे भेदभाव बढ़ सकता है। हिजाब पर प्रतिबंध लगाने और गैर-अप्रवासी नागरिकों को प्राथमिकता देने से जीवन बहुत मुश्किल हो जाएगा। छात्रों को डर है कि कई इस्लामोफोबिक बिल पास किए जाएंगे, जो उनकी आजादी छीन लेंगे। कुछ लोगों को ऐसा भी लग रहा है कि कहीं उन्हें अपना ही देश न छोड़ने को मजबूर होना पड़े।

एक वकील ने कहा स्थिति गंभीर हैज्रंगभेद, नस्लभेद के हालात पैदा हो सकते हैं। छात्रा ओमेयमा ने कहा, एक ऐसा देश, जिसे हम प्यार करते हैं. जहां हम पैदा हुए- अब हमें खुद को बताना पड़ेगा कि हम फ्रांसिसी हैंज्हमारे पास यहां रहने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। उधर, जर्मनी, हंगरी समेत सभी पड़ोसी देशों में खलबली है। उन्हें यूरोपीय संघ के बिखरने का खतरा सता रहा है। क्योंकि बार्डेला फ्रांस फर्स्ट की नीति अपनाना चाहते हैं और उन्हें यूरोपीय संघ बकवास लगता है। यूक्रेन युद्ध के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी फ्रांस और उसके पड़ोसी देशों में आना चाहते हैं। ऐसे में अगर फ्रांस में इन पर रोक लगी, तो काफी मुश्किल हो सकती है।

एलएसी पर खत्म हो जाएगा झगड़ा! भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की मीटिंग, हो गई दोस्ती?

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली ने एक बयान में कहा कि भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने गुरुवार को कजाकिस्तान में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की है। जहां दोनों अपनी सीमा पर मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए बातचीत बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत और चीन एक लंबी हिमालयी सीमा साझा करते हैं, इसका अधिकांश भाग खराब तरीके से सीमांकित है, और जुलाई 2020 में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है, जब कम से कम 20 भारतीय सैनिक और चार चीनी सैनिक मारे गए थे। भारत ने कहा कि जयशंकर ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर यी से मुलाकात की, जहां वे इस बात पर सहमत हुए कि 'सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक बढ़ना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों नेता शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए अपने राजनयिक और सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकें बढ़ाने पर सहमत हुए। भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने अपना तीसरा सीधा कार्यकाल शुरू किया था, ने अप्रैल में कहा था कि दोनों देशों को अपनी सीमा पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। दोनों परमाणु-सशस्त्र देशों ने 2020 से अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों और उपकरणों को तैनात कर दिया है, जो 1962 में खूनी सीमा युद्ध के बाद दशकों तक असहज पड़ोसी रहे हैं।

नई दिल्ली के बयान में कहा गया, 'उन्होंने अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ का पूरी तरह से पालन करने के महत्व की पुष्टि की। दोनों देश पहले सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में शेष क्षेत्रों से सैनिकों की पूर्ण वापसी और उनके संबंधों में सामान्य स्थिति की वापसी के लिए प्रयास बढ़ाने पर भी जोर दिया।

भारतीय क्रिकेट टीम का विश्वकप के साथ स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ

हवाई अड्डे पर टीम की एक झलक पाने प्रशंसक उमड़े

नई दिल्ली (एजेंसी)। टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का आज यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। भारतीय टीम को लेकर जैसे ही विशेष विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा प्रशंसक उत्साहित हो गये। हल्की बारिश के बाद भी प्रशंसकों का उत्साह अपने चरम पर था। इस दौरान सुरक्षा की भी कड़ी व्यवस्था की गयी थी। खिलाड़ियों को विश्वकप ट्रॉफी के साथ देखने के लिए हजारों की तादाद में प्रशंसक बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लेकर खड़े थे। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत की बधाई भी दी और नाचने लगे, इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी प्रशंसकों के साथ नाचने लगे।

भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर एक दशक बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। जिससे प्रशंसक बेहद खुश थे। इसी दौरान साल 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा, 'हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। टीम को लेकर एअर इंडिया का विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी 'एयर इंडिया चैम्पियंस 24 विश्व कप बुधवार को भारतीय समयानुसार सुबह चार बजकर 50 मिनट पर बारबाडोस से रवाना हुआ और 16 घंटे की लगातार यात्रा के बाद गुरुवार सुबह छह बजे यहां पहुंचा।

भारतीय टीम विश्वकप जीतने के बाद से ही बारबाडोस में आये समुद्री तूफान 'बेरिल के कारण फंस गयी थी क्योंकि हवाई अड्डा बंद होने से उड़ाने रुक गयीं थीं। भारतीय क्रिकेट को इसके कारण होटल में ही रुकना पड़ा। भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कुछ अधिकारियों के अलावा टूर्नामेंट कवर करने गए भारतीय मीडियाकर्मी भी इस विमान से पहुंचे। इस दौरान हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

इसके बाद भी प्रशंसक विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और विश्वकप तक मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ के पोस्टर लिए हुए थे। लंबी उड़ान के कारण हुई थकान के बाद भी खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

सूर्यकमार ने कहा , रोहित ने हमें दबाव में शांत बने रहकर खेलना सिखाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 विश्वकप टूर्नामेंट में मिली खिताबी जीत से बेहद उत्साहित हैं। ट्रॉफी हाथ में लिए हुए सूर्यकुमार ने कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमें दबाव का सामना करना सिखाया है। सूर्यकुमार ने कहा कि उन्होंने हम सभी को सिखाया है कि दबाव में कैसे शांत रहना है। वह स्वयं भी हमेशा शांत बने रहे। उन्होंने हमसे कहा कि हम ज्यादा आगे के बारे में न सोचें। हमारा एक आदर्श वाक्य भी था- अपना दिमाग वहीं रखें जहां आपके पैर हैं। रोहित ने हमें कहा कि सुपर 8 या सेमीफाइनल या फाइनल के बारे में नहीं सोचना चाहिए पर मैच को उसके अनुसार खेलना चाहिये। हमें एक समय में एक कदम उठाने की जरूरत थी और उन्होंने हमें दिखाया कि इस छोटे प्रारूप में कैसे बल्लेबाजी करनी है। साथ ही कहा कि अगर मैं रोहित के बारे में बताना शुरु करु तो मुझे काफी दिन लग जाएंगे।

सूर्यकुमार ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 मैचों में 28.42 की औसत से 199 रन बनाए। इसमें दो अर्धशतक थे। इसके अलावा फाइनल के अंतिम ओवर में उन्होंने डेविड मिलर का एक बेहद अहम कैच पकड़कर भारतीय टीम की जीत तय कर दी थी।

विराट ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टीम की मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है। भारतीय टीम स्वदेश पहुंचते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास गयी थी और उसने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने भी टीम इंडिया के टी20 चैंपियन बनने के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट कर टीम की प्रशंसा की थी।

विराट ने साथ ही लिखा, आज हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर बहुत गर्व हुआ। हमें प्रधानमंत्री निवास पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर।प्रधानमंत्री ने करीब दो घंटे तक कोच राहुल द्रविड़ सहित पूरी टीम के खिलाड़ियों से बात की। प्रधानमंत्री के साथ टीम की मुलाकात का एक वीडियो भी इसके बाद आया। इसमें सभी काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम के हर खिलाड़ी से बातचीत की और उन्हें उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। कप्तान रोहित शर्मा ने प्रधानमंत्री को ट्रॉफी दी और पूरी टीम ने तस्वीर खिंचाई। इस मौके पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी उपस्थित थे।

ट्रॉफी के साथ मस्ती करते दिखे भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। टी20 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम आज एक विशेष विमान से स्वदेश पहुंची। भारतीय टीम बारबाडोस में आये तूफान के कारण देर से स्वदेश पहुंची है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम के खिलाड़ियों का एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में विमान में भारतीय खिलाड़ी टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ मस्ती करते हुए दिखे हैं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव सहित अन्य खिलाड़ी भी शामिल थे। टीम ने एक दशक के बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। जिससे खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश था। भारतीय टीम के सदस्य विश्वव्प में जीत के बाद ही तत्काल स्वदेश लौटना चाहत थे पर खराब मौसम ओर तूफान के कारण ये संभव नहीं हुआ। टीम को बारबाडोस में अपने होटल में ही रुकना पड़ा। इसके बाद बीसीसीआई ने एक विशेष विमान भेजकर खिलाड़ियों को स्वदेश लाने का इंतजाम किया।

नई दिल्ली में उतरने के बाद, टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम आईटीसी मौर्य होटल के लिए पहुंची। इस दौरान वह प्रशंसकों से भी मिली। इसके बाद टीम मुम्बई रवाना होगी जहां उसे एक कार्यक्रम में शामिल होना है। इस दौरान एक विजय परेड भी निकलेगी। इसके बाद भारतीय टीम के सम्मान में एक कार्यक्रम भी होगा।

विंबलडन : गॉफ, अल्कराज और मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

लंदन (एजेंसी)। विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के बुधवार को हुए पुरुष और महिला वर्ग में कोको गॉफ, कार्लोस अल्कराज और डेनियल मेदवेदेव जहां अपने-अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है।

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने कल रोमानिया की एंका टोडोनी पर सीधे सेट में आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले के अगले दौर में जगह बना ली है। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को 6-2, 6-1 से हराया। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरी तरफ पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने एलेक्जेंडर वुकिक को तीनों सेटों में 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गये है। अगले दौरान में अल्कराज का मुकाबला 29वें वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो से होगा। एक अन्य मुकाबले में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

पेरिस ओलंपिक में एकसाथ खेलेंगे नडाल और अलकराज : डेविड फेरर

बार्सिलोना । स्पेन के कप्तान डेविड फेरर ने टीम की कहा है कि राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस में एक साथ खेलेंगे । इसके अलावा टीम में पाब्लो कैरेनो बुस्टा, एलेजांद्रो डेविडोविच और मार्सेल ग्रेनोलर्स भी शामिल होंगे ।वहीं टेनिस महासंघ ने भी कहा है कि नडाल और युगल मुकाबले में खेलते हुए नजर आयेंगे । ये दोनो हालांकि एकल मुकाबले के विजेता हैं । अलकराज ने हाल ही में हुए फ्रेंच ओपन एकल में जीत हासिल की थी । वहीं अनुभवी नडाल के नाम 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं । ओलंपिक के टेनिस मुकाबले उसी कोर्ट में खेले जाएंगे जिसमें फ्रेंच ओपन के मुकाबले हुए हैं , ऐसे में इन दोनो को ही हालात से तालमेल बनाना आसान रहेगा । अलकराज का लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है क्योंकि उनका मानना है कि इसका विशेष महत्व है । उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत के बाद कहा था कि इस साल वह अपने विंबलडन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने की जगह पर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने को अधिक महत्व देंगे । विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम अलकराज ने कहा, ''ओलंपिक खेल हर चार साल में होते हैं और यह एक विशेष टूर्नामेंट है जहां आप न अपने साथ ही अपने देश के लिए भी खेलते हैं । स्पेन का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे लगता है कि इस साल मैं ओलंपिक स्वर्ण जीतना चाहूंगा ।''

विश्वकप ट्रॉफी के साथ अलग अंदाज में दिखे ऋषभ

नई दिल्ली । टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया है । ऋषभ आज विश्वकप ट्रॉफी के साथ उत्साहित दिखे जबकि इससे पहले एक दौर ऐसा भी आया था जब उनकी खेलना ही तय नहीं था । दो दिसंबर 2022 में हुए भयानक कार हादसे के बाद भी जिस प्रकार उन्होंने खेल में वापसी की है । वह अपने आप में एक मिशाल है । इस खिलाड़ी ने तकरीबन 14 महीने खेल से दूर

रहने के बाद अपनी मेहनत और जज्बे से किस्मत की बाजी पलट दी। आईपीस और फिर टी20 विश्वकप में उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन किया है । उनकी विकेटीपिंग और बल्लेबाजी कमाल की रही । .स्वदेश पहुंचने के बाद होटल आईटीसी मौर्या में ऋषभ पंत की एंट्री देखने लायक थी । उनकी एंट्री ने महाभारत के भीम की याद दिला दी । भीम की गदा की तरह ऋषभ पंद भी विश्व कप ट्रॉफी उठाए नजर आए । वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे ऋषभ पंत होटल में दाखिल होते हैं और अपने कंधे पर ट्रॉफी लिए हुए हैं । इस दौरान उनके साथ अन्य खिलाड़ी भी नजर आ रहे हैं । ऋषभ की आखों में चमक और चेहरे की मुस्कान बता रही है कि यह पल उनकी जिंदकी के लिए कितना मायने रखता है । ऋषभ पंत का यह पल इसलिए भी खास है, क्योंकि कुछ समय पहले तक यह भी तय नहीं था कि वह कभी क्रिकेट खेल पाएंगे । दरअसल, भारत की जीत में ऋषभ पंत का भी बड़ा योगदान रहा है । अमेरिका की धीमी पिचों पर जब भारतीय बल्लेबाज विफल हो रहे थे, तब वह डटे रहे । उनकी कई छोटी-छोटी और अहम पारियों की बदौलत टीम इंडिया ने अपना विजय अभियान कायम रखा था ।

शुभमन सहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया

हरारे (एजेंसी)। कप्तान शुभमन गिल सहित भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 जुलाई से शुरु होने वाली टी20 सीरीज को देखते हुए जमकर नेट अभ्यास किया है। भारतीय टीम को इस सीरीज में पांच मैच खेलने हैं। टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि टी20 विश्वकप टीम में शामिल अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। इस दौरे में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। टीम में तीन नए खिलाड़ियों साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह शामिल किया गया है। ऐसे में इस सीरीज में शामिल युवाओं के पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर है।

भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैच 6 जुलाई , 7 जुलाई , 10 जुलाई , 13 जुलाई और 14 जुलाई को खेलेगी। ये सभी मैच हरारे में होंगे।

टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन , जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा।

यह देश के लिए खेलने वाली सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट टीम: फारुख इंजीनियर

खेल डैस्क। पूर्व भारतीय क्रिकेटर फारुख इंजीनियर ने शनिवार को बारबाडोस में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली टीम को अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम कहा है। 86 वर्षीय इंजीनियर अभी यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रहते हैं और उन्होंने 1961-75 तक भारत के लिए 46 टेस्ट मैच खेले हैं। वह अपने समय के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक थे। इसी साल फरवरी में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी दिया था। इंजीनियर ने कहा कि हालांकि मैं

मैनचेस्टर में रहता हूं, मैं पूरी तरह से एक भारतीय हूं और लड़कों ने जो हासिल किया है उस पर मुझे बहुत गर्व है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम एक मजबूत टीम है। मैंने ऐसा तब कहा था जब मुझे बीसीसीआई से लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला था। कुछ महीने पहले और मुझे वर्तमान भारतीय टीम से खड़े होकर सराहना मिली, जो अपने ही देश से मान्यता प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छी बात थी, मैंने उस समय कहा था कि यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेट टीम है कभी भारत के लिए खेला।

पूर्व क्रिकेटर ने बीसीसीआई द्वारा विजेता टीम को 125 करोड़ की राशि देने की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि टीम को विश्व कप जीतने के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 125 करोड़ रुपए मिले हैं, जिससे मैं बेहद खुश हूं। बस अंतर देखिए। मुझे लगता है कि हमारे लड़कों ने जो जीता है उसके पूरी तरह से हकदार हैं और मुझे उम्मीद है कि उन्हें घर पहुंचने पर शानदार स्वागत मिलेगा। भारतीय टीम गुरुवार सुबह बारबाडोस से नई दिल्ली पहुंची। उन्हें प्रधान मंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक आवास में सम्मानित किया। शाम को मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में विजय परेड के लिए टीम इंडिया मुंबई पहुंच चुकी है।

भारतीय मूल की स्कूली छात्रा इंग्लैंड की शतरंज टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी

लंदन। भारतीय मूल की नौ वर्षीय स्कूली छात्रा बोधना शिवनंदन शतरंज में इतिहास रचने जा रही हैं क्योंकि वह किसी भी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं । उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी । टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से अधिक है । बोधना ने कहा, 'कल स्कूल से वापस आने के बाद जब मेरे पिताजी ने मुझे बताया तो मुझे इस बारे में पता चला । मैं खुश थी । मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूगी और मुझे एक और खिताब मिलेगा ।' इंग्लैंड शतरंज टीम के मैनेजर मैल्कम पेन ने स्कूली छात्रा बोधना को अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय ब्रिटिश शतरंज प्रतिभाओं में से एक बताया । उन्होंने कहा, 'यह रोमांचक है - वह अब तक की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर है ।' बोधना के पिता शिवा शिवनंदन ने कहा कि उन्हें अब भी इस बात पर हैरानी है कि उनकी बेटी को यह प्रतिभा कहां से मिली । शिवा ने कहा, 'मैं इंजीनियरिंग स्नातक हूं, मेरी पत्नी भी इंजीनियरिंग स्नातक है लेकिन मैं शतरंज में अच्छा नहीं हूं ।' बोधना ने पहली बार महामारी के दौरान लॉकडाउन में शतरंज खेलना सीखा जब शिवा का दोस्त भारत वापस जा रहा था और उसने उन्हें कुछ बैग दिए जिनमें शतरंज का बोर्ड भी था । बोधना ने कहा, 'मुझे मोहरों में दिलचस्पी थी इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया ।' पिछले दिसंबर में बोधना ने क्रोएशिया के जाग्रेब में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप जीती थी और उस समय उन्हें 'सुपर टैलेंटेड' करार दिया गया था ।

चेन्नईयन एफसी से खेलेंगे जॉर्डन

चेन्नई । अब कोलंबिया के स्टार फुटबॉलजर विलमर जॉर्डन गिल चेन्नईयन एफसी से खेलते हुए दिखेंगे । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र को देखते हुए इस स्टार स्ट्राइकर के साथ एक साल का अनुबंध किया है । एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू के बाद वह क्लब से जुड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं । क्लब के अनुसार ये कोलंबियाई फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में उसने आईएसएल में खेला है । इस फुटबॉलर ने पहली बार साल 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से खेला था । इसके अलावा उसने अगले सत्र में पंजाब एफसी की तरफ से भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था । उसके नाम अभी तक आईएसएल के 15 मैच में 8 गोल हैं । इससे पहले एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू भीइस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं ।

द. अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला से एशिया कप और विश्व कप की तैयारी पुख्ता करने उतरेगा भारत

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है।

इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी20

श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है।

टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। भारत को एकदिवसीय श्रृंखला और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी। एकदिवसीय टीम की उप-कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीन मैच में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया जबकि हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा। एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय थी लेकिन उन्होंने यहां एकमात्र टेस्ट में महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया।

जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष भी धीरे धीरे लय हासिल कर रही हैं। टीम प्रबंधन को इन पांचों बल्लेबाजों से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। कागज पर भारत की गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिखती है। तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और श्रेयंका पाटिल की स्पिन चौकड़ी भी टीम की मजबूत ताकत है।

दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

टीम को वोलवार्ट के अलावा मारिजेन कैप, सुने लुस, एनेके बॉश और तेजमिन ब्रिट्स के बल्ले से भी अच्छे रनों की उम्मीद होगी। नोनकुलुलेको मलाबा और मसाबाता क्लास के अलावा नादिन डि क्लार्क और अयाबोंगा खाका को भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद होगी कि अनुभवी मारिजेन कुछ ओवर कर पाएंगी। चोट से उबरने के कारण उन्होंने अब तक भारत दौरे पर गेंदबाजी नहीं की है।

टीमें इस प्रकार हैं

भारत = हरमनप्रीत कौर (कप्तान) स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, रिचा घोष, डी हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

दक्षिण अफ्रीका = लॉरा वोलावार्ट (कप्तान), तेजमिन ब्रिट्स, मीके डि रिडर, सिनालो जाफ्ता, एनेके बॉश, नादिन डि क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजेन कैप, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, एलिज-मारी मार्क्स, नोनकुलुलेको मलाबा और तुमी सेखुखुने।

शराब ठेका सेल्समैन हत्याकांड में संदिग्ध युवकों से पूछताछ

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

जवाहरनगर थाना क्षेत्र में गांव साधुवाली में बुधवार की रात को शराब ठेका के सेल्समैन राहुल त्रिवेदी (32) की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर देने की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझी है। पुलिस ने संदेह के आधार पर संदिग्ध युवकों की धरपकड़ शुरू कर रखी है। अनेक संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए थाने में लाया भी गया लेकिन अभी तक हत्या करने वालों का पता नहीं चला। इस बीच राहुल त्रिवेदी के भाई और साले समेत अनेक परिवारजन आज सुबह श्रीगंगानगर पहुंचे।जिला अस्पताल के मुर्दाघर में मीरा चौक पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजकुमार मजोका ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश उनके सुपुर्द कर दी। परिवारजन अंतिम संस्कार के लिए लाश को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में अपने गांव कुतुबपुर ले गए हैं। जवाहरनगर थाना प्रभारी सीआई देवेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि प्रथम दृष्टया अज्ञात व्यक्तियों ने सेल्समेन और ठेके में लूटपाट करने के लिए ही हत्या को अंजाम दिया है।इसके अलावा कोई और कारण अभी तक सामने नहीं आया।उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक की जांच में यही स्पष्ट हुआ है कि ठेके के बाहर चारपाई पर सोते समय किसी तेज धार वाले हथियार (संभवत्-कुल्हाड़ी) से उसकी हत्या की गई है। ऐसा नहीं है कि अज्ञात व्यक्ति बहाने से राहुल को कहीं आसपास ले गए और फिर कत्ल करने के बाद उसकी लाश चारपाई पर डाला हो। चारपाई के नीचे काफी खून बिखरा हुआ मिला है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में भी अभी तक कुछ संदिग्ध नजर नहीं आया। साधुवाली और इसके आसपास के गांव में ढाणियों में रहने वाले आदतन बदमाशों,नशे के लिए छीना-झपटी औद चोरी- चकारी की वारदातें करने वालों धरपकड़ कर पूछताछ की जा रही है। शराब ठेकों पर काम करने वाले युवकों को भी पूछताछ के लिए लाया जा रहा है। घटना के बाद से राहुल का मोबाइल फोन अभी तक नहीं मिला, लेकिन पुलिस ने उसकी कॉल डिटेल तथा लोकेशन को प्राप्त कर लिया है। कॉल डिटेल के अनुसार राहुल की जिन-जिन व्यक्तियों से घटना से पहले बात हुई थी, उनसे भी पूछताछ की जा रही है। साधुवाली में बारहमासी नहर पुल

से कुछ ही दूरी पर स्थित इस शराब ठेके के आगे चारपाई पर कल बुधवार सुबह खून से सनी राहुल की लाश मिली थी।उसकी लाश पर कपड़ा भी डाला हुआ था। ठेके का शटर खुला हुआ था। ठेके के संचालक गुलाबसिंह ने हत्या का मुकदमा दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि वह मंगलवार शाम को ठेके पर गया था। तब वह सेल्समैन को 17 हजार रुपए खुले ग्राहकों के लिए देखकर गया था। यह राशि कल घटना के बाद नहीं मिली। इसके अलावा भी राहुल के पास रुपए होने की संभावना है क्योंकि वह कल बुधवार को ही अपने गांव जाने वाला था। ठेके के पूर्व ठेकेदार लखबीरसिंह से उसने अपना 30 जून तक का हिसाब किताब किया था। राहुल के परिवारजनों का कहना है कि उसने पूर्व के ठेकेदार से भी अपना वेतन ले लिया था जो घटना के बाद ठेके में रखे उसके बैग में नहीं मिला। बुधवार रात 9 बजे ठेकेदार गुलाब सिंह का एक जानकार दिन भर की बिक्री के 23 हजार रुपए राहुल से ले गया था। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर यह हत्या ठेके में चोरी/ लूटपाट की नीयत से किया जाना ही प्रतीत हो रहा है।

हत्या का एक कारण यह भी रहा

राहुल त्रिवेदी की हत्या का एक कारण ठेके में लगा ऐसी पूर्व के ठेकेदार द्वारा उतार लेना भी रहा है। ठेके का संचालन लखबीर सिंह नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था, जिसने 30 जून को ठेका छोड़ दिया था। आबकारी विभाग से ठेके का लाइसेंस 1 जुलाई से गुलाबसिंह निवासी गली नंबर 12 नई आबादी अबोहर (पंजाब) को मिल गया था। गुलाबसिंह ने इसी दुकान में ठेका जारी रखने का निर्णय किया, लेकिन पूर्व के ठेकेदार लखबीर सिंह ने इसमें लगा हुआ अपना एसी उतार लिया था। गुलाबसिंह द्वारा 2 जुलाई को ठेके में शराब का स्टॉक रखवाया गया और बिक्री शुरू कर दी। गुलाबसिंह ने बताया कि वह आजकल में ठेके में एसी लगवाने वाला था। परिवारजनों ने बताया कि एसी लगे होने के कारण राहुल रात को ठेके के अंदर ही सोता था लेकिन पूर्व के ठेकेदार द्वारा एसी उतार ले जाने के बाद वह रात को ठेका बंद करके उसके आगे चारपाई पर सोने लगा।वह कूलर लगा लेता था। अगर एसी लगा होता तो वह रात को अंदर ही सोता और उसकी जान बच जाती।

आखरी बार बहन से हुई बात

हासिल जानकारी के मुताबिक राहुल ने मंगलवार रात 11 से 11:30 के दौरान मोबाइल पर अपनी बहन से बात की थी। पुलिस के मुताबिक यह फोन कॉल राहुल ने नॉर्मल नहीं की थी बल्कि संभावित व्हाट्सएप कॉल पर बहन से बातचीत की थी इसीलिए कॉल रिकॉर्ड में यह कॉल दिखाई नहीं दी। उधर,सूत्रों ने बताया कि जब राहुल अपनी बहन से बात कर रहा था,तभी ठेके पर तीन व्यक्ति आये थे। राहुल ने बहन को बातचीत करते बताया भी की अभी ठेके पर तीन लोग आए हैं। पता नहीं उनको क्या चाहिए। तभी उक्त व्यक्तियों में से एक ने राहुल से कहा कि वह फोन कॉल काटे और पहले उनकी बात सुने। इस पर राहुल ने कॉल काट दी। माना जा रहा है कि इन तीन व्यक्तियों ने ही हत्या की है। यह जानकारी भी सामने आ रही है कि उक्त व्यक्तियों ने ठेके के आसपास ही शराब का सेवन किया और उसके बाद उन्होंने लूटपाट अथवा चोरी करने के लिए राहुल की हत्या कर दी। हत्या के बाद चाबी से ही ठेके के शटर के ताले खोले गए। तालों की चाबी राहुल के पास ही थी। ठेके से कुछ दूर झाड़ियों में राहुल का तकिया तथा उनसे सना साफा मिला है लेकिन हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार अभी तक नहीं मिला। मृतक राहुल त्रिवेदी चार-पांच वर्ष के एक मासूम बच्चे का पिता था। उसकी शादी 7 वर्ष पहले हुई थी। पत्नी और बच्चा गांव में ही रहते थे। वह लगभग 13 महीने पहले अपने गांव से पहली बार गांव साधुवाली आया था। परिवार जनों के मुताबिक पिछले वर्ष मई माह में यहां आने के बाद वह शराब ठेके पर काम करने लगा था। राहुल के दो छोटे भाई हैं जबकि एक बहन है। बहन शादीशुदा है। परिवार वालों ने बताया कि उनकी जब भी फोन पर राहुल से बात होती थी तो वह सामान्य ही प्रतीत होता था। उसकी यहां किसी के साथ कभी कोई लड़ाई झगड़ा या रंजिश की बात सामने नहीं आई। वह लगभग 8 महीने बाद कल बुधवार को ही अपने गांव जाने वाला था। गांव में उसका परिवार खेती करता है।

डीआरटी द्वारा ऑनलाइन जमीन नीलामी का विरोध में आमरण अनशन का चौथा दिन

किसान की सुध लेने नहीं पहुंचा प्रशासन, हालचाल जानने पहुंचे किसान नेता

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर जिले में पदमपुर तहसील क्षेत्र के चक 27 एमएल के एक किसान की ऑनलाइन ज़मीन नीलामी के विरोध में उप तहसील रिडमलसर के समक्ष आज किसान रामरख बाबरी का आमरण अनशन चौथे दिन भी जारी रहा। आज भी प्रशासन की ओर से किसान की सुध लेने कोई नहीं पहुंचा। वहीं अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव गुरचरण सिंह मौड़ व श्रीविजयनगर पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि गुरमीतसिंह कंडियारा ने धरनास्थल पर पहुंच कर रामरख बावरी का हाल चाल पूछा। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला महासचिव गुरचरणसिंह मोड़ ने आरोप लगाया कि कोई किसान अपनी वाजिब मांगों को लेकर जिला प्रशासन की जानकारी में भूखा बैठा हो और प्रशासन की नींद हराम नहीं हो ये बेहद गंभीर बात है। उन्होंने कहा कि रामरख की भूख हड़ताल डीआरटी में विचाराधीन जिले की सैकड़ों फाइलों पर किसान विरोधी फैसलों को रोक कर रखे है। किसानों को रिडमलसर उपतहसील पर एकता दिखानी चाहिए। प्रधान प्रतिनिधि गुरमीत सिंह कंडियारा ने कहा कि जिले के किसानों को डीआरटी व बैंकों की गलत तरीके से ज़मीन छीनने की कार्रवाई के खिलाफ खड़ा होना होगा। अन्यथा किसी किसान के पास जमीन नही बचेगी। इस मौके पर पवन नोखवाल, लखवीर सिंह बराड़, बलकरण सिंह, रेशम सिंह, रामनरेश तरड, कामरेड देशराज सिंह, ठाकरदास, मुंशीराम आदि किसान धरने पर मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं।

श्रीगंगानगर में दो शव मिले, गर्मी से मौतें होने की आशंका

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर शहर में कोतवाली थाना इलाके में बीते 24 घंटे के दौरान अलग-अलग स्थान पर दो व्यक्तियों की लाश मिली है।दोनों की मौत गर्मी व उमस से होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक आज सुबह सवेरे पुलिस कंट्रोल रूम के सामने कलेक्ट्रेट को जाने वाली रोड पर एक दुकान के आगे एक व्यक्ति हालत में मिला। सूचना मिलने पर मौके पर गए एएसआई सोमदास ने बताया कि मृतक के पहने कपड़ों की तलाशी लेने पर कुछ विजिटिंग कार्ड मिले, जिससे उसकी पहचान महेंद्र उर्फ महावीर (42) निवासी धरांगवाला, थाना सदर अबोहर जिला फाजिल्का (पंजाब) के रूप में हुई। सूचना देने पर उसके परिवार वाले कुछ ही देर में श्रीगंगानगर पहुंच गए। एएसआई राकेश लांबा ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी।पुलिस ने बताया कि महेंद्र एक फर्नीचर की दुकान में काम करता था। परिवार जनों ने बताया कि वह अक्सर 3-3,4-4 दिन के लिए घर से चला जाता था। इस बार भी वह तीन दिन से गायब था। पोस्टमार्टम होने के बाद परिवारजन अंतिम संस्कार के लिए लाश को अपने गांव ले गए।उधर, कोतवाली थाना अधीन सेतिया कॉलोनी पुलिस चौकी में हवलदार दर्शनसिंह ने बताया कि कल बुधवार दोपहर को नई अनाज मंडी में गेट नंबर 2 के समीप दुकान नंबर 97 के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। देखने में यह व्यक्ति मजदूर लगता है। उसके पहने कपड़ों में ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा हुआ है। अभी तक उसकी पहचान नहीं हुई है।माना जा रहा है कि इन दोनों व्यक्तियों की मौत अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह का पता चलने की संभावना है।

सेवानिवृति पर सम्मान समारोह आयोजित

भादरा। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) उप शाखा भादरा द्वारा सेवानिवृत्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामानुज प्रसाद भारद्वाज का शाल उढाकर एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर स्वागत किया गया। उपशाखा मंत्री रोहित कुमार के अनुसार कार्यक्रम में इनके द्वारा शिक्षक समस्याओं के त्वरित समाधान, शिक्षकों के प्रति सदव्यवहार व लीडर के रूप में विद्यालयों में सम्बलन प्रदान करने की सराहना की गई। कार्यक्रम में संगठन की ओर से जगदीश ढाका, जोगेंद्र मोठसरा, शीशपाल आर्य कृष्णा ढाका, करणी सिंह सहारण जगदीश बेरड़, सतपाल बेनीवाल, शीशपाल मीणा, इमरता बिजारणिया ने स्वागत किया।

कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण कर सत्र की शुरूआत

भादरा। स्थानीय ग्रामीण कन्या महाविद्यालय भादरा में गुरुवार 4 जुलाई को नए सत्र 2024-25 का शुभारम्भ पौधारोपण के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष नन्दकरण धारीवाल, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह झोरड़, सचिव नन्दरुप सिंह सिहाग, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पूनियां एवं सदस्य सुशील कालेरा, कृष्ण बलदेव शर्मा, रामकुमार महला, रामधारी चाचाण, जयवीर सरेवा व भामाशाह रामेश्वर लाल काकड़ तथा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष...

गहलोत ने राहुल...

ने हिंदू समाज को बदनाम किया है। हिंदू समाज को हिंसक कहकर अपमान किया है। उन्हें हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। उनमें हिम्मत है तो सदन में बहस कीजिए कि हिंदू हिंसक है। राहुल गांधी को जमीनी धरातल की जानकारी नहीं है।

दिलावर ने आदिवासी समुदाय का अपमान किया: जूली नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा-प्रदेश का शिक्षा मंत्री आदिवासी समुदाय के लिए यह कहे कि आपका बाप कौन है, आपका डीएनए टेस्ट करवाएंगे। इससे राजस्थान प्रदेश की गरिमा को चोट पहुंची है और ऐसा व्यक्ति विधानसभा के अंदर जवाब दे रहा है, विधानसभा के अंदर आ रहा है। मुख्यमंत्री को ऐसे व्यक्ति को तत्काल मंत्री पद से हटाना चाहिए था। दिलावर ने इस बयान के लिए ढंग से आदिवासी समाज से माफी तक नहीं मांगी है। यह साधारण मामला नहीं है।

किरोड़ीलाल की पर्ची का क्या हुआ: डोटासरा

विधानसभा में लंच ब्रेक से पहले कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे की गूंज रही। शून्यकाल के दौरान पर्ची से मुद्दे उठाने की व्यवस्था शुरू की गई है। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को याद दिलाना चाहता हूं कि पर्ची की व्यवस्था आपके वक्त में बंद हुई थी, हमने वापस चालू की है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा-आपने जो पर्ची व्यवस्था चालू की है, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन किरोड़ीलाल वाली भी बता दो इनकी पर्ची स्वीकार हुई कि नहीं हुई? इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा-सही समय पर सूचना आ जाएगी। डोटासरा ने कहा-यह सदन ही नहीं पूरा प्रदेश जानना चाहता है कि किरोड़ी की पर्ची का क्या हुआ?

लड़कियों को भगाकर शादी करने वालों के खिलाफ बने कानून

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान घर से भागकर शादी करने वालों के लिए नया कानून बनाने का मुद्दा उठा। रतनगढ़ से कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा ने शून्यकाल में मामला उठाते हुए कहा-कई युवक युवतियां घर से भागकर शादी कर लेते हैं, कई बार तो विवाहिता, बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग भाग जाती है। जब लड़के-लड़कियां घर से भागकर शादी करते हैं तो गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाते हैं। पुलिस बरामद करती है तो लड़की घरवालों को पहचानने से मना कर देती है या उनसे ही खुद को खतरा बताते हुए केस कर देती है। कई मामले में प्रॉपर्टी में हिस्से को लेकर भी विवाद करती है। जिस व्यक्ति के घर से लड़की भागती है, उसका समाज में रहना मुश्किल हो जाता है। कई परिवारों ने सामाजिक बदनामी से परेशान होकर आत्महत्या तक कर ली है। समाज में यह भारी समस्या बनती जा रही है। गोदारा ने कहा-घर से भागकर शादी करने वालों के लिए एक काननू बनाने की जरूरत है। प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य करने का प्रावधान करना चाहिए। कई मामलों में खुद लड़की भागती है और कई मामलों में बहला फुसलाकर ले जाते हैं। माता-पिता की सहमति अनिवार्य करने से ऐसी घटनाएं रुकेंगी। लड़कियों को भगाकर शादी करने वालों के खिलाफकोई काननू बनना चाहिए, समाज भारी परेशानी से गुजर रहा है। जिस परिवार के साथ बीतती है, उसका सामाजिक जीवन बर्बाद हो जाता है।

विपक्ष से ज्यादा...

सराफ ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाया है। इसमें प्रस्ताव लाए हैं कि रामबाग गोल्फक्लब के संचालन में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में सरकार जवाब दे। उन्होंने प्रस्ताव का जवाब नगरीय विकास एवं आवासन विभाग से पूछा है। सादुलपुर विधायक मनोज कुमार न्यांगली ने प्रस्ताव में स्वास्थ्य विभाग के मंत्री से पूछा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के लाभार्थियों को अन्य राज्यों में आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध नही मिल रहा है। पिछली सरकार की चिरंजीवी योजना का फायदा दूसरे राज्यों में मिलता था। इसका क्यों नहीं। मंत्री जवाब दें।

राजस्थान को...

दृष्टि से प्रदेश में उद्योग के लिए भूमि की लागत कम करने की दिशा में विचार चल रहा है। प्रदेश में सौर ऊर्जा की अपार संभावना है। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इसमें ईआरसीपी का भी उद्योगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन सेवाएं भी शुरू की गई है, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे तथा सभी कार्य मोबाइल के माध्यम से ही हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में छोटे एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अलग से भूखण्डों का प्रावधान किया गया है। इसके लिए लॉटरी सिस्टम भी शुरू कर दिया गया है।

पांच साल में महज अस्तित्व में आए सिर्फ 31 नए औद्योगिक क्षेत्र

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि गत सरकार ने रीको की राशि दूसरी योजनाओं में उपयोग में ली। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों में 176 औद्योगिक क्षेत्रों की घोषणा हुई, लेकिन केवल 31 औद्योगिक क्षेत्र ही अस्तित्व में आ पाए। उन्होंने भौगोलिक क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप उद्योगों की स्थापना की जरूरत पर बल दिया। साथ ही, नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा आदि के क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता भी जाहिर की।

कृषि मंत्री किरोड़ीवाल...

कारण मैंने इस्तीफा दिया है। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जब मैं सरकार में था, तब मैंने आरएएस भर्ती परीक्षा को स्थगित करने की मांग की थी। वह परीक्षा स्थगित कर दी गई। हॉर्टिकल्चर की जमीन कौड़ियों के भाव में अलवर में बेच दी थी। मैंने सरकार का ध्यान आकर्षण किया तो वह जमीन निरस्त हो गई। जल जीवन मिशन के घोटाले की सीबीआई जांच की मांग मैंने सरकार से की थी। सरकार ने सीबीआई को जांच दे दी। सरकार में था, तब भी जनता के मुद्दों को मजबूती से रखने का काम किया। आगे भी यह चलता रहेगा।

हाईकमान स्तर पर होगा फैसला

सूत्रों के मुताबिक किरोड़ीलाल मीणा ने कुछ दिन पहले सीएम से मुलाकात की थी। उसी दौरान इस्तीफा दे दिया था। विधानसभा के बजट सत्र के चलते रणनीति के तहत इसे गोपनीय रखा गया। अब हाईकमान के स्तर पर ही इस पर फैसला होगा।

दरअसल, पिछले दिनों कृषि विभाग के इंजीनियरों के तबादलों को लेकर भी किरोड़ी और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के बीच तनातनी सामने आई थी। पंचायतीराज आयुक्त ने आदेश जारी कर किरोड़ी के विभाग से जारी तबादलों को गलत बताते हुए जॉइनिंग पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जब विवाद बढ़ा तो फिर से आदेश निकाले गए। इस मुद्दे ने किरोड़ी की नाराजगी को और बढ़ा दिया।

हेमंत सोरेन ने...

अब आगे के काम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा-जनता, पार्टी कार्यकर्ता सबकी शुभकामनाएं है और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में और तेजी से कार्य करेंगे... गांडेय मेरी प्राथमिकता है और रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा-हेमंत सोरेन को नई सरकार के गठन के लिए मैं बधाई देता हूं। हमें पूरी उम्मीद है कि वे सभी कार्यों को पूरा करेंगे। झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा-यदि आप संविधान के अनुसार चलें, तो संविधान हम सभी से गरीबों की समस्या का समाधान करने की अपेक्षा करता है, यही अपेक्षा मेरी नई सरकार से भी है। जेएमएम सांसद महुआ माजी ने कहा-झारखंड मुक्ति मोर्चा एक परिवार है कोई पार्टी नहीं, परिवार के तमाम सदस्य मिलकर सरकार चलाते हैं और जनता के लिए काम करते हैं। पहले भी अच्छा काम किया है, चंपाई सोरेन ने भी अच्छा काम किया और अब फिर से हेमंत सोरेन अच्छा काम करेंगे। जिस तरह से बिना किसी सबूत के ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया, उनके परिवार और जनता को दुख पहुंचा, ऐसे में जबसे आए हैं तो लोगों में बहुत खुशी है। उन्होंने विकास के प्रति जो सपने देखे हैं वह पूरे होंगे, तेजी से विकास होगा।

अब शपथ लेंगे...

इस पर बाकी सांसदों ने आपत्ति जताई थी। ओवैसी के अलावा कई अन्य सांसदों ने भी अलग-अलग नारे लगाए थे। राहुल गांधी ने शपथ के बाद जय हिन्द और जय संविधान का नारा लगाया था। वहीं बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने हिंदू राष्ट्र की जय का नारा लगाया था। इसके अलावा अयोध्या से सपा सांसद अवधेश राय ने शपथ ली तो जय अयोध्या, जय अवधेश के नारे लगा लगाए। हेमा मालिनी ने शपथ की शुरुआत राधे-राधे से की थी। इन नारों को लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया था कि सांसद शपथ ग्रहण के जरिए अपना-अपना राजनीतिक संदेश भेज रहे हैं।

स्पेस में जाने...

लोग विस्थापित हुए। सुप्रीम कोर्ट ने भी कह दिया कि राज्य में संवैधानिक मशीनरी खत्म हो गई है, लेकिन च्ड चुप हैं। आज तक मोदी मणिपुर नहीं गए। दरअसल, हाल ही में इंडियन स्पेस रिसर्च सेंटर चीफएस सोमनाथ ने एक टीवी नेटवर्क को दिए इंटरव्यू में कहा था कि पीएम मोदी भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के यात्री हो सकते हैं। एस सोमनाथ ने कहा कि पीएम मोदी के स्पेस जाने पर पूरे देश को गर्व होगा। जयराम रमेश ने मणिपुर मुद्दे को लेकर दो पोस्ट किए हैं, जिसमें उन्होंने मोदी की आलोचना की।

सब स्टैण्डर्ड दही...

गक्खड़ को दी गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद पेश किया गया। बुधवार 3 जुलाई 2024 को निर्णय दिया गया, जिसमें दही के सब स्टैण्डर्ड होने पर प्रतिष्ठान मालिक अनिल कुमार गक्खड़ पुत्र मुलखराज गक्खड़ पर दो लाख रुपए एवं मौका विक्रेता सुश्री जन्नत पुत्री अनिल कुमार गक्खड़ पर एक लाख रुपए जुर्माना (कुल तीन लाख) लगाया गया। जुर्माना राशि एक माह में जमा करवाने के आदेश दिए गए।

मिलावट एवं अशुद्धता की शिकायत यहां करें

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि गरम मसालों में मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्यस्तरीय व्हाट्स एप नंबर 9462819999 पर दें, ताकि अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैंपल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं शिकायत करने वाले आम नागरिकों को शिकायत सही पाए जाने पर 51000 रुपए का इनाम भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी शुद्ध, बिना मिलावटी और एक्सपायरी डेट आदि देखकर ही खाद्य पदार्थों का बेचान करें।

अग्रवाल समाज...

में नोहरचंद अग्रवाल की अहम भूमिका थी। इनके योगदान को समाज कभी नही भुला सकता। इस मौके पर संगठन मंत्री पारस गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित बलाड़िया, उपाध्यक्ष सुमित गर्ग, सचिव अमरनाथ सिंगला, उपसचिव प्रिंस गर्ग, कोषाध्यक्ष देवेंद्र बंसल डिम्पल, विधि मंत्री अरुण अग्रवाल, प्रचार मंत्री गोपाल जिंदल, सदस्य रमन गर्ग, प्रवीण गोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

प्रत्येक सोमवार को...

कहा कि सोमवार को जिला चिकित्सालय में शिविर आयोजित होता है। चिकित्सा अधिकारियों को दिव्यांगजनों को शिविर में लाने के लिए समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बंद पेंशन के प्रकरणों में जिला कलेक्टर ने ग्राम विकास अधिकारी को तुरंत आवेदन करवाते हुए पेंशन जारी करवाने की कार्यवाही के निर्देश दिए। साबुआना में आबादी भूमि से संबंधित प्रकरण में आबादी विस्तार के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

गांव और पंचायत में हो परिवादों का निस्तारण

जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का पूरा प्रयास है कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण उसके घर, गांव तथा पंचायत में ही हो पाए। इसीलिए राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत, द्वितीय गुरुवार को ब्लॉक, तृतीय गुरुवार को जिला स्तर पर जनसुनवाई करने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त मेरे साथ एडीएम, एसडीएम द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित की जा रही है। रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याओं को सुना जा रहा है तथा जो समस्या मौके पर निस्तारण योग्य है, उन्हें तुरंत निस्तारित किया जा रहा है, अन्य के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए जा रहे है। रात्रि चौपाल के बाद सकारात्मक माहौल बन रहा है, जिसकी वजह से विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच रात्रि चौपाल करने की मांग लेकर आ रहे है।

आमजन योजनाओं का ले फायदा: कलेक्टर

जिला कलेक्टर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाए। उन्होंने हाल ही में पेंशन अभिवृद्धि तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 1000 रुपए की राशि के वितरण सहित अनेक योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि रात्रि चौपाल में भी शुरुआती एक घंटे में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। आमजन इनका अधिक से अधिक लाभ ले, किसी भी प्रकार की शिकायत तथा अधिकारियों द्वारा बरती जा रही कोताही के लिए 181 पर शिकायत दर्ज करवाए।

पेयजल भंडारण के लिए डिग्गियों के निर्माण के लिए जल्द भेजे जायेंगे प्रस्ताव

जिला कलक्टर काना राम ने कहा कि ग्राम पंचायत में पेयजल से संबंधित भूमि की कमी को दूर करने के लिए आसपास के सरपंचों से बात की जा रही है। इसके बाद पीएचईडी द्वारा पेयजल की डिग्रियों के प्रस्ताव भेजे जाएंगे, जिससे कि पेयजल की समस्या का निस्तारण किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि गत वर्ष घग्घर में अधिक पानी आने से बाढ़ की संभावना बनी थी, जिसमें आमजन, किसानों तथा जनप्रतिनिधियों ने भरपूर सहयोग किया था। इसी सिलसिले में इस वर्ष ऐसी संभावना ना बने, इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ घग्घर का निरीक्षण किया जाएगा तथा पुख्ता इंतजामात किए जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम श्री राकेश मीना सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दवाईयां बेचने में अनियमितता और नियमों की अवहेलना

23 मेडिकल स्टोर पर सख्त कार्रवाई, 6 मेडिकल स्टोर के प्रकरण राजस्थान फार्मेसी काउसिंल को भेजे गए

हनुमानगढ़। नशे के रूप में उपयोग होने वाली औषधियों की प्रभावी रोकथाम के लिए औषधि नियंत्रण अधिकारियों ने विभिन्न फर्मों का औचक निरीक्षण किया। इसमें नशे से संबंधित एवं अन्य अनियमितताओं के चलते 23 मेडिकल स्टोर्स के ड्रग लाइसेंस निश्चित समयावधि के लिए निलम्बित किए गए हैं।

इनके ड्रग लाइसेंस किए निलम्बित

लाइसेंसिंग अॅथोरिटी एवं सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन और जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशन में टीम सख्त कार्रवाई कर रही है। इनमें, फर्म मैसर्स गोदारा मेडिकल स्टोर वीपीओ थालड़का, फर्म मैसर्स दुर्गा मेडिकोज झाम्बर, फर्म मैसर्स जे.एच मेडिकोज गुरूद्वारा रोड फतेहगढ़, फर्म मैसर्स एकम मेडिकल एंड प्रोविजन स्टोर डबलीवास, फर्म मैसर्स गोदारा मेडिकल स्टोर चौहिलांवाली, फर्म मैसर्स सूर्य मेडिकल स्टोर सरदार षहर रोड रावतसर, फर्म मैसर्स श्याम मेडिकोज वार्ड नंबर 6 रामसरा नारायण, फर्म मैसर्स थिंद मेडिकोज गांव ढ़ालिया, फर्म मैसर्स बालाजी मेडिकल स्टोर खेदासरी, फर्म मैसर्स शर्मा मेडिकोज शेरड़ा, फर्म मैसर्स हनुमानगढ़ सहकारी उपभोक्ता हॉलसेल भंडार के लाइसेंस निलम्बित किए गए हैं। साथ ही, फर्म मैसर्स झलक मेडिकल स्टोर धोलीपाल, फर्म मैसर्स जीवण मेडिकोज जनरल मार्केट टाउन, फर्म मैसर्स महावीर मेडिकल स्टोर नोहर, फर्म मैसर्स मां करणी मेडिकल स्टोर मेडिकल स्टोर, फर्म मैसर्स भवानी मेडिकल स्टोर निनाण, फर्म मैसर्स सत्यम मेडिकल स्टोर गांव अमरपुरा, फर्म मैसर्स साहिब मेडिकोज नायक मौहल्ला, फर्म मैसर्स भव्या मेडिकोज नोहर, फर्म मैसर्स एसपी मेडिकल एजेंसी, फर्म मैसर्स गणेश मेडिकल स्टोर और फर्म मैसर्स ढिल्लो मेडिकल स्टोर गांव ढ़ाणीलाल खां नोहर आदि को अलग-अलग समयावधि के निलम्बित किया गया है। इनकी समयावधि 2 से 30 दिन के लिए है। मित्तल ने बताया कि खुदरा लाइसेंसी फर्मो के फार्मसिस्ट हंसराज गोदारा संख्या 31805, कृष्ण कुमार संख्या 23579, संजय कंदोई संख्या 13484, प्रमोद कुमार बिश्नोई संख्या 44238, मांगीलाल संख्या 24068, गुरेंद्र सिंह संख्या 30659 के विरूद्ध कार्यवाही के लिए राजस्थान फार्मेसी काउसिंल को प्रकरण भेजे गए हैं।

दीपक वाट्स एडिशनल डिस्ट्रिक गवर्नर द्वारा सम्मानित

श्रीगंगानगर। लायंस क्लब श्रीगंगानगर सैंटर द्वारा गत दिवस आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एडिशनल डिस्ट्रिक गवर्नर नरेंद्र चांगिया ने लायंस क्लब सैंटर के निवर्तमान अध्यक्ष दीपक वाट्स को अंतर्राष्ट्रीय लॉयन पिन से सम्मानित किया। जन संपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि अध्यक्ष दीपक वाट्स के नेतृत्व में क्लब ने अनेक अत्यंत सराहनीय व अनुकरणीय सेवा कार्य किए हैं। गत वर्ष 1 जुलाई को सत्र की शुरुआत गौ सेवा से की गई थी। फिर वरिष्ठ चिकित्सकों सम्मान किया गया। दीपक वाट्स ने शपथ ग्रहण पर 1 लाख 11 हजार रु अरोड़वंश धर्मशाला के निर्माण के लिए व 21 हजार रुपए क्लब को जल मंदिर के निर्माण के लिए दिए। उनके अध्यक्ष कार्यकाल में दो बार नेत्र चिकित्सा शिविर लगाए गए। जरूरतमंद के मोतियाबिंद ऑपरेशन भी करवाये गए। तीन बार निःशुल्क मधुमेह जांच व चिकित्सा शिविर, पौधारोपण, योग शिविर, मकर सक्रांति पर दिव्यांग बच्चों के लिए रूम हीटर, जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर और जुराबें, सर्दी में फुटपाथ पर सोए लोगों को कंबल, सड़क सुरक्षा तहत वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाने, जरूरतमंदों को भोजन वितरण, निर्धन छात्राओं को शूज और शिक्षक दिवस पर अध्यापकों का सम्मान जैसे अनेक कार्य किए गए।

न्यायालय उपतहसीलदार डबलीराठान
तहसील हनुमानगढ़

क्रमांकः भू.अ./485 दिनांकः 26.06.2024

आम सूचना

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि बनवारी लाल वल्द साधुराम कौम मेघवाल निवासी डबलीवास पेमा (मृत्यु दिनांक 23.07.2023) द्वारा कृषि भूमि चक 14 जेआरके बी / 1.012, 16 जेआरके /0.506 = 1.518 हैक्टेयर 55/256 (58) 21-22/0.506, 61/258(56) 19 ता 22 /1.012 = 1.518 हैक्टैयर की वसीयत दिनांक 14.07.2023 को निम्न के पक्ष में निष्पादित की गई:-

लेखराम पुत्र बनवारी लाल व सेठ बबलू पुत्र ओमप्रकाश बहिब कौम मेघवाल साकिन डबलीवास चैना

प्रकरण ईन्तकाल दर्ज करने हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है। यदि किसी को उक्त वसीयत के आधार पर नामांतरकरण खोलने बाबत कोई एतराज हो तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस में इस न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर देवें अन्यथा बाद गुजरने मियाद एक तरफा निर्णय की कार्रवाई अमल में ली जावेगी एवं कोई उजर मान्य नहीं होगा।

उपतहसीलदार डबलीराठान हनुमानगढ़

कार्यालय नगरपालिका मण्डल
रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांकः 669 दिनांकः 4.07.2024

आपति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौरव सैनी पुत्र भवानी सिंह जाति माली निवासी वार्ड नं. 23 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ द्वारा आवासीय भूखण्ड साईज 417 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखण्ड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा साईज 417 दरगज का भगवती प्रसाद पुत्र बनाराम सैनी के नाम से जारीशुदा है। श्री भगवती प्रसाद की मृत्यु दिनांक 18.07.2003 को हो चुकी है। भगवती प्रसाद ने अपने जीवनकाल में ही उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 04.06.2009 को अपने पोते गौरव सैनी पुत्र भवानी सिंह के नाम कर दी। जिसका नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय ग्राम पंचायत डबलीवास मौलवी
पंचायत समिति पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़(राज.)

क्रमांमकः 415-17 दिनांकः 04.07.2024

सीमित निविदा

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डबलीवास मौलवी में वार्ड नं. 10 में जोहड़ पानी निकासी हेतु मोटर पम्प किर्लोस्कर कम्पनी की आवश्यकता है। इच्छुक निविदादाता द्वारा अपनी-अपनी कोटेशन सोमवार 08.07.2024 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में दी जा सकती है। 2 से 3 बजे निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जाएगी। अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

(बेअन्त कौर)
सरपंच
ग्राम पंचायत डबलीवास मौलवी

(सतनाम सिंह)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डबलीवास मौलवी

ग्रामीणों का संतुष्टि स्तर बेहतरीन हो, समस्याओं के समाधान में रखें संवेदनशीलता : सत्यानी

» जिला कलक्टर ने जिले के सेहला में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने गुरुवार को जिले की सेहला ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित प्रेमसुख लोहिया राउमावि में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कर ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने और अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के साथ रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने सेहला में विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा प्रवेशोत्सव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारी संवेदनशीलता से निस्तारण करें तथा सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों का संतुष्टि स्तर बेहतरीन हो। प्रशासन आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीर है। इसलिए ग्रामीणों की समस्याओं की संवेदनशीलता देखें और अति आवश्यकता वाले कार्यों को यथाशीघ्र निस्तारित करें। जिला कलक्टर सत्यानी ने सभी ग्रामीणों से पौधरोपण की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा गोद लें व उस पौधे के साथ भावनात्मक जुड़ाव रखते हुए रख-रखाव करें। प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति व पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए वृक्षारोपण करे तथा प्राकृतिक संसाधनों की संरक्षा करे। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर से खाद्य सुरक्षा योजना में नाम नहीं जुड़ने की समस्या रखी, जिस पर जिला कलक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर पंजीकरण शुरू नहीं किया गया है। पोर्टल शुरू होने पर उन्हें जानकारी साझा की जाएगी, जिससे वे पंजीकरण करवा सकेंगे। ग्रामीणों ने विद्यालय के आगे ब्रेकर नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने सानिवि के अधिकारियों को विद्यालय के आगे साइन बोर्ड व वाहनों के स्पीड लिमिट हेतु समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में पेयजल खारा होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों से रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसी के साथ ग्रामीणों ने नए पंचायत भवन के उद्घाटन नहीं होने की बात कही, जिस पर जिला कलक्टर ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से समन्वय करते हुए पंचायत भवन का उद्घाटन करते हुए सुचारू करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने सेहला पीएचसी में चिकित्सक के अनुपस्थित रहने की शिकायत की, जिस पर जिला कलक्टर ने बीसीएमओ को निर्देश दिए कि नियमित मॉनीटरिंग व निरीक्षण करें तथा चिकित्सक के उनुपस्थित पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान फरियादी ने पीएम आवास योजनान्तर्गत किश्त भुगतान संबंधी शिकायत रखी, जिस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को निर्देश दिए। खेल मैदान की समस्या पर जिला कलक्टर ने कहा कि महानरेगा योजनान्तर्गत खेल मैदान को समतलीकरण करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। रतनगढ़ एसडीएम अमित वर्मा ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए समुचित क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार गिरधारी सिंह, सरपंच जगदीश सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, बीसीएमओ डॉ मनीष तिवारी, मंडी सेक्रेटरी पिंकी बुगालिया, डॉ निरंजन चिरानिया, सहायक विकास अधिकारी संजय भोजक सहित पीएचईडी, सानिवि व सभी विभागों के ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्यालय का किया निरीक्षण, प्रवेशोत्सव की जानकारी ली

इसी के साथ जिला कलक्टर सत्यानी ने सेहला के प्रेमसुख लोहिया राउमावि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा प्रवेशोत्सव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय में नामांकन बढ़ाया जाए तथा किसी कारणवश विद्यालय छोड़ देने वाले विद्यार्थियों को पुनः प्रेरित करते हुए विद्यालय से जोड़ा जाए। जिला कलक्टर ने 10 वीं व 12 वीं कक्षा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड कक्षाओं के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें तथा उत्कृष्ट परिणाम हासिल करें।

कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी के विरोध में मंडल रेल प्रबंधक के खिलाफ किया प्रदर्शन

» डीआरएम के साथ यूनियन की पीएनएम का किया बहिष्कार

तेज | रिपोर्टर बीकानेर

नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन बीकानेर मण्डल सचिव कॉम प्रमोद यादव के नेतृत्व में गुरुवार को बीकानेर मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष कुमार की हटधर्मिरता, जिनके द्वारा सेफ्टी से जुडे नियमों के साथ खिलवाड़ एवं प्रशासन एवं यूनियन के बीच लिखित सहमति के बावजूद भी अपनी बात से मुकरने की आदत के विरूद्ध 90 वीं पीएनएम का आज बहिष्कार किया जिसमे प्रमुख रूप से हनुमानगढ़ के सीएलआई के द्वारा कर्मचारियों के विरूद्ध की जा रही मनमानी, जबकि 90 प्रतिशत हनुमानगढ़ जक्शन के रनिंग कर्मचारियों ने उनके खिलाफ लिखित शिकायत यूनियन एवं मानवाधिकार आयोग में देने के बावजूद भी उनके विरूद्ध कोई एक्शन नहीं करने के विरोध में, इसके साथ साथ रेल प्रशासन द्वारा हर बात पर अपनी मनमानी कर कर्मचरियों पर कार्य का दबाव बना के रखना ओर कर्मचारियों का शोषण के साथ उनके वेलफेयर को अनदेखी करना यूनियन द्वारा इस संबंध में समय-समय पर कर्मचारियों की जायज मांगो को भी न सुनना ओर अपनी हरधर्मिता पर रहना, जिससे कर्मचारियों के बीच भारी रोष है जिसके विरुद्ध युनियन के द्वारा आज रेल प्रशासन से होने वाली 90वी पीएनएम जो कि मंडल रेल प्रबंधक आशीष कुमार के साथ होने वाली बैठक का बहिष्कार करने का कदम उठाया गया। इसी क्रम में बीकानेर मंडल की सूरतगढ़, हनुमानगढ़, भटिंडा, श्रीगंगानगर, सिरसा, हिसार, चुरू, रतनगढ़, लालगढ़, बीकानेर सभी शाखो में रेल कर्मचारियों ने अपना विरोध दर्ज किया। स्थानीय रेल प्रशासन ने अपनी हठधर्मिता नही छोड़ी तो आगामी दिनों यूनियन रेल कर्मचारियों की मांगों के लिए अपना विरोध जारी रखेगी। मंडल रेल प्रंबधक कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया इसके साथ ही मंडल की सभी 10 शाखाओं (बठिंडा, हनुमानगढ़, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर, सिरसा, हिसार, चुरू, रतनगढ़, बीकानेर लालगढ़) में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया गया जिसमें मंडल के पदाधिकारी एवं सभी शाखा सचिव, शाखा अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

रिक्त पदों के लिये आवेदन आमंत्रित आवेदन की अंतिम तिथि 11 जुलाई

तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार स्वर्गीय गुरूशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय सूरतगढ़ में संचालित नियमित विषयों के रिक्त पदों के विरूद्ध विद्या संबल योजना के अंतर्गत अध्यापन कार्य हेतु गेस्ट फैकल्टी नियुक्त की जानी प्रस्तावित है। स्वर्गीय गुरूशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय सूरतगढ़ के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में संचालित नियमित विषयों में शून्य पद वाले विषयों में राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी अथवा स्थानांतरण/कार्य व्यवस्था के तहत शिक्षण उपलब्ध होने तक 21 जून को जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'विद्या संबल योजना' के अंतर्गत स्व. गुरूशरण छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय सूरतगढ़ में सत्र 2024-25 में रिक्त पदों हेतु अध्ययन कार्य हेतु आवेदन आमंत्रित है। सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ होने अथवा सेमेस्टर का पाठयक्रम पूर्ण होने तक 800 रूपये प्रति कालांश मानदेय के आधार पर पूर्णतया अस्थाई गेस्ट फैकल्टी हतु आवेदन 11 जुलाई तक जीवन विज्ञान एवं जैन विद्या तथा लेखा शास्त्र विषयों में यूजीसी योग्यताधारी व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13 जुलाई को

श्रीगंगानगर। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में 13 जुलाई को जिला स्तरीय अंडर-23 वर्ग के छात्रा-छात्रा एथलेटिक्स प्रतियागिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता महाराजा गंगासिंह स्टेडियम श्रीगंगानगर के खेल मैदान में 13 जुलाई को प्रातः 7 बजे शुरू की जाएगी। जिला एथलेक्टिस संघ के सचिव परविन्दर जीत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 16 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए (उनकी जन्म तिथि 29.9.2001 से 28.9.2008 तक) एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी यूआईडी साथ लाना अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता में मापदण्ड पूरा करने वाले खिलाड़ियों को राज्य प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु झुंझुनू 27 व 28 जुलाई 2024 को भेजा जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपनी (एन्ट्री प्रपत्र भर जमा करवाना) व्यक्तिगत रूप संघ के कार्यालय श्रीगंगानगर में 12 जुलाई तक स्पोर्टस श्रीगंगानगर के उपर मल्टीपर्पज स्कूल के सामने की जायेगी। अपने इवेन्ट की एन्ट्री करवाकर चेस्ट नम्बर प्राप्त करे।

अत्यधिक वर्षा को लेकर नगरपरिषद के सुझाव

निचले स्थान व खड्डों के पास अतिक्रमण के रूप में रह रहे परिवार सुरक्षित स्थान पर जाये

श्रीगंगानगर। आयुक्त नगरपरिषद यशपाल आहूजा द्वारा आमजन से अपील की गई है कि आगामी मानसून को देखते हुए निचले इलाक़े और खड्डों के पास अतिक्रमण के रूप में रहने वाले लोग यह स्थान छोड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर चले जावे। वाणिज्यिक दुकानदार अंडर ग्राउंड की पूरी सुरक्षा रखें और अपने माल को पर्याप्त ऊँचाई पर रखें तथा जिनकी जर्जर बिल्डिंग है, वे बिल्डिंग के असुरक्षित हिस्से को स्वयं रिपेयर करवा लेवें या उसे गिरा देवे ताकि जान माल को हानि ना हो। जल भराव की स्थिति में आमजन रेन बसेरे व नजदीकी धर्मशाला में शरण लेवें। बिजली की चोरी के लिए अनाधिकृत कुण्डी न लगायें जिससे शोर्ट सर्किट से जान माल का ख़तरा रहता है। बिजली कड़कने की दशा में पक्की मज़बूत बिल्डिंग में शरण लेवे, पेड़ की नीचे शरण ना लेवे। जल भराव/बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये परिषद् द्वारा नियंत्रण कक्ष फायर बिग्रेड में स्थापित किया हुआ है जिसका फोन नं. 0154-2470101 है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

चूरू. जगदीश सोनी। जिला मुख्यालय स्थित मेघवाल समाज शमशान घाट में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष नरेन्द्र कंवल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत मेघवाल, मोर्चा महामंत्री दीनदयाल खारडिया, मंडल अध्यक्ष अमित कंवल, महेन्द्र कल्ला, कुलदीप कंवल, गोविन्द कल्ला, नरेश कल्ला औंकार मेघवाल प्रदीप कल्ला आदि मोजूद रहे।

द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को: तैयारियों को लेकर बैठक

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) श्रीगंगानगर द्वारा करणपुर न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारीगण एवं बार संघ के अधिवक्तागण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर प्री-काउंसलिंग के माध्यम से निस्तारित करने हेतु अनुरोध किया गया। बैठक में बार संघ करणपुर के अधिवक्तागण से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक सहयोग चाहा गया। तेनगुरिया ने ''न्याय आपके द्वार'' के तहत चलाये गये अभियान के बारे में जानकारी दी। न्याय आपके द्वार अभियान के तहत श्रीगंगानगर की प्रत्येक ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय लोक अदालत से जोड़ा गया है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर सिविल, आपराधिक एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित ऐसे प्रकरण जो एक ही ग्राम पंचायत के पक्षकारों के मध्य चल रहे हैं, का राजीनामा के माध्यम से निस्तारण किया जायेगा। इस हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर एक समिति का गठन कर आपसी सुलह से ज्यादा से ज्यादा निस्तारण करवाने का प्रयास किया जावेगा। बैठक के दौरान एडीजे करणपुर इंदिरा बनेरा द्वारा भी अधिवक्तागण से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने क अपील की गयी। बैठक में इंदिरा बनेरा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, करणपुर, मोहनलाल, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, करणपुर, सतीश अरोड़ा, बार संघ अध्यक्ष व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित

तेज | कैलाश सोनी. सूरतगढ़

महावीर इन्टरनेशनल के स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष में सूरतगढ़ केन्द्र द्वारा मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के अन्तर्गत आज चौथे दिन सूरतगढ़ के श्रीमती सूरजी देवी आसकरण जैन राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक पाठशाला सूरतगढ़, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उत्कृष्ट उच्च प्राथमिक विद्यालय किशनपुरा नई आबादी, महात्मा गांधी राजकीय स्कूल नं. 1 व 2, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नं. 4, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय टिब्बा कॉलोनी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय उपनिवेशन कॉलोनी सूरतगढ़ में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 180 बैग, 500 कॉपियां, पेन्सिल, रबड़ आदि पाठ्य सामग्री वितरित की गई। साथ ही सूरजी देवी आसकरण जैन राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक पाठशाला में एक पंखा भेंट किया गया। महावीर इन्टरनेशनल के सम्भागीय अध्यक्ष ने बताया कि महावीर इन्टरनेशनल की शुरूआत वर्ष 1975 में भगवान महावीर के निर्वाण की 2500वीं वर्षगांठ के अवसर पर कुछ समान विचारधारा वाले लोगों के एक विनम्र प्रयास के रूप में हुई थी। संस्था आज 50वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। दानदाताओं द्वारा विभिन्न रूप से किये गये सहयोग से संस्था द्वारा ये सेवा कार्य किये जा रहे हैं। संस्था सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करती है। इस अवसर पर शालाओं के प्रधानाचार्यों, अध्यापक-अध्यापिकाओं सहित संस्था के सम्भागीय अध्यक्ष संजय बैद, गवर्निंग काउंसिल सदस्य सत्यनारायण झंवर, कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा, सूरतगढ़ केन्द्र के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, ओमप्रकाश कारगवाल, नीरज डांग, रामपाल रोकणा, धनराज नवलखा, पूर्ण राम कारगवाल उपस्थित थे।

पीएम केंद्रीय विद्यालय चूरू में खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

पीएम केंद्रीय विद्यालय में आज तीन दिवसीय संभागीय स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न हुई। प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि जयपुर, संभाग की कुल 15 टीमों ने भाग लिया। इसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल क्रमांक 2 जोधपुर ने प्रथम स्थान, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1आर्मी जोधपुर ने द्वितीय स्थान तथा पीएम केंद्रीय विद्यालय चूरू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 अलवर ने प्रथम स्थान, केंद्रीय विद्यालय वायुसेना स्थल क्रमांक 2 जोधपुर ने द्वितीय स्थान तथा केंद्रीय विद्यालय ब्यावर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुल 165 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अभिलाषा सिंह, आयुक्त, नगर परिषद चूरू, विशिष्ट अतिथि, रामूराम उपजिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) तथा विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किये। कार्यक्रम को निष्पक्ष व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए शारीरिक शिक्षक विनोद गोदारा, अनिता राठौड, विजय सिंह, युद्धवीर सिंह, नरेश कुमार, निशांत, आनंद कुमार, रोहित नैन को प्रतिनियुक्त किया गया। शारीरिक शिक्षक मनोज शर्मा तथा रतिराम को केंद्रीय विद्याल जयपुर संभाग द्वारा चयनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया। खेल प्रशिक्षक प्रताप नैन व अनिल कुमार तथा अन्य कर्मचारियों ने गतिविधि के आयोजन में योगदान दिया।

आम रेल यात्रियों की सुविधाओं पर रेलवे का फोकस, कोच उत्पादन में वृद्धि

» रेलवे तीव्र गति से दस हज़ार नॉन-एसी कोच का उत्पादन करेगी

नई दिल्ली/श्रीगंगानगर। आम यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए, भारतीय रेलवे ने अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10 हज़ार नॉन-एसी कोचं के उत्पादन की योजना बनाई है। अधिकारियों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान लगभग 10000 कोच के उत्पादन की कार्य योजना बनाई जा रही है जिसमें रिकार्ड 5300 से अधिक जनरल (सामान्य) श्रेणी कोच की संख्या है। वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे ने अमृत भारत जनरल (सामान्य) श्रेणी कोच सहित 2605 जनरल (सामान्य) श्रेणी कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर कोच, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल (सामान्य) श्रेणी कोच सहित 2710 जनरल (सामान्य) श्रेणी कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। विभिन्न क्षेत्रों में रेल सेवा की मांग अलग-अलग मदों के अनुसार घटती और बढती रहती है, जिसमें सीजन के अनुसार यात्री यातायात निर्भर करता है। कोच की आवश्यकता भी इन कारकों पर आधारित होती है और इसे इसी आधार पर वार्षिक कोच उत्पादन कार्यक्रम में शामिल किया जाता है। कोचों का उत्पादन आम तौर पर आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित किया जाता है।

बीकानेर जिले में एकदिवसीय गौशाला संचालक प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम

चूरू। बीकानेर गौशाला संघ के द्वारा बीकानेर जिले की गौशालाओं का प्रशिक्षण जिले की तहसील के अनुसार रखा गया है। इस प्रशिक्षण में बीकानेर गौशाला संघ के विशेषज्ञ जिला गोपालन अधिकारी व तहसील स्तरीय नोडल अधिकारी प्रशिक्षण में भाग लेंगे पशुपालन विभाग बीकानेर के अधिकारी राज्य सरकार की योजनाएं और की रीति नीति पर संवाद करेंगे। सूरजमाल सिह ने बताया कि इस प्रशिक्षण की दिनांक व तहसील अनुसार स्थान निम्न प्रकार रहेगा। डूंगरगढ़ तहसील क्षेत्र की गौशालाएं 6 जुलाई प्रातः 9:30 बजे से, स्थान- वासुदेव गौशाला समिति ऊपनी डूंगरगढ कोलायत बज्जू क्षेत्र की गौशालाएं- 8 जुलाई प्रातः 9:30 बजे से, स्थान- देवकीनंदन गौशाला झज्झू कोलायत, नोखा पांचू क्षेत्र की गौशालाएं- 9 जुलाई प्रातः9:30 बजे से, स्थान- सुस्वानी माता गौशाला समिति, सुस्वानी माता मंदिर प्रांगण मोरखाना नोखा खाजूवाला, छतरगढ़, पुगल क्षेत्र की गौशालाएं 11 जुलाई प्रातः 9:30 बजे से, स्थान- दंतोर गौशाला खाजूवाला बीकानेर तहसील क्षेत्र की गौशालाएं- 13 जुलाई प्रातः 9:30 बजे से, स्थान-गुसाई बाबा गोशाला समिति गोसाई सर जयपुर रोड बीकानेर बीकानेर लूणकरणसर क्षेत्र की गौशालाएं 15 जुलाई प्रातः 9:30 बजे से, स्थान- वासुदेव गौ सेवा समिति खियरा सरे बिछरवास लूनकरनसर संगठन के जिला महामंत्री निरंजन सोनी ने बताया कि इस प्रशिक्षण व संवाद कार्यक्रम के लिए अगर सिंह कोटासर और सत्यनारायण स्वामी डूंगरगढ़ को पूरे जिले की गौशाला में प्रशिक्षण के लिए प्रभारी नियुक्त किया है।

सभापति पायल सैनी ने जल भराव निस्तारण को लेकर दिए निर्देश

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने चूरू शहर में जल भराव समस्या को लेकर चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह को पत्र लिखकर समस्या का समाधान कर तत्काल निस्तारण के लिए समुचित निर्देश दिए। आयुक्त को लिखे पत्र में बताया गया है कि शहर के जौहरी सागर, सुभाष चौक, सैनिक बस्ती, टाऊन हॉल के पास, डाबला रोड आदि मुख्य मुख्य स्थानों पर वर्षा के कारण हो रहे जल भराव की समस्या के निस्तारण एवं जल निकासी के संबंध में सभी पम्प स्टेशन, पीटीओ को क्रियाशील रखा जाए तथा अतिरिक्त टीम लगाते हुए जलभराव समस्या का यथाशीघ्र निस्तारण करें ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने नगरपरिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि समय पर जल निकासी की जाए ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो तथा आवागमन भी बाधित न हो। इसी प्रकार गाजसर गिनाणी पर भी सतत निगरानी रखी जाए ताकि अत्यधिक बारिश की स्थिति में गिनाणी टूटने की स्थिति से बचाया जा सके। जल भराव निस्तारण हेतु मड पम्प, मिट्टी के किट, ट्रेक्टर व जेसीबी इत्यादि आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। सभापति पायल सैनी ने बताया कि उन्होंने खुद मौके पर जाकर प्रभावित स्थिति का जायजा लिया तथा दूरभाष पर भी उनकों लगातार आमजन से शिकयते मिल रही हैं और सभी ने तत्काल समस्या का समाधान करने की मांग की है। इसी को मध्यनजर यह निर्देश जारी किये गये हैं।

एसीबीईओ गोदारा ने किया विद्यार्थियों से संवाद

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

पीलीबंगा। एसीबीईओ रजनीश गोदारा ने गुरुवार को राउमावि, अमरपुरा राठान में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें संबलन प्रदान किया।गोदारा ने शाला में अध्ययन अध्यापन शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने के अलावा स्कूल की सभी कक्षाओं का अवलोकन भी किया।विधालय की क्लास सात के बच्चों से अक्षर ज्ञान एवं गणितीय ज्ञान को परखा। एसीबीईओ ने अक्षर ज्ञान को परखने के लिए बच्चों से हिन्दी पाठ्यपुस्तक से एक पैराग्राफ पढ़कर सुनाने को कहा। तत्पश्चात बच्चों को ब्लेक बोर्ड में अभिलाषा लिखने को कहा। उन्होंने सभी बच्चों को अपने-अपने नाम की स्पेलिंग हिन्दी और अंग्रेजी में लिखने को कहा।जिसे बच्चों ने अपनी कॉपी में लिखकर उन्हें दिखाया।इस दौरान क्लास रूम में मौजूद शिक्षिका को कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उन पर विशेष ध्यान देने की भी बात कही। बच्चों में अक्षर ज्ञान की समझ कम वाले बच्चों के लाई क्लास रूम में शिक्षण सहायता सामग्री पोस्टर एवं चार्ट लगवाने, शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सतत् प्रयास करने एवम स्कूल परिसर को साफ-सुथरा कराने के भी निर्देश भी दिए। एसीबीईओ ने शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। चौथी क्लास में हिन्दी पाठ्यपुस्तक का रिडिंग कर रहे बच्चों से 'गुण' का अर्थ पूछा। रसोई एवम भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए।शाला स्टाफ के साथ पौधारोपण पर भी चर्चा हुई।प्रिंसिपल हरीश दुगरिया ने बताया कि इस दौरान विद्यालय की आईसीटी लैब का भी एसीबीईओ ने सघन निरीक्षण कर कंप्यूटर टीचर दीपक कुमार को लैब को व्यवस्थित रखने एवं नियमित कक्षाएं लगाने के लिए निर्देशित किया। प्रिंसिपल दुगरिया ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम एवं भौतिक संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बीडीओ ने पंचायत कान्हेवाला में सुने ग्रामीणों के अभाव अभियोग

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

पंचायत समिति की समस्त ग्राम पंचायतो में गुरुवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई हुई।एडीओ मालचंद गोगना ने बताया कि ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखते हुए प्रशासन से उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। पंचायत स्तरीय एवं ब्लाक के अधिकारियों ने परिवेदनाओं को प्रमुखता से सुनते हुए यथासंभव उनका निस्तारण किया।बीडीओ रविंद्र शर्मा ने ग्राम पंचायत कान्हेवाला में ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुने।इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, रोजगार सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाते हुए उनके निराकरण की मांग की। जिस पर बीडीओ ने संबंधित कार्मिकों को परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया।बीडीओ शर्मा ने ग्रामीणों को इस जनसुनवाई का महत्व बताते हुए कहा कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन में हरेक कार्मिक आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से संवेदनशील है तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ आमजन को राहत दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क पोर्टल पर प्राप्त व दर्ज होने वाले प्रकरणों की भी समीक्षा की जाकर समस्याओं का समाधान किया जाता है, ताकि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति की समस्या हल हो सके। साथ ही इस पोर्टल की मुख्यमंत्री स्वयं भी मोनीटरिंग करते है। उन्होंने ग्रामीणों को राज्य सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया तथा उनका लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। पंचायत वीडीओ अशोक छींपा ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित परिवारों एवं मनरेगा जॉब कार्ड धारी सहित अन्य पात्र व्यक्तियों के बारे में अधिकारियों को अवगत करवाया। सरपंच ओम प्रकाश सहारान ने सभी का आभार जताया।

विभिन्न लंबित मामलों के लिए चलाई जा रही है स्पेशल ड्राइव

तेज रिपोर्टर. ऐलनाबाद। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा हरियाणा मूल्य वर्धित कर और अन्य एक्ट के अंतर्गत लंबित मामलों के समाधान के लिए 31 जुलाई 2024 तक एक स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है। जिला उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) अंजू सिंह ने बताया कि 30 जून 2017 तक असेसमेंट केसों के लंबित मामलों के समाधान के लिए जिला के सभी अधिकारी व कर्मचारी व्यापारियों के लंबित मामलों के समाधान के लिए प्रयासरत है। व्यापारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से 01.00 बजे तक अपने लंबित मामलों के समाधान के लिए मिल सकते है। उन्होंने बताया कि जिन व्यापारियों का जीएसटी लागू होने से पहले का कोई रेक्टीफिकेशन / डिलीशीन, रिमांड केस, रीअसेसमेंट आदि किसी प्रकार का कोई लंबित मामला बकाया है तो वो विभाग में आकर अधिकारियों से मिलकर लंबित मामलों का समाधान करवा सकते है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठकः सांसद सम्मान समारोह में पहुंचने का आग्रह

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक बैठक गुरुवार को ब्लॉक कार्यालय में हुई। कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष बलवीर सिंह सिद्धू ने बताया कि बैठक में आगामी 7 जुलाई को श्री गंगानगर संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद कुलदीप इंदौरा के हनुमानगढ़ टाउन बस स्टैंड के पास स्थित गौशाला प्रांगण में स्वागत सम्मान समारोह में पहुंचने का समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया। बैठक में भविष्य की रणनीति बनाते हुए संगठन सदस्यों को इस कार्यक्रम में पहुंचने के अलावा संगठन मजबूती एवं पार्टी हित में कार्य करने के लिए संकल्पित भी किया गया।

मानसिक रोग परामर्श शिविर 7 को

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। शाह सतनाम सिंह सार्वजनिक अस्पताल श्री गुरुसर मोडिया में 7 जुलाई रविवार को मानसिक रोग परामर्श एवं निदान शिविर लगेगा। स्वास्थ्य मार्गदर्शक गुरसेवक इंसा के अनुसार इस शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा सिर दर्द, माइग्रेन, डिप्रेशन, नशे की प्रवृत्ति, बहकी बहकी बातें करना, गुस्सा, चिड़चिड़ापन, नींद नहीं आना, मिर्गी का दौरा, तनाव, अकेलापन, चिंता, उदासी, घबराहट, बेचैनी, बच्चों की व्यावहारिक समस्याएं, याददाश्त की कमी सहित अन्य मानसिक बीमारियों से संबंधित परामर्श मिलेगा। कैंप का समय प्रातः10 बजे से दोपहर 12बजे तक का रहेगा।

लखासर में ब्लड डोनेशन कैंप 7 को

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। ग्राम लखासर में स्व.राम कुमार पुनिया की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगेगा।यह ब्लड डोनेशन कैंप राजकीय चिकित्सालय परिसर लखासर में 7 जुलाई रविवार को सुबह 9बजे से 12 तक आयोजित होगा।आयोजक संस्था श्री कृष्ण गौशाला समिति ने क्षेत्र के ब्लड डोनर्स से इस कैंप में अधिकाधिक रक्तदान करने का आग्रह किया है। संस्था द्वारा डोनर्स को प्रशस्ति पत्र भी मिलेगा।

राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की मासिक आमसभा की बैठक आज

तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की मासिक आमसभा आज शुक्रवार को प्रातः 11 बजे बिश्नोई मंदिर धर्मशाला में होगी। उपशाखा अध्यक्ष जयदेव सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में संगठन की शक्ति बढ़ाने व सदस्यता से शेष रहे पेंशनर को प्रेरित कर सदस्यता ग्रहण करवाने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा होगी। समस्त पेंशनर्स को इस बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

भजन पार्टियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया सरकार के जनहितैषी कार्यों का बखान

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया है जो कि 31 जुलाई तक जारी रहेगा। विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ के निर्देशानुसार एक माह तक चलने वाले विशेष प्रचार अभियान में जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र को कवर करते हुए आमजन को हरियाणवी लोक शैली में सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया कि विभाग की ओर से विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिला के सभी खंडों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र को कवर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभागीय व सूचीबद्ध भजन पार्टियों द्वारा रोजाना एक गांव में प्रभावी रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर रोज होने वाले जागरूकता कार्यक्रम में आमजन को हरियाणा सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली सुविधाओं, सेवाओं व योजनाओं के साथ ही जनहितकारी उपलब्धियों के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। विशेष प्रचार अभियान के तहत लाला राम एंड पार्टी, जुगती राम एंड पार्टी, बुटा राम एंड पार्टी, संतोष एंड पार्टी, भजन लाल एंड पार्टी ने गांव बनवाला, रत्ताखेड़ा, पन्नीवाला मोटा, ओढ़, गिदड़ांवाली, धनूर, ओढां, ख्योवाली, आनंदगढ, मल्लेकां, उमेदपुरा व ढाणी संता सिंह आदि में कार्यक्रम देकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया।

जयपुर औषधि विभाग की टीम ने पीलीबंगा में दी दबिश, मैडीकल स्टोरों का किया निरीक्षण

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

नशे के रूप में उपयोग होने वाली दवाइयों की अवैध बिक्री को लेकर गुरुवार को जयुपर से आई औषधि विभाग की टीम ने कस्बे में कई मैडीकल स्टोरों पर दबिश देकर सघनता से जांच की। टीम में शामिल एडीसी. अजीत जैन, डीसीओ सांवरमल, डीसीओ मनीष मोदी सहित हनुमानगढ़ डीसीओ चंद्रकांत एवं डीसीओ पंकज जोशी ने अलग-अलग दुकानों पर जाकर नशे में प्रयुक्त होने वाली दवाओं की खरीद एवं बिक्री की गहनता से जांच की। इसके अलावा औषधि विभाग की टीम ने मैडीकल स्टोरों पर फार्मास्टिस की उपस्थिति, बिल बुक, एच. वन रजिस्टर, दवाओं के संधारण आदि की भी गहनता से जांच की। एडीसी अजीत जैन ने बताया कि इस दौरान मैडीकल स्टोर से नशे में प्रयुक्त होने वाली किसी भी दवा की अनियमितता नहीं मिली, फिर भी मैडीकल संचालकों को भविष्य में भी नशे के उपयोग में ली जाने वाली दवाओं की खरीद नही करने की चेतावनी भी दी गई है एवम संचालकों द्वारा अपनी दुकान के बाहर नशा नही बेचने के चस्पा शपथ पत्र पर सख्ती से अमल करते हुए नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कहीं। पंकज जोशी ने भी मैडीकल संचालकों को नींद व डिप्रेशन आदि दवाओं की खरीद व बिक्री नियमानुसार करने की हिदायत दी, ताकि इसके हो रहे दुरुपयोग पर लगाम लगाई जा सके। इससे पूर्व टीम की पीलीबंगा पहुंचने की सूचना मिलते ही मैडीकल स्टोर संचालकों में हड़कम्प मच गया। दुकानदार अपने सूत्रों से टीम द्वारा किस दुकान पर कार्रवाई की जा रही हैं, कि जानकारी लेते देखे गए। करीब 4 घंटे की कार्रवाई के बाद टीम हनुमानगढ़ के लिए रवाना हो गई।

वेतन वृद्धि रोकने से कर्मचारियों में रोष

- अचल संपत्ति का विवरण ऑनलाइन भरने की अवधि बढ़ाने की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने राज्य सरकार से कर्मचारियों के आंचल संपत्ति विवरण (आईपीआर) ऑनलाइन करने कीअवधि बढ़ाने की मांग की है। संघ जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल व जिला मंत्री रामनिवास ने बताया कि राज्य कर्मियों को31 मार्च 2024 तक अपनी एस एस ओ आई डी से राजकाज सॉफ्टवेयर मॉडयूल पर अपनी अचल संपत्ति का विवरण (आईपीआर) ऑनलाइन करना था। परंतुबहुत से कार्मिक लोकसभा चुनाव की तैयारी में व्यस्त थे तथा बहुत से कार्मिकों को पोर्टल पर संपत्ति के विवरण ऑनलाइन करने में परेशानी आ रही थी। इस अवधि में राजकाज सॉफ्टवेयर मॉडयूल सही काम नहीं था, धीमी गति से चल रहा था या बार बार रुकावट आ रही थी अर्थात विवरण ऑनलाइन हो नहीं पा रहा था और सरकार व विभाग नेअचल संपत्ति विवरण (आईपीआर) ऑन लाइन नहीं करने वालेकार्मिकों की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी कर रखें हैं इस कारण लगभग ढाई लाख कार्मिकों कीवेतन वृद्धि जो 1 जुलाई को होनी थी, रुक गई है जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष है। बंसल ने बताया कि संगठन की सरकार से मांग है कि अचल संपत्ति विवरण (आईपीआर) ऑनलाइन करने की अवधि बढ़ाकर कर्मचारियों को अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन करने का मौका देखकर राहत प्रदान की जावे तथा वेतन वृद्धि रोकने का आदेश वापस लिया जावे जिससे कर्मचारियों को इस परेशानी से मुक्ति मिल सके।

बैंक शाखा द्वारा दुर्व्यवहार करने एवं चेक रखकर राशि भी नही देने का आरोप

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

बैंक शाखा द्वारा दुर्व्यवहार करने एवं चेक रखकर राशि भी नही देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित गिरधारी पुत्र पूनम चंद ने बताया कि वह कस्बे की बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा पीलीबंगा का खाता धारक है, गुरुवार को उसने एक सेल्फ चेक राशि दो लाख रुपए का अपने भाई को विड्रॉल करने के लिए बैंक भेजा और स्वयं गुजरात के लिए रवाना हो गया। जब उसका भाई शाम 3.20 पर शाखा में कैशियर के पास भुगतान देने के लिए पहुंचा तो कैशियर ने चेक एक दूसरे स्टाफ को वेरिफिकेशन के लिए दे दिया।समस्त औपचारिकता पूर्ण करने के बावजूद उन्होंने राशि देने से मना कर दिया। इसकी सूचना उसने तुरंत अपने भाई गिरधारी को दी। रास्ते में से ही वह वापस लौट कर जब शाखा पहुंचा तो स्टाफ ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और पैसे देने से भी मना कर दिया एवं चेक भी अपने पास रख लिया। पीड़ित ने शाखा को इससे होने वाले नुकसान की जिम्मेवारी से अवगत करवाते हुए बैंक के उच्च अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है, उन्होंने चेताया कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें मजबूरन लीगल एक्शन लेना पड़ेगा। वही इस संबंध में शाखा प्रबंधक अमित सहारान ने बताया कि बैंक की कुछ टर्म एवं कंडीशन होती हैं, खाताधारक के साथ किसी भी प्रकार का कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। उन्होंने बैंक के पास इस संबंध में सम्पूर्ण डाटा रिकॉर्ड होने की भी बात कही।

पीएम की मुहिम एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण करने का आज से होगा आगाज

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण करने का आग्रह किया है। भाजपा नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता एवं आमजन से सार्वजनिक स्थलों एवं अपने घर के आसपास एक पौधा लगाकर अपनी माता के साथ फोटो लेकर सदैव इस याद को चीज स्थाई रखने का आग्रह किया है एवं मुहिम के तहत अधिकाधिक पौधारोपण करने का भी आग्रह किया है। इस दिशा में गुरुवार को नगर मंडल पीलीबंगा के कार्यकर्ताओं ने योजना बनाई तथा इसके लिए स्थान चिन्हित किया है। मुहिम की क्रियान्विति करते हुए शुक्रवार से इस अभियान को प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। मौके पर भाजपा महामंत्री जितेंद्र बलाना महामंत्री महेश पारीक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के संयोजक महेश चतुर्वेदी, नगर मंडल उपाध्यक्ष पवन करोड़ीवाल मौजूद आदि थे। महेश गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने वार्डों, अपनी-अपनी गली और आसपास के पार्कों में पौधे लगाने का भी आग्रह किया है।

अस्पताल में मां को दिखाने गया, पीछे से बाइक चोरी

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

थालड़का। गांव भगवान के विनोद कुमार पुत्र शंकरलाल सिहाग ने बताया कि एक जुलाई 2024 को मैं मेरे घर से बाइक लेकर के मेरी माता जी और मैं दोनों गांव भगवान से नोहर के सरकारी अस्पताल के लिए गए हुए थे। मैं मेरी माताजी का ईलाज के लिए समय करीब 3-4 पीएम को राजकीय चिकित्सालय नोहर में आया हुआ था। मेरी मोटर साईकिल नम्बर आरजे 31 एसडी 3419 से आया था। जिसकी मैने हॉस्पीटल परिसर व कस्बा नोहर में तलास किया मगर नही मिला। फिर मैं नोहर थाने में अज्ञात मोटरसाईकिल चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अन्दर चला गया था और मैं मेरी मां को डॉक्टर को दिखाने के बाद वापीस आया तो देखा की मेरी मोटरसाईकिल नही मिला। जिनकी मैने हॉस्पीटल परिसर व कस्बा नोहर में तलास किया मगर नही मिला। फिर मैं नोहर थाने में अज्ञात मोटरसाईकिल चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने मांग की गई। इस पूरे मामले की जांच हेड कांस्टेबल मीरसिंह कर रहे हैं। और चार दिन बीत जाने के बाद में भी अभी तक मोटरसाइकिल नहीं मिली है। नोहर कस्बे अन्य जगहों पर सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

नचिकेतन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कैरम चैम्पियनशिप में किया गोल्ड मेडल हासिल

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

हरियाणा कैरम ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित स्टेट एण्ड इंटर डिस्ट्रीकट चैम्पियनशिप में विद्यालय के दो खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता फरीदाबाद स्थित ऐकलोन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नॉलोजी में गत् 22 से 24 जून तक आयोजित की गई। विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के दौरान प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से चंचल ठाकुर ने अण्डर-14 आयु वर्ग व कक्षा आठवीं से जतिन ठाकुर ने अण्डर-12 आयु वर्ग में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 15 जिलों की अलग-अलग टीमों ने भाग लिया। जिला सिरसा से इस प्रतियोगिता में कुल 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एक बार फिर इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए चंचल ठाकुर व जतिन ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मैडल पर अपना कब्जा जमाया। ग्रीष्मावकाश के उपरांत विद्यालय पहूंचने पर दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु ने कहा कि जहाँ विद्यार्थी ग्रीष्मावकाश के दौरान मनोरंजन में अपना समय निकाल देते है वहीं इन दोनों बच्चों ने समय का सही उपयोग कर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखते हुए दो स्वर्ण पदक विद्यालय के नाम किए है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने के लिए विद्यालय हर संभव प्रयास करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियों से खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों पर अच्छा प्रभाव पढ़ता है जिससे वे आगे भी इस प्रकार की उपलब्धियों को हासिल करने में सक्षम हो पाते है। उन्होंने दोनों बच्चों व प्रशिक्षकों को बधाई दी व आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए शुभकमानाएँ दी। विद्यालय चेयरमैन राजेन्दऊसिंह सिद्धु, सचिव छबील दास सुथार व ऐडमिनिस्ट्रेटर अशोक कुमार ने भी अपने बधाई संदेश भेजें। इस मौके पर निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, प्राचार्य सत्यनारायण पारीक, प्रबंधन समिति के सदस्य परमिंदर सिंह सिद्धू व कपिल सुथार, विद्यालय प्रेस प्रवक्ता गुरसेवक सिंह, अध्यापकगण व विद्यार्थियों ने सभी विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं देने के साथ-साथ विद्यालय शारीरिक शिक्षक सोनू, नरेश कुमार, राम व सोनू देवी का भी हार्दिक धन्यवाद करते हुई उन्हें बधाई दी।

कालांवाली से विधानसभा चुनाव लड़ चुके राजेंद्र सिंह देसूजोधा सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

- भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कियाः नायब सिंह

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

कालांवाली से विधानसभा चुनाव लड़ चुके राजेंद्र सिंह देसूजोधा बुधवार को सैंकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल वाला अंग वस्त्र पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल किया और कहा कि उन्हें व उनके सभी समर्थकों को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सिरसा के पंचायत भवन के सभागार में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में राजेंद्र सिंह देसूजोधा को पार्टी में शामिल करने के उपरांत उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि देसूजोधा ने भाजपा में शामिल होकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है, जिसका असर भी दिखने लगा है। भाजपा की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है, भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रयासों की बदौलत उनके चेहरों पर मुस्कान दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 जून को आदर्श चुनाव आचार संहिता हटी है, मुझे मुख्यमंत्री की शपथ लिए अभी लगभग एक माह ही हुआ है, इस अल्प अवधि में अनेक जनहितैषी फैसले लिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जींद जिला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के एक लाख चार हजार 662 श्रमिकों के खातों में एक क्लीक से 80 करोड़ रुपये की राशि डाली गई। उन्होंने कहा कि दो किलोवॉट क्षमता के बिजली कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं अब जितनी बिजली यूनिट खर्च करेंगे, केवल मात्र उसी का बिल देना होगा, अन्य किसी प्रकार का चार्ज नहीं लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के लोगों के उत्थान के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कांग्रेस तथा भाजपा के 10-10 वर्ष के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि इस समय अवधि के दौरान कांग्रेस सरकार ने किसानों को फसल खराबे का केवल मात्र 1100 करोड़ रुपये दिए, लेकिन भाजपा सरकार ने 13 हजार करोड़ रुपये की राशि किसानों के बैंक खाते में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि लोगों की सिरसा स्थित चिल्ला साहिब गुरुद्वारे की जमीन को गुरुद्वारे के नाम करने की मांग को पूरा का दिया गया है, पिछले दिनों हुई कबिनेट की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया जा चुका है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, पूर्व राज्यपाल गणेशी लाल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर,उपायुक्त आर.के. सिंह, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, चेयरमैन वेद फुला, जिलाध्यक्ष भाजपा निताशा सिहाग, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चेयरमैन आदित्य देवीलाल, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह राही, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, रतनलाल बामणिया, जिला मीडिया प्रभारी अमित सोनी, शीशपाल कंबोज, सिकंदर खट्टर, प्रमोद कंबोज, मक्खन सिंह ख्योवाली, अमन चोपड़ा, वीरेंद्र तिन्ना, विजय वधवा, तरुण गुलाटी, भूपेश मेहता, गोविंद कांडा, हनुमान कुंड्डु, साबरमल गुर्जर सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खरीद सुचारू रहने पर जिला कलक्टर का अभिनंदन

» जिले के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

तेज | रिपोर्टर. हनुमानगढ़

जंक्शन की व्यापार मण्डल धर्मशाला में गुरुवार को जिला कलक्टर कानाराम ने जिले के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिले की धान मंडियों में गेहूं-सरसों की सरकारी खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न होने पर व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से जिला कलक्टर कानाराम का राजस्थानी साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि गेहूं-सरसों की सुचारू रूप से हुई खरीद में जिला कलक्टर का अच्छा सहयोग रहा। किसी भी तरह की समस्या आने पर जिला कलक्टर ने व्यापारियों, किसानों व अधिकारियों के साथ बैठक कर उसे दूर करवाया। इस दौरान किसान व व्यापारिक संगठनों की ओर से जिला कलक्टर को विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन भी सौंपे गए। इस दौरान धानका मजदूर यूनियन व तोला एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मंडी प्रांगण में सीजन के दौरान करीब 2000 से भी ज्यादा मजदूर काम करते हैं। उनके लिए विश्राम घर व महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है। दोनों सीजनों में कृषि जिन्सों की एमएसपी की दरों पर सरकारी खरीद पर मजदूरों को किसी प्रकार की मजदूरी नहीं मिलती है। अगर मिलती है तो कम दरों पर तीन-चार महीने के बाद ठेकेदारों की मनमानी के हिसाब से मिलती है। मंडी क्षेत्र में कार्य करते हुए मजदूर को किसी प्रकार की चोट या मृत्यु हो जाने पर कोई भी सहायता नहीं दी जाती। ज्ञापन में इन समस्याओं के समाधान के साथ एमएसपी की सरकारी खरीद मंडी प्रांगण में करने व मंडी के 60 साल से ऊपर के मजदूर (अनुज्ञापत्रधारी) को मंडी से सहायता दिलवाने की मांग की।

औद्योगिक इकाइयों को अनुदान राशि प्रदान करवाने की मांग

हनुमानगढ़। एग्रो प्रोसेसिंग नीति-2019 के अन्तर्गत पात्रता रखने वाली औद्योगिक इकाइयों को अनुदान राशि प्रदान करवाने की मांग के संबंध में हनुमानगढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन सचिव जयपाल जैन ने बताया कि राज्य सरकार की एग्रो प्रोसेसिंग नीति-2019 के अन्तर्गत नई इकाइयों का सृजन किया गया। चूंकि गत छह माह से राज्य में चुनाव आचार संहिता होने के कारण सरकार इसके लिए बजट राशि प्रदान नहीं कर सकी। अब अविलम्ब पात्रता रखने वाली इकाइयों को अनुदान राशि (कैपिटल एवं ब्याज सब्सिडी) प्रदान करवाई जाए। इसके लिए उप निदेशक कृषि विपणन बोर्ड हनुमानगढ़ से बकाया राशि के डाटा प्राप्त कर बजट के लिए अवगत करवाते हुए राहत के लिए राज्य सरकार को अनुशंसा भिजवाई जाए।

अतिरिक्त मंडी प्रांगण काटे जाने की मांग

» फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन संस्था ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन शहर में अतिरिक्त मंडी प्रांगण काटे जाने की मांग के संबंध में फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन संस्था पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरुवार को जिला कलक्टर कानाराम को ज्ञापन सौंपा। संस्था अध्यक्ष सन्तराम जिन्दल ने बताया कि हर वर्ष कृषि जिन्सों के बीज एवं उर्वरक की क्वालिटी में सुधार से पैदावार में वृद्धि हो रही है और निरंतर जारी है। हनुमानगढ़ टाउन मंडी यार्ड में किसानों की ओर से मंडी यार्ड की सभी सड़कों, कन्दोई धर्मशाला से राजकीय चिकित्सालय की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग सहित अन्य जगहों पर गेहूं की ढेरी कर दिए जाने से तथा नरमा-कपास के सीजन में ट्रॉली सड़कों पर लगाए जाने से नागरिकों को मंडी क्षेत्र से आवासीय क्षेत्र में आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बीमार रोगियों को अस्पताल आने-जाने में व्यवधान का सामना करना पड़ता है। मंडी यार्ड में व्यापारियों की ओर से नई दुकान खोले जाने के लिए भी स्थान का अभाव है। कुछ व्यापारियों ने दुकानें किराए पर ले रखी हैं। ऐसी स्थिति में अतिरिक्त मंडी प्रांगण काटे जाने से किराएदार व्यापारियों को रियायती दर पर अपनी स्वयं की दुकान उपलब्ध हो सकेगी। व्यापारियों को व्यापार के लिए स्थान, दुकान, पिड आदि की सुविधा मिल सकेगी। नरमा-कपास की बोली के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली को बाइपास सड़क तथा अन्य व्यापारियों की दुकानों, आवासीय क्षेत्रों में खड़ा नहीं करना पड़ेगा। सड़कों पर बारिश आदि के आने से धान, गेहूं, सरसों आदि के भीग जाने से प्रति वर्ष किसानों को होने वाला लाखो रुपयों का नुक्सान होने से बचेगा। इसके अलावा ज्ञापन में कारखानों-इंडस्ट्रीज को मिलने वाली सब्सिडी का भुगतान सरकार से करवाए जाने की मांग की गई।

विद्यालय प्रांगण में रोपे जाएंगे 1810 पौधे

सरपंच व जिला परिषद सदस्य ने की अभियान की शुरुआत

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बावरियांवाली ढाणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को सघन पौधारोपण महाअभियान की शुरुआत हुई। सरपंच बस्सो देवी, जिला परिषद सदस्य मनीष गोदारा, ललकार सिंह, प्रधानाचार्य बृजप्रकाश गोदारा ने पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य मनीष गोदारा ने कहा कि बढ़ते तापमान के मद्देनजर आवश्यक है कि सार्वजनिक स्थानों सहित अन्य जगहों पर पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से बारिश भी कम हो रही है। उन्होंने जिला कलक्टर का धन्यवाद किया जिन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत को करीब दो हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मानसून के दौरान दिया है। जितने अधिक पौधे लगेंगे गर्मी का प्रभाव भी उतना कम होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ग्राम पंचायत में प्रत्येक घर के आगे एक-एक पौधा लगाएं। सिर्फ पौधा लगाना ही नहीं उसे वृक्ष बनाने का भी संकल्प लेना होगा। प्रधानाचार्य बृजप्रकाश गोदारा ने बताया कि अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में मानसून के दौरान कुल 1810 पौधे लगाए जाएंगे। पहले दिन गुरुवार को 35 पौधे रोपे गए। पौधे लगाने के लिए गड्ढे किए गए हैं। आगामी तीन-चार दिन में शेष पौधे लगाने का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। ग्राम विकास अधिकारी मदन ने बताया कि ग्राम पंचायत को 1692 पौधे लगाने का लक्ष्य जिला प्रशासन की तरफ से मिला है। पौधे लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर रविशंकर शर्मा, अंग्रेज सिंह, अटल भाम्भू, जगदीश मीना, पटवारी ममता वर्मा, गिरदावर कमला सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

एक की करंट से तो दूसरे की कीटनाशक गटकने से मौत

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले के टिब्बी थाना क्षेत्र में अधेड़ उम्र के शख्स की करंट लगने से तो पल्लू थाना क्षेत्र में एक युवक की कीटनाशक दवा गटकने से मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं के संबंध में टिब्बी व पल्लू पुलिस थाना में मर्ग दर्ज की गई है। टिब्बी पुलिस थाना में दर्ज हुई मर्ग रिपोर्ट में संतासिंह (29) पुत्र वीरसिंह निवासी ढाणी ख्यालीरामवाली सूरेवाला ने बताया कि उसके पिता वीरसिंह (65) पुत्र हाकमसिंह को बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बिजली का करंट लग गया। झुलसी अवस्था में उसके पिता को टिब्बी सीएचसी ले जाया गया। इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। जांच थाना प्रभारी एसआई जगदीश पाण्डर कर रहे हैं। उधर, भादरराम पुत्र रामचन्द्र जाट निवासी झेदासर ने पल्लू पुलिस थाना में मर्ग दर्ज करवाते हुए बताया कि उसका भतीजा जगदीश (30) पुत्र लूणाराम जाट मंगलवार को खेत में खड़ी मूंगफली की फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गया था। दवा का छिड़काव करने के बाद अपराह्न करीब तीन बजे घर आए जगदीश ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसके भतीजे जगदीश की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा मृतक युवक का शव परिजनों को सौंप दिया। जांच एएसआई रायसिंह कर रहे हैं।

धान की सरकारी खरीद कच्चा आढ़तिया के माध्यम से करवाने की मांग

व्यापारियों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

सितम्बर माह से धान की सरकारी खरीद कच्चा आढ़तिया के माध्यम से करवाने एवं कच्चा आढ़तियों को 2.25 रुपए आढ़त दिलवाने सहित अन्य मांगों के संबंध में जंक्शन के व्यापार संघ, व्यापार मण्डल, फूडग्रेन व्यापार मण्डल व खाद्य व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मण्डल में पहुंचे जिला कलक्टर कानाराम को व्यापारियों ने बताया कि एफसीआई की ओर से की जाने वाली गेहूं की सरकारी खरीद पर पिछले चार वर्षों से 41.40 पैसे प्रति क्विंटल की दर से आढ़त दी जा रही है। इसका भुगतान 2.25 रुपए प्रति सैकड़ा की दर से करवाया जाए। गेहूं की फसल के समय जब मण्डी में गेहूं की सर्वाधिक आवक होती है उस समय माल के उठाव के दौरान खाद व गेहूं के रेलवे रैक लग जाने से उठाव में देरी व बाधा उत्पन्न होती है। इस कारण पिड़ों पर पड़ा माल भीग जाता है। खाद व गेहूं के रैक जंक्शन स्टेशन के स्थान पर दूसरे स्टेशन पर लगाए जाएं। व्यापारियों ने बताया कि गेहूं की सरकारी खरीद में एफसीआई की ओर से जो खाली बारदाना उपलब्ध करवाया जाता है, उसका निर्धारित वजन 580 ग्राम होता है। जूट बारदाना प्रायः गर्म मौसम में सुख जाने से वजन 450 ग्राम हो जाता है। इससे प्रति कट्टा 130 ग्राम गेहूं की कटौती आना सामान्य बात है। इससे व्यापारियों को बहुत बड़ा नुकसान होता है। इसे ध्यान में रखते हुए गेहूं के बारदाना का प्रमाप वास्तविक प्रमाप से ही करवाया जाए। इसके अलावा ज्ञापन में सरसों, मूंग, मूंगफली की सरकारी खरीद कच्चा आढ़तिया के माध्यम से करने एवं निर्धारित दर से आढ़त देने, किसानों की ओर से मंडी में लाई गई कृषि जिन्स की साफ-सफाई करने के लिए ऑटोमेटिक क्लीनिंग मशीन को कृषि उपकरण की श्रेणी में शामिल करने एवं कच्चा आढ़तिया को उक्त मशीन खरीदने के लिए अनुदान स्वीकृत करवाने, प्रतिदिन मण्डी प्लेटफार्म व पिड़ों पर यहां-वहां खड़े रहने वाले ट्रक एवं बड़े-बड़े ट्रेलर को मण्डी से बाहर खड़ा करवाने की व्यवस्था करवाने, मण्डी परिसर में नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था करवाने, मण्डी प्रांगण में 150 टन का धर्मकांटा लगवाने आदि की मांग की। इस मौके पर घनश्याम भादू, प्यारेलाल बंसल, राजकुमार हिसारिया, सन्तराम जिन्दल, सुमित रणवां, राजकुमार सोडा, राजेन्द्र गर्ग, सर्वजीत सिंह, भगवानाराम, मुकेश कुमार, रमेश डाबला, सतपाल दामड़ी, आत्मासिंह, रेशमसिंह मानुका, प्रेम बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

सोने-चांदी की दुकान पर झुमकी चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

चोरीशुदा झुमकी बरामद, वांछित एक अन्य महिला की तलाश जारी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भिरानी थाना पुलिस ने सोने-चांदी की दुकान पर झुमकी चोरी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला की निशानदेही पर चोरीशुदा झुमकी बरामद कर ली। भिरानी पुलिस थाना प्रभारी विक्रम चौहान ने बताया कि 29 जून को राजेश कुमार (40) पुत्र रामकुमार सुनार निवासी छानीबड़ी ने लिखित रिपोर्ट पेश की कि वह छानीबड़ी के मुख्य बाजार में सोना-चांदी के आभूषण बनाने की दुकान संचालित करता है। 29 जून को उसे 25 ग्राम की सोने की झुमकी गायब मिली। इस पर उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तो पता चला कि दुकान में 25 जून को आई दो महिलाएं सोने की झुमकी उठाकर चोरी-छिपे अपने साथ ले गईं। थाना प्रभारी चौहान ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल राजेन्द्र के सुपुर्द किया गया। जिले में बढ़ रही सम्पति सम्बन्धी वारदातों को ट्रेस आउट करने के क्रम में उक्त प्रकरण में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अज्ञात महिलाओं की तलाश के लिए थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। टीम ने अथक प्रयास के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अज्ञात महिलाओं की पहचान की। इसके बाद कार्रवाई करते हुए सरला (38) पत्नी उम्मेद बावरी निवासी गढवाली खेड़ा तहसील जुलाना जिला जिन्द हाल सोलू कॉलोनी, बाल विकास स्कूल के पास, जिला जिन्द हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। चोरीशुदा झुमकी बरामद कर आरोपी महिला सरला को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। थाना प्रभारी के अनुसार प्रकरण में वांछित दूसरी महिला बलजीत पत्नी अमित बावरी निवासी पुरगाव अलवर हाल जिन्द हरियाणा की तलाश जारी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सुनीता, सुरेश कुमार व विकास कुमार शामिल रहे।

रेल रोकने स्टेशन पहुंचे विधायक अभिमन्यु पूनिया, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नीट में गड़बड़ी के खिलाफ यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन



जयपुर. नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट(नीट) में गड़बड़ी के खिलाफ गुरुवार को राजस्थान में रेल रोको आंदोलन किया गया। जयपुर में यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विधायक पूनिया को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। वहीं, जोधपुर में प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। जयपुर में प्रदर्शन के कारण गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर और अंदर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात था। यूथ कांग्रेस के नेता सुबह 10.48 बजे गांधी नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंचे। पुलिस ने सभी को प्लेटफॉर्म पर ही रोक दिया। इसके बाद सभी वही धरने पर बैठ गए। इस दौरान अभिमन्यु पूनिया और पुलिस के बीच बहस हो गई। पुलिस अभिमन्यु पूनिया को जबरन उठाकर रेलवे स्टेशन से बाहर ले गई। युवा कांग्रेस का कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया। कांग्रेस नेता पुलिस को हिदायत दे रहे थे की विधायक के साथ पुलिस इस तरीके से बर्ताव नहीं कर सकती। करीब 11 बजे पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

शहर को नशा-अपराध मुक्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग

वार्ड पार्षदों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। जंक्शन व टाउन शहरी क्षेत्र को नशा एवं अपराध मुक्त करने के लिए प्रभावी व ठोस कदम उठाने की मांग वार्ड पार्षदों ने की है। इस संबंध में वार्ड पार्षदों ने गुरुवार को नगर परिषद सभापति सुमित रणवां के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को ज्ञापन सौंपा। वार्ड पार्षदों ने बताया कि जंक्शन व टाउन क्षेत्र में अवैध नशे की सरेआम खरीद-फरोख्त से स्थानीय युवक नशे के आदी हो रहे हैं। चिट्टे जैसा खतरनाक नशा करने से उन युवकों की अकाल मृत्यु हो रही है। नशे के कारण उत्पन्न होने वाले अपराधों में भी बढ़ोतरी हो रही है। इन दो सालों में गली-मोहल्ले में बिकने वाले चिट्टा के कारण 40 युवा अपनी जान गंवा चुके हैं। बावजूद इसके क्षेत्र में अवैध नशे की सरेआम बिक्री पर किसी प्रकार की रोक नहीं होने से पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। वार्ड पार्षदों ने एसपी से मां की कि स्थानीय युवकों के भविष्य के मद्देनजर हनुमानगढ़ को नशा एवं अपराध मुक्त करने के लिए पुलिस प्रशासन को प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया जाए। एसपी विकास सांगवान ने वार्ड पार्षदों को बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर बॉक्स लगाए जाएंगे। कोई भी व्यक्ति नशे के खिलाफ शिकायत या सुझाव लिखकर इस बॉक्स में डाल सकता है। सीओ लेवल के अधिकारी बॉक्स के जरिए प्राप्त होने वाली शिकायतों की जांच करेंगे। साथ ही एसपी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति उन्हें कॉल कर नशे की खरीद-फरोख्त की शिकायत कर सकता है। पुलिस की ओर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने एसपी को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी 60 वार्डों के पार्षद व नगर परिषद अधिकारी-कर्मचारी सहयोग करेंगे। इस मौके पर पार्षद लीलाधर पारीक, प्रमिला सोनी, सुरेन्द्र गोंद, कुरेशा, मुखत्यार अली, अब्दुल हाफिज, संजय कुमार, सिंगाराम, प्रदीप कुमार, अशोक गौरी, नारायण नायक, निरंजन नायक, मुकेश भार्गव, भूपेन्द्र नेहरा, रमेश कण्डा, जगदीप सिंह, विमल पारीक, सागर गुर्जर, ओम सोनी, राधेश्याम गोदारा आदि मौजूद थे।

संगरिया में नीति आयोग का सम्पूर्णता अभियान आज

तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़। नीति आयोग के चयनित छः संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जिले में सम्पूर्णता अभियान चलाया जाएगा। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में अभियान की शुरूआत 5 जुलाई गुरुवार सुबह 10.30 बजे उपखंड संगरिया के ताज मैरिज हॉल से होगी। इसमें जनप्रनिधि, जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिभागी सदस्य उपस्थित होंगे। यहां चयनित छः संकेतको पर संबंधित विभाग प्रस्तुतीकरण देंगे। इनमें स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, शिक्षा एवं सामाजिक विकास सम्मिलित है। साथ ही विद्यार्थी लघु नाटक भी खेलेंगे। यह अभियान 30 सितंबर 2024 तक चलेगा।

आंखों के सामने मिट्टी में मिली मेहनत

खजूर के पत्तों से निर्मित झाड़ू में लगी आग

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले से रोजगार करने हनुमानगढ़ आए घुमन्तु परिवार के रोजी-रोटी के सारे अरमान उस वक्त जलकर खाक हो गए, जब उनकी मेहनत से बनाई हुई खजूर की झाड़ू में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे उनकी मेहनत जलकर मिट्टी में मिल गई। अब इस परिवार के पास वापस जाने तक का किराया नहीं बचा है। वे सरकार और प्रशासन से रो-रो कर गुहार लगा रहे हैं कि उनकी मदद की जाए और मुआवजा दिया जाए। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले राजस्थान के भीलवाड़ा जिले से रोजगार करने घुमन्तु परिवार 555 किलोमीटर दूर हनुमानगढ़ टाउन आया हुआ है। यह परिवार खजूर के पेड़ के पत्तों से झाड़ू बनाकर बेचने का काम करता है। जब पूरा परिवार दिन भर की मेहनत के बाद बुधवार देर शाम को झोंपड़ी में खाना बना रहा था तो अचानक झाड़ूओं में आग लग गई। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी या किसी ने जान-बूझकर लगाई इसका तो पता नहीं चल सका लेकिन आग लगने से कुछ ही मिनट में झाड़ू राख में तब्दील हो गई। मेहनत मिट्टी में मिलते देखकर पूरे परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उधर, आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर टाउन थाना से पुलिस कर्मी और फायर ब्रिगेड पहुंची। फायर ब्रिगेड की मदद से पानी की बौछारें डालकर आग पर काबू पाया गया। परिवार के सदस्यों का कहना था कि अब उनके पास न खाने के लिए न वापस घर जाने के लिए रुपए हैं। उन्होंने कहा कि ये कहां से संकट आया उनकी रोटी के भी लाले पड़ गए। घुमन्तु परिवार की नारायणी ने बताया कि वे पहली बार हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर झाड़ू बेचने के लिए आए थे। उन्हें क्या पता था कि उनके पूरे रोजगार को ही आग लग जाएगी। नारायणी ने जिला प्रशासन से मांग की कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन मिलकर उनकी मदद करे ताकि वह अपने गन्तव्य स्थान तक पहुंचें और उनके नुकसान की भरपाई हो सके।

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442